रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 03, संवत 2081 | रांची, रविवार, 09 जून 2024, वर्ष-25, अंक-127, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com






सेंसेक्स
76,693.36 ↑ +1,618.85

डॉलर
83.525 ↑ +0.059

रांची सर्राफा
10 ग्राम 72,560
01 किलो 99,990

1. मोदी से मिले अमित शाह और जेपी नड्डा, साझा की वार्ता की जानकारी

2. देर रात या रविवार सुबह संभावित मंत्रियों को सूचित किया जाएगा

3. प्रधानमंत्री आज शाम सवा सात बजे लेंगे पद और गोपनीयता की शपथ

4. प्रधानमंत्री के साथ कई और मंत्रियों के भी शपथ लेने की है संभावना

# सरकार गठन को लेकर पूरी हुई सभी चर्चाएं

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** एनडीए संसदीय दल के नेता के तौर पर नरेंद्र मोदी रविवार को शाम 7:15 बजे राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नरेंद्र मोदी को पीएम पद की शपथ दिलाएंगी। उनके साथ ही उनके कई मंत्रियों के भी पद और गोपनीयता की शपथ लेने की संभावना है। बताया जा रहा है कि सरकार गठन के स्वरूप और मंत्रिमंडल गठन को लेकर फिलहाल चर्चा पूरी हो गई है। पिछले दो दिनों में एनडीए में शामिल सहयोगी दलों के नेताओं के साथ-साथ अपनी पार्टी के अंदर ही नेताओं से विचार-विमर्श करने के बाद भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और अमित शाह ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें सारी जानकारियों से अवगत करा दिया है।

यह माना जा रहा है कि जेपी नड्डा और अमित शाह ने प्रधानमंत्री को सहयोगी दलों के नेताओं की भावनाओं के साथ-साथ भाजपा से जुड़े तमाम समीकरणों की भी जानकारी से अवगत कराया होगा।


जेपी नड्डा और अमित शाह ने पीएम को सहयोगी दलों के नेताओं की भावनाओं के साथ भाजपा से जुड़े तमाम समीकरणों की भी जानकारी दी।

मंत्रिमंडल का गठन करना प्रधानमंत्री का विशेषाधिकार होता है इसलिए इस बारे में तमाम पक्षों, सहयोगी दलों और अपनी पार्टी की राय जानने के बाद अंतिम फैसला नरेंद्र मोदी ही करेंगे। यह बताया जा रहा है कि कैबिनेट के सहयोगियों के नामों को लेकर नरेंद्र मोदी द्वारा अंतिम फैसला करने के बाद प्रोटोकॉल के तहत आज देर रात तक या फिर रविवार को सुबह उन तमाम सांसदों को फोन कर सूचित किया जाएगा जिनका नाम रविवार शाम को 7:15 बजे प्रधानमंत्री के साथ मंत्री के रूप में शपथ लेने के लिए फाइनल हुआ है। आपको बता दें कि पीएम आवास जाकर नरेंद्र मोदी को सारी रिपोर्ट देने से पहले शनिवार को ही भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह के आवास पर शाह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की एक महत्वपूर्ण बैठक भी हुई थी। इससे एक दिन पहले शुक्रवार को जेपी नड्डा के आवास पर भी कई राउंड की मैराथन बैठक हुई थी। शुक्रवार की मैराथन बैठक में जेपी नड्डा, अमित शाह और राजनाथ सिंह ने एनडीए के सहयोगी दलों के नेताओं के साथ अलग-अलग बैठक कर मंत्रिमंडल के गठन को लेकर विचार-विमर्श किया था।



## शपथ ग्रहण के लिए सुरक्षा का अभूतपूर्व इंतजाम

**नई दिल्ली ।** दिल्ली पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह के मद्देनजर सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम करने शुरू कर दिए हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रविवार व सोमवार ( 09 और 10 जून) के लिए 'उड़ान निषिद्ध क्षेत्र' घोषित कर निषेधाज्ञा लागू की गई है। दिल्ली के पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने इस आशय का आदेश शुक्रवार को जारी किया। मोदी प्रधानमंत्री के रूप में तीसरे कार्यकाल के लिए रविवार शाम 7:15 बजे शपथ ग्रहण करेंगे। इस मौके पर मंत्रिपरिषद के कुछ सदस्यों को भी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी।

बताया गया है कि शपथ ग्रहण समारोह के मद्देनजर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। राष्ट्रपति भवन की सुरक्षा के लिए अर्धसैनिक बलों की पांच कंपनी, राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी) कमांडो, ड्रोन और स्नाइपर (अचूक निशानची) को तैनात किया जाएगा।

### दक्षेस के आमंत्रित हस्तियों की सुरक्षा को लेकर राजधानी में हाई अलर्ट

अधिकारियों के अनुसार, शपथ ग्रहण समारोह में दक्षेस (दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन) के सदस्य देशों की गणमान्य हस्तियों को आमंत्रित किए जाने के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी हाई अलर्ट पर रहेगी। पुलिस आयुक्त अरोड़ा ने आदेश में कहा है, "ऐसा बताया गया है कि भारत के प्रति शत्रुता रखने वाले कुछ आपराधिक, असामाजिक तत्व या आतंकवादी आम जनता, गणमान्य व्यक्तियों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं। इस बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे शपथ ग्रहण समारोह में बांग्लादेश, श्रीलंका शेष पेज 11 पर

## एक नजर

### डेनमार्क की पीएम पर हमले की पीएम मोदी ने की निंदा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन पर हुए हमले की निंदा की है। पीएम मोदी का कहना है वह प्रधानमंत्री पर हुए हमले की खबर से बहुत चिंतित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन पर हमले की खबर सुनकर मैं बहुत चिंतित हूं। हम हमले की निंदा करते हैं। मैं अपनी मित्र के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं। रिपोर्ट के अनुसार, डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन पर कोपेनहेगन की सड़क पर हमला हुआ। हमले में प्रधानमंत्री को मामूली चोट आई थीं, लेकिन वह सुरक्षित हैं और सदमे में हैं। दुनिया के कई टॉप नेताओं ने भी डेनमार्क की प्रधानमंत्री पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है।

### दो दिनों में दिल्ली के हर इलाके में हो जाएगी पानी की कमी : आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा सरकार पर आरोप लगाया है कि वह दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं छोड़ रहा है। इसकी वजह से आने वाले दो दिनों में दिल्ली के हर इलाके में पानी की कमी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि जो करार हरियाणा से दिल्ली के लिए पानी छोड़ने का हुआ था, उससे काफी कम पानी हरियाणा छोड़ रहा है। दिल्ली घरेलू इस्तेमाल और पीने के पानी के लिए यमुना नदी पर निर्भर है। यह पानी दिल्ली के 7 वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से आता है। दिल्ली और हरियाणा के बीच हुए जल समझौते के अनुसार हरियाणा को हर रोज 1050 क्यूसेक पानी छोड़ना होता है। गर्मियों में यह 990 क्यूसेक तक हो जाता है।

### आज | कल




*दो प्लेसमेंट एजेंसियों से झारखंड के छह बच्चे मिले, इनमें गुमला और सिमडेगा से 3-3 बच्चे | बच्चे पश्चिम बंगाल, ओडिशा, असम, उत्तर प्रदेश बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ के रहने वाले*

# ट्रैफिकिंग की शिकार 14 लड़कियों सहित 21 को कराया गया मुक्त

**21** में से 5 को राजौरी गार्डेन, 3 को निहाल विहार और 13 को शकरपुर से मुक्त कराया

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** दिल्ली के दो प्लेसमेंट एजेंसियों पर छापे की कार्रवाई में 14 लड़कियों सहित 21 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। इनमें झारखंड के कुल छह बच्चें शामिल हैं। गुमला से तीन तथा सिमडेगा से तीन बच्चें है। बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से मिली एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए इस संयुक्त टीम ने पश्चिमी दिल्ली और उत्तर पश्चिमी दिल्ली जिलों में 10 ठिकानों पर छापे मारे। इस दौरान 8 से 17 वर्ष के बीच के कुल 21 बच्चों को मुक्त कराया गया, जिन्हें पढ़ाई और बेहतर जीवन का झांसा देकर यहां लाया गया था। छापामार टीमों ने पाया कि इन बच्चों को बेहद दयनीय हालत में रखा गया था।

छापे के दौरान 10.5 लाख रुपये की नकदी और सोने के आभूषणों की बरामदगी के साथ ही ऐसे हजारों और बच्चों के बारे में दस्तावेजी जानकारी मिली। इन 21 बच्चों में से 5 को राजौरी गार्डेन, 3 को निहाल विहार और 13 बच्चों को शकरपुर से मुक्त कराया गया। छापेमारी टीम को खास तौर से शकरपुर में छापे के दौरान काफी विरोध का सामना करना पड़ा। वहां मुख्य गेट को बंद कर दिया गया था और चार घंटे बाद दिल्ली के उपराज्यपाल से विशेष अनुमति मिलने के बाद इसे खोला जा सका। छापामार टीम अंदर दाखिल हुई तो पाया कि बच्चे बेहद डरे हुए थे। भूखे और नींद की कमी से जूझ रहे इन बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। ये बच्चे पश्चिम बंगाल, ओडिशा, असम, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे देश के विभिन्न राज्यों के थे। बचपन बचाओ आंदोलन ने एनसीपीसीआर को दी गई शिकायत में यह मुद्दा उठाया था कि बाल तस्कर (ट्रैफिकर) प्लेसमेंट एजेंसी होने का नाटक कर नौकरी दिलाने का झांसा देकर गरीब और असहाय परिवारों के बच्चों को लाते हैं।



### दो दिनों बाद बच्चे पहुंचेंगे रांची

प्लेसमेंट एजेंसियों पर हुई छापेमारी में गुमला तथा सिमडेगा से छह बच्चे हैं। गुमला सिमडेगा के सी डब्लू सी से का दिल्ली सी डब्लू सी से बातचीत के बाद पता चला कि अगले दो दिनों में रेलवे टिकट कंफर्मेशन के बाद सभी बच्चों को रांची लाया जाएगा। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग झारखंड के सदस्य उज्जवल तिवारी ने कहा कि बच्चों को सी डब्लू सी में लाया जाएगा उसके बाद उन्हें बाल सुधार होम्स में रखा जाएगा जहां पर उनके वास्तविक परिजनों से उनकी बातचीत कराई जाएगी।

# कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष चुनी गईं सोनिया

*सर्वसम्मति से लिए इस निर्णय को मानते हुए सोनिया गांधी ने पद को स्वीकार कर लिया है*

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी कार्यसमिति की बैठक के बाद शनिवार की शाम सेंट्रल हॉल में संसदीय दल की बैठक में सोनिया गांधी को दल की नेता बनाने का प्रस्ताव पेश किया गया। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत पार्टी के अन्य नेता मौजूद रहे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस संसदीय दल के अध्यक्ष पद के लिए सोनिया गांधी के नाम का प्रस्ताव रखा। सोनिया गांधी का संसदीय दल के अध्यक्ष पद के इस प्रस्ताव का पार्टी के सांसद गौरव गोगोई, तारिक अनवर और के. सुधाकरन ने समर्थन किया। सेंट्रल हॉल के बाहर पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि सोनिया गांधी जी को सर्वसम्मति से कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) का अध्यक्ष चुना गया है। कांग्रेस नेता राजीव शुक्ला ने कहा कि सर्वसम्मिति से लिए इस निर्णय को मानते हुए सोनिया गांधी जी ने पद को स्वीकार कर लिया है। सोनिया गांधी के पुनः कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष चुने जाने पर कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा कि हमारे लिए एक भावुक पल था जब हमने दोबारा सोनिया गांधी का कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष पद के लिए समर्थन किया।



### राहुल गांधी को विपक्ष का नेता बनाए जाने का प्रस्ताव पारित

कांग्रेस कार्यसमिति की शनिवार को दिल्ली के अशोका होटल में हुई बैठक में सर्वसम्मति से राहुल गांधी को विपक्ष का नेता बनाए जाने का प्रस्ताव पारित किया है। हांलाकि बताया यह भी जा रहा है कि फिलहाल राहुल ने नेता प्रतिपक्ष का पद स्वीकारने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा है कि उन्हें अभी इस बारे में विचार करने के लिए समय चाहिए। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस को पिछले तीन लोकसभा चुनावों के बाद पहली बार बेहतर स्थिति में है। वह 99 सदस्यों के साथ संसद में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। शेष पेज 11 पर

### गांजा बेचने वाला युवक पकड़ा गया

**रांची।** सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में से पुलिस ने बिहार निवासी राकेश कुमार उर्फ चूहा को 27 पुड़िया गांजा के साथ पकड़ा है। वह इा क्षेत्र के कई दुकानदारों को गांजा पहुंचने का काम करता था। पूछताछ में राकेश ने बताया कि उसके कई ग्राहक उसे फोन पर उनके अड्डे तक गंज पहुंचाने को कहते थे। वह थोक में गांजा खरीद कर उसका छोटा-छोटा पुड़िया बनाकर लोगों तक पहुंचा देता था। राकेश ने बताया वह इस काम में काफी दिनों से सक्रिय है, इस काम में थोक से ज्यादा मार्जिन खुदरा बेचने में है।

# जेल में सीएम चंपाई सोरेन और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की मुलाकात

*बताया जा रहा है कि दोनों के बीच वर्तमान परिस्थितियों के साथ आगे की रणनीति पर चर्चा हुई है।*

ब्यूरो रिपोर्ट

**रांची ।** लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद की पहली बार झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शनिवार को रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में हेमंत सोरेन से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच वर्तमान परिस्थितियों के साथ आगे की रणनीति पर चर्चा हुई है। जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने हेमंत को लोकसभा चुनाव की प्रतिक्रियाओं के बारे में पूरी जानकारी दी। इसके पहले अंतिम चरण के मतगणना और चुनाव परिणाम से पहले 31 मई की सुबह भी चंपाई सोरेन ने होटवार जेल में हेमंत सोरेन से मुलाकात की थी। जानकार सूत्रों का मानना है कि हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा के उप चुनाव में जीतने के बाद पार्टी या सरकार में महत्पूर्ण पद देने को लेकर भी दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई है। लोकसभा चुनाव में कल्पना ने जिस तरह पार्टी की कमान संभाली है, उसकी हर तरफ तारीफ हो रही है।



## इंडिया




सुनील बादल

*चुनाव जीतने के लिए देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनाम करने वाले ये नेता अभी चुप हैं क्योंकि यदि चुनाव आयोग की विश्वसनीयता नहीं थी तो उन्हें 232 सीटें कैसे मिलीं?*

# संविधान और न्यायालय को खतरे में बताने की घातक राजनीति

चुनाव समाप्त हुए अभी कुछ ही दिन बीते हैं और अभी भी संविधान खतरे में है, नरेंद्र मोदी फिर सत्ता में आए तो यह अंतिम चुनाव होगा,इवीएम को हैक किया जाएगा,गृह मंत्री अमित शाह ने 150 डीएम को धमकी देकर जिताने को कहा, आरक्षण समाप्त कर दिया जाएगा, चुनाव आयोग सरकार के प्रभाव में है और न्यायालय तक को मैनेज किया गया है जैसे बयान लोगों के जहन में गूंज रहे हैं । अपने आरोपों को भूल वे वरिष्ठ नेता गए जो भ्रम फैलाकर पूरी दुनिया में भारत को बदनाम करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे थे। चुनाव जीतने के लिए देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनाम करने वाले ये नेता अभी चुप हैं क्योंकि यदि चुनाव आयोग की विश्वसनीयता नहीं थी तो उन्हें 232 सीटें कैसे मिलीं? भाजपा अपने सबसे भरोसेमंद गढ़ यूपी जहां उन्होंने इतने काम किए हार कैसे गई ? इनका जवाब पब्लिक इनसें मांगती । मोदी जी आज सरकार बनाने जा रहे हैं और ऐसा कोई कारण नहीं कि संविधान खतरे में हो या आरक्षण समाप्त किया जाए या अंतिम चुनाव हो उल्टे कंगना राणावत पर चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर हमला करने वाली सीआइएसएफ की महिला कांस्टेबल को सही ठहराने की मुहिम को खुले आम समर्थन देकर कई नेताओं ने देश की संवैधानिक व्यवस्था को जरुर ध्वस्त करने का प्रयास किया है क्योंकि पुलिस या सेना जैसे अनुशासित संगठन की सुरक्षाकर्मी यदि अपनी राजनीतिक पसंद नापसंद के आधार पर यदि सांसद को



थप्पड़ मारे और उसे उचित ठहराए लोग उसे शेरनी कहें तो संविधान की रक्षा कैसे होगी और कौन करेगा ? विश्व की सुरक्षा व्यवस्था मोटे तौर पर पुलिस,अर्द्धसैनिक बल और सेना के अनुशासन पर टिकी है और उसका अनुशासन टूट जाए तो पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो जाएगी जैसे पड़ोसी पाकिस्तान या अफगानिस्तान में कमोबेश में हो रही है । पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की हत्या और राजीव गांधी के श्रीलंका दौरे पर वहां के सुरक्षाकर्मी के हमले के बाद लिट्टे समर्थकों द्वारा हत्या में ऐसी ही विचारधारा काम कर रही थी । क्या कांस्टेबल कुलविंदर को शेरनी बताने वालों को यह नैतिक अधिकार है कि वे दो प्रधानमंत्रियों पर हुए हमले को कुनबे के सम्मान की रक्षा बता सकें ? यदि कहें भी तो क्या व्यक्तिगत विचारधारा के प्रभाव में वर्दी पहनकर मनमाने फैसले लेना उस देश के हित में है । भ्रामक और जहरीले बयान देकर वोट लेने की राजनीति का ही परिणाम है कि कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने नवनिर्वाचित मोदी सरकार को बधाई तो दी है साथ ही मुफ्त की सलाह भी दी है कि आशा है कानून के हिसाब से देश चलेगा ।क्या भारत में कानून का राज नहीं या चुनाव निष्पक्ष नहीं संवैधानिक संस्थाएं निष्पक्ष नहीं ? फिर विपक्ष इतनी सीटें ले कैसे आया ? भाजपा उम्मीद से कम और स्वयं बहुमत से पीछे कैसे रह गई ?कहा जाता है की प्यार और युद्ध में सब जायज है पर राजनीति न तो कहीं से युद्ध है और न प्यार।

आज की हमारी कही हुई बातें कब हमारे गले की फांस बन जाए कहा नहीं जा सकता वो भी सोशल मीडिया के जमाने में। राजनीति राष्ट्रधर्म से जुड़ी हो जिसमें देश की भलाई छिपी हो न कि व्यक्तिगत जीत के लिए देश की छवि को धूमिल किया जाए ।क्योंकि सत्ता बदलती रहती है और सत्ता संभालने के बाद अपने जहरीले बयानों पर शर्मिंदा होने की नौबत न आ जाए । इवीएम में जब जीत जाएं तो गड़बड़ी नहीं और हार जाएं तो गड़बड़ी । चुनाव आयोग पर प्रश्न उठाने वाले चुनाव आयुक्त को मुख्यमंत्री बनाने के मुद्दे पर बगलें झांकते नजर आएंगे ।राज्य सरकारों को बर्खास्त करने संबंधी अनुच्छेद 356 शामिल किया गया तो उसका विरोध हुआ। आंबेडकर जी ने इस अपेक्षा से इस अनुच्छेद को संविधान का हिस्सा बनाया कि इसके इस्तेमाल की नौबत कम ही आएगी, लेकिन नेहरू से लेकर नरसिंह राव के समय 356 का मनमाना इस्तेमाल हुआ। पिछले वर्ष फरवरी में प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में बताया था कि कांग्रेस की सरकारों ने करीब 90 बार 356 का इस्तेमाल कर राज्य सरकारों को गिराया। इंदिरा गांधी ने तो लगभग 50 बार 356 का इस्तेमाल किया। यह भी किसी से छिपा नहीं कि आपातकाल के दौरान किस तरह संविधान की प्रस्तावना में सेक्युलर और समाजवाद शब्द जोड़े गए।कांग्रेस संविधान खत्म होने का शोर लगातार मचा रही है, इसलिए बीते दिनों प्रधानमंत्री ने यहां तक कह दिया कि यदि आंबेडकर जी आ जाएं तो वह भी संविधान नहीं खत्म कर सकते। मोदी जब पहली बार प्रधानमंत्री बने थे तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि उनके लिए सबसे पवित्र किताब संविधान है और देश इससे ही चलेगा। उन्होंने अपने संसद के केंद्रीय कक्ष में संविधान की प्रति का नमन करके उसके प्रति अपनी निष्ठा फिर प्रकट की। यदि मोदी देश को विकसित राष्ट्र बनाने और अपने तीसरे कार्यकाल में बड़े बदलावों की बात कर रहे हैं तो क्या इसके आधार पर यह कहा जा सकता है कि वह संविधान और लोकतंत्र खत्म करने की तैयारी कर रहे हैं?

# मैक्लुस्कीगंज आगजनी मामले में पांच गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के मैक्लुस्कीगंज में एसआइपीएल की साइट पर हमला कर कंटेनर में आग लगाने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें रवि मुंडा, महेश उरांव, रूपेश पाहन, दिनेश उरांव और अनीश केरकेट्टा हैं। इनके पास से पुलिस ने एक पिस्टल, एक देसी कट्टा, छह राउंड गोली समेत अन्य सामान बरामद किया है। एसएसपी चंदन सिन्हा ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन आरोपितों ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि ठेकेदार से दो लाख की रंगदारी की मांग की गई थी। ठेकेदार द्वारा बीस हजार रंगदारी देने की बात तय हुई थी। हालांकि वह भी पैसा इन्हें नहीं दिया गया, इसलिए आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया। इस घटना में कई अन्य अपराधी शामिल हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के दुल्ली स्थित करम कोचा में बीएसएनएल के लिए ऑप्टिकल फाइबर बिछाने वाली कंपनी एसआइपीएल की साइट पर 28 मई देर रात हथियारबंद आरोपितों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की और एक कंटेनर में आग लगा दी थी। इस दौरान डर से कंटेनर में छुपा मजदूर जिंदा जल गया।उसकी पहचान बिहार के औरंगाबाद जिले के मदनपुर स्थित छल्लीदोहर गांव निवासी संजय भुइयां (25) के रूप में हुई थी। आगजनी में कंटेनर के अंदर रखी एचडीडी मशीन, डीजी ट्रैकर सहित करोड़ों रुपये के अन्य सामान जल गये थे। घटना के बाद आग लगाने वाले वहां से नारेबाजी करते हुए चले गये।




# जल संकट को लेकर राष्ट्रीय युवा शक्ति का मार्च

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी में शनिवार को राष्ट्रीय युवा शक्ति ने जल संकट को लेकर मार्च निकाला. इसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए. जयपाल सिंह मुंडा मैदान से मार्च करते हुए अलबर्ट एक्का चौक पहुंचे. जहां लोगों ने सांसद और विधायक पर जमकर हल्ला बोला. इस दौरान राष्ट्रीय युवा शक्ति के राष्टीय अध्यक्ष उत्तम यादव ने कहा कि आज राजधानी में भीषण गर्मी पड़ रही है. शहर के अधिकांश कुआं व तालाब सूख गया है. तालाब औ? बोरिंग बचाने के लिए नगर निगम कोई प्रयास नहीं कर रहा है. राजधानी के कई वार्ड ऐसे हैं, जहा पर नगर निगम का पानी टैंकर नहीं पहुंच रहा है. सप्लाई पानी के लिए राजधानी में कई स्थानों पर टंकी लगाया गया है. लेकिन लोगों के घरो में पानी नहीं पहुंचा है।

# खलारी सीओ पर हमला, 8 नामजद सहित 17 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** शुक्रवार रात अंचल अधिकारी खलारी प्रणव अम्बष्ट पर बालू माफियाओं द्वारा हमला किए किए जाने को लेकर 8 नामजद सहित 17 अज्ञात लोगों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मालूम हो कि खलारी सीओ राय के निकट बालू लदे बिना नंबर के एक ट्रैक्टर को पकड़कर खलारी थाना लेकर आ रहे थे। इसी दौरान रात करीब सवा नौ बजे ट्रैक्टर मालिक धनंजय महतो सहित 20-25 असामाजिक तत्व सीओ की गाड़ी पर हमला करते हुए पत्थबाजी करने लगे। इसका फायदा उठाते हुए पकड़े गए ट्रैक्टर का चालक सड़क पर ही बालू गिराकर ट्रैक्टर लेकर भाग गया। इनलोगों ने सीओ को उनके आवास तक पीछा किया। इस दौरान युवकों ने काफी हंगामा किया। गाली गलौज करते हुए जान से मारने की भी धमकी दी और पूर्व में पकड़े गए ट्रैक्टर को छोड़ने हेतु दबाव बनाने लगे। बाद में सूचना मिलने पर पुलिस के पहुंचने पर ये लोग भागे। भागने के क्रम में पांच मोटरसाइकिल छोड़ दिए जिसे जब्त कर खलारी थाना ले आया गया। नामजद आरोपियों में धनंजय महतो (बमने), राजेन्द्र प्रसाद (जेहलीटांड़), ओमप्रकाष यादव (महावीरनगर), विजय यादव (होयर बस्ती), बसंत यादव (महावीरनगर), गौतम यादव (मुंडा धौड़ा), महफूज अंसारी (हुटाप), भैरव यादव (महावीरनगर) का नाम शामिल हैं।

# शोध को आगे बढ़ाना होगा : वीसी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गॉस्सनर कॉलेज में 9वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में रांची यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ अजित कुमार सिन्हा शामिल हुए। वीसी ने कहा कि शोध को पीएचडी तक सीमित नहीं रखनी चाहिए। इसे आगे बढ़ाना होगा। एक विषय को गहराई तक जानने की आवश्यकता है। डॉ प्रसन्नजीत मुखर्जी ने कहा कि प्रत्येक विषय पर बारीकि से रिसर्च करने की जरूरत है। डॉ आस्था किरण ने सेमिनार में शोध को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ। सुषमा केरकेट्टा एवं प्रो अमोस प्रशांत टोपनो ने किया। वहीं गॉस्सनर कॉलेज की प्राचार्या इलानी पूर्ति ने अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर बिहार के डॉ सत्येंद्र कुमार, डॉ जनार्दन, डॉ रंजीत रंजन, डॉ आनंद ठाकुर, सऊदी अरब से सबिहा परवीन, अमेरिका से राहुल रंजन एवं अन्य ने अपना शोध प्रस्तुत किया। वहीं डॉ। एपीवी खलखो को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड और डॉ। अर्पिता चक्रवर्ती, डॉ। जीपी मूर्ति और डॉ मौमिता चक्रवर्ती को साइंटिस्ट ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया। डॉ। एचजी रविशंकर को एमिनेंट साइंटिस्ट अवार्ड और डॉ। पुष्पालता हंस्दक, डॉ तनवीर, डॉ आनंद कुमार ठाकुर, डॉ राजेश, डॉ राव्या को सीनियर साइंटिस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। वहीं डॉ। प्रसन्नजीत मुखर्जी कॉन्फ्रेंस मैन ऑफ झारखंड अवार्ड से नवाजे गये। मौके पर देश-विदेश से आए सैकड़ों प्रतिनिधि, साइंटिस्ट, शिक्षक, शोद्यार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

# राज्य में 15 जून तक प्रवेश कर सकता है मानसून

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अनुमान के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में इस साल वर्षा बेहतर होगी। इस वर्ष बारिश 1200 मिमी से ज्यादा हो सकती है। इस वर्ष मानसून पिछले वर्ष की तुलना में तीन दिन पहले झारखंड में प्रवेश कर सकता है। मानसून संथाल परगना के रास्ते राज्य में 15 जून तक प्रवेश करेगा। 9 एवं 10 जून से राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में प्री-मॉनसून बारिश होने का अनुमान है। मौसम केंद्र के पूवानुर्मान की मानें तो मानसून केरल में प्रवेश कर पूर्वोत्तर भारत की ओर लगातार बढ़ रहा है। बताया गया कि बंगाल की खाड़ी के रास्ते मानसून केरल होते हुए देश के तटीय क्षेत्रों में प्रवेश करता है। झारखंड में मॉनसून के 15 जून तक पहुंचने की उम्मीद है। समय पर मॉनसून के प्रवेश से खेती-किसानी को भी बल मिलेगा। कृषि विज्ञानियों ने किसानों को अपनी खेत तैयार करने की सलाह दी है। इधर, अनुमान के अनुसार, 9, 10, 11 और 12 जून को राज्य के निकटवर्ती मध्य भाग रांची, रामगढ़, हजारीबाग, स्थिति देखने को मिल सकती है।

# लोक अदालत में दो मामलों का निष्पादन पीड़ितों को 11.25 लाख का भुगतान




**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश के आलोक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, खूंटी रषिकेश कुमार के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी द्वारा शनिवार को एमएसीटी (मोटर दुर्घटना दावा ट्रिब्यूनल) संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर में किया गया। संजय कुमार, जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम, आरके मिश्रा जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय, प्राची मिश्रा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय की गठित एकल बैंच द्वारा मामलों की सुनवाई की गयी। विशेष लोक अदालत में सात लंबित मामलों को प्रस्तुत किया गया। उक्त मामलों में से दो मामलों का निष्पादन किया गया। साथ ही 11,25,000 रुपये की राशि प्रतिकार के रुप में पीड़ितों को दिलाई गई। यह जानकारी प्राधिकार के सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने दी।

## कानून तो बना, पर झारखंड के 11 हजार गांवों को नहीं मिले अधिकार

**रांची।** झारखंड में केंदू पत्ता संग्रहण में लगभग एक लाख परिवार लगे हैं, जिन्हें साल भर में 20 से 30 दिन तक का रोजगार मिलता है। राज्य सरकार ने केंदू पत्ता संग्रहण को लेकर 2015 में नीति बनायी थी। सरकार ने केंदू पत्ता संग्रहण को बढ़ावा देने की जिम्मेवारी झारखंड राज्य वन विकास निगम लिमिटेड को सौंपी है। केंदू पत्ता सबसे अधिक रांची, गढ़वा, पलामू के अलावा धालभूमगढ़ में होता है। पलामू में सिर्फ पलामू व्याघ्र परियोजना (पीटीआर) के अंदर केंदू पत्ता संग्रहण पर रोक है।

# डिग्री कॉलेजों में बंद न हो इंटर की पढ़ाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** खूंटी झारखंड विकास मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष और समाज सेवी दिलीप मिश्रा ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव को पत्र लिखकर खूंटी जिला सहित राज्य के अन्य जिलों के आदिवासी और आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं का नामांकन प्लस टू स्कूल तथा पूर्व की तरह डिग्री कॉलेज में करने की मांग की है। पत्र में दिलीप मिश्रा ने कहा कि वर्तमान में प्लस टू स्कूल की पढ़ाई में छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी हो रही है। डिग्री कॉलेज में इंटर की पढ़ाई इस सत्र से बंद कर दी गई है। अधिकतम छात्र-छात्राएं जैक बोर्ड द्वारा ही उत्तीर्ण हुए हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय विद्यालयों में प्लस टू की पढ़ाई सभी जगहों पर नहीं होती है। साथ ही उन विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं और शिक्षकों की भी कमी है। मिश्रा ने झारखंड राज्य के छात्राओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखकर प्लस टू स्कूलों की संख्या तथा सीट बढ़ाने तथा डिग्री कॉलेजों में पूर्व की तरह इंटर की पढ़ाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

# उन्नत किस्म के धान बीज का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** तोरपा महिला कृषि बागवानी स्वावलंबी सहकारी समिति और जिला कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को तोरपा प्रखंड के दियांकेल स्थित तोरपा को ऑपरेटिव से जुड़े करीब एक सौ किसानों के बीच धान बीज का वितरण किया गया। बीज विनियम वितरण योजना अंतर्गत

■ सीमांत और लघु किसानों को जरूरत के आधार पर बीज उपलब्ध कराया जाएगा

50 फीसदी अनुदान पर धान के हाइब्रिड और ललाट किस्म कें बीज उपलब्ध कराये गय। खरीफ मौसम के लिए अनुदानित बीज वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कृषि पदाधिकारी संतोष लंकड़ा और प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख ने किया। जिला कृषि पदाधिकारी ने किसानों को आश्वासत किया कि तोरपा कॉपरेटिव के माध्यम से सभी सीमांत और लघु किसानों को जरूरत के आधार पर अनुदानित बीज उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर दियांकेल पंचायत की मुखिया शिशिर तोपनो, जरिया पंचायत की मुखिया बिमला

## चांद नजर आया बकरीद 17 को : इमारते शरीया



**रांची।** दारूल कजा इमारत शरीया रांची के काजी शरीअत मुफ्ती मोहम्मद अनवर कासमी ने कहा कि जीकादा 1445 हिजरी की 29 तारीख और शुक्रवार 7 जून 2024 को जिल्हीज्जा महीने का चांद देश के विभिन्न स्थानों पर आम तौर पर नजर आया है। इसलिए शनिवार आठ जून को जिल्हीज्जा महीने की पहली तारीख है और सोमवार 17 जून को जिल्हीज्जा महीने की दसवीं तारीख यानी ईदुल अजहा (बकरीद) है। उन्होंने कहा कि यही फैसला मरकजी दारुल कजा इमारत शरीया फुलवारीशरीफ पटना का है।

# लाइफ हेल्थ सेंटर से ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ेगी लोगों की सुविधाएं



**मांडर।** प्रखण्ड के ब्राम्बे में शनिवार को लाइफ हेल्थ सेंटर का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित आम्या के अध्यक्ष एस अली ने कहा कि इससे क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी।

सेंटर के निदेशक मोहम्मद फिरोज ने बताया कि हेल्थ सेंटर में विदेशी व आधुनिक मशीनों द्वारा डायबिटीज, कब्ज, लीकोरिया, ब्लड प्रेशर, गैश, त्वचा रोग, हार्ट अटैक आर्थराइटिज, मोटापा, लकवा, सरवाईकल, सिर दर्द, थकावट, सांस फलना, थायरॉइड, माइग्रेन, जोड़ो का दर्द, पेट के सभी रोग, गर्दन दर्द, कमर दर्द नस का दबना, सायटिका का दर्द, गुर्दे का दर्द, मिर्गी का दौरा, बवासीर, स्त्री रोग, लीकोरिया, बांझपन, गुप्त रोग आदि सभी रोगो का इलाज लाइफ केयर हेल्थ सेंटर में किया जाएगा।

मौके पर रामपूर से आये डॉ जावेद रजा और लखनऊ के डॉ सहीम, मो नसीम, हाफिज जावेद, इरशाद इमाम, नौशाद आलम, मुख्तार अंसारी समेत काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# दृढ़ीकरण और परम प्रसाद संस्कार का हुआ आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मांडर।** पहला परम प्रसाद और दृढ़ीकरण कार्यक्रम का आयोजन ब्रांबे पल्ली में शनिवार को किया गया। 30 बच्चों का पहला परम प्रसाद तथा 60 बच्चों का दृढ़ीकरण संस्कार धर्म प्रांत के बिशप विंसेंट आइंद की अगुवाई में संपन्न कराया गया। इस अवसर पर मिस्सा अनुष्ठान संपन्न कराने का बाद बिशप विंसेंट आइंद ने अपने संदेश में पहला परम प्रसाद तथा दृढ़ीकरण संस्कार पाने वाले बच्चों को पवित्र आत्मा के सात वरदानों का मर्म समझाया। उन्होंने कहा कि पवित्र आत्मा ने कालिसिया की शुरूआत आदिकाल में की थी और इसका साम्राज्य दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है। अंत में सभी परम प्रसाद और दृढ़ीकरण संस्कार लेने वाले बच्चों को अपनी पवित्रता बनाए रखने का सन्देश देते हुए उन्हें पहली बार परम प्रसाद संस्कार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं एवं बधाईयां भी दीं। बच्चों ने आर्चबिशप के ब्रांबे पल्ली आने पर अपने मधुर संगीत और नृत्य से उनका स्वागत किया। इससे पहले मलटोटी चौक से दर्जनों बाइक और कार में अगुवाई करते हुए बिशप को चर्च तक लाया गया, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर ब्राम्बे पल्ली के पल्ली पुरोहित फादर इन्नुरियुष केरकेटा, लिवोन फेडरेशन हाउस के डायरेक्टर फादर प्रदीप मिंज , सहायक फादर रोशन टोप्पो, फादर असीम मिंस, कैथोलिक सभा के अध्यक्ष रोशन तिग्गा आदि मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### सोनाहातू पुलिस ने तीन गांवों में अवैध शराब भट्ठी को किया नष्ट



**सोनाहातू।** वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार सोनाहातू पुलिस ने शनिवार को पुडदाग, लोवाडीह और जुड़गा गांव में अवैध शराब भट्ठी के खिलाफ अभियान चलाया। थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने तीनों गांवों में बारी बारी से छापामारी कर भट्ठी को नष्ट किया गया। इस दौरान पुलिस ने ड्रम में रखे जावा महुआ को नष्ट किया। पुलिस ने कहा की अवैध शराब के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। किसी का गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### सरकारी विद्यालयों में चल रहे भाषा सर्वे रिपोर्ट भेजने को लेकर होगा जोरदार आंदोलन



**सोनाहातू।** छात्र नेता राजू महतो ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि झारखंड राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में भाषा सर्वे चल रहा है। ताकि 2020 के तहत क्षेत्रीय भाषाओं के लिये राज्य में शिक्षकों की बहाली करायी जायेगी। परंतु रांची ज़िला के सोनाहातु प्रखंड के सभी विद्यालयों से कुरमाली भाषा का शून्य रिपोर्ट भेजा गया है। जबकि सोनाहातु समेत सिल्ली , राहे,बुंडू, तमाड आदि क्षेत्रों में कुरमी समुदाय की बहुलता है, जिनका भाषा ही कुरमाली है। पर साज़िशन कुरमाली भाषा के अस्तित्व को मिटाने के लिए सर्वे रिपोर्ट में बिना छात्रों या उनके अभिभावकों से पूछे स्कूल के प्राचार्य द्वारा शून्य संख्या दर्शाकर सरकार को भेजा गया है। जो कुरमाली भाषियों के खिलाफ है। राजु महतो ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को टेलीफोन पर बात करते हुए कहा है कि स्कूल के प्राचार्यों द्वारा दो दिनों के भीतर सही रिपोर्ट नहीं भेजा जाता है। तो कुरमी संगठनों अथवा कुरमाली छात्रों द्वारा जोरदार जनआंदोलन किया जाएगा।

### दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी फरार

**चान्हो।** चोरेया गांव में शनिवार सुबह छेड़खानी व दुष्कर्म की नीयत से घर के अंदर ले जाने की कोशिश करने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि रोल पंचायत की एक लड़की अपने तीन-चार अन्य सहेलियों के साथ काम करने चोरेया गांव पहुंची थी। सभी लोग काम कर रहे थे, इसी बीच एक लड़की पानी लाने के लिए चापानल गई थी और वहां से वापस आ रही थी। इसी बीच एक समुदाय विशेष के एक युवक ने उसका रास्ता रोककर छेड़छाड़ करने का प्रयास किया। साथ ही लड़की को वह अपने घर के अंदर ले जाने का प्रयास करने लगा। शोर मचाने पर लड़की उसके चंगुल से आजाद हुई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग जमा हुए और साथ ही लड़की के गांव से भी काफी संख्या में लोग गांव आ पहुंचे। घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल चान्हो पुलिस गांव पहुंची और मामले को संभाल लिया। वहीँ दूसरी और आरोपी युवक देर शाम तक फरार ही था। पीड़ित लड़की के द्वारा थाने में कार्रवाई के लिए लिखित आवेदन दे दिया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### अड़की में बाइक दुर्घटना में युवक की मौत, दो घायल

**खूंटी।** अड़की थाना क्षेत्र के हुड़वा पुल के पास शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंभे से जा टकराई। इस दुर्घटना में बाइक पर सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो युवक घायल हो गए। मृतक की पहचान अड़की के हुड़वा गांव निवासी अर्जुन स्वांसी (24) के रूप में हुई है। घायलों में उसी गांव के सुदेश्वर स्वांसी (18) और प्रेमचंद सिंह मुंडा (20) का इलाज सदर अस्पताल खूंटी में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार हुड़वा गांव के उक्त तीनों युवक उलिहातू गांव में शुक्रवार रात आयोजित छऊ नृत्य उत्सव देखने गए थे। उलिहातू में रात भर छऊ नृत्य उत्सव का आनंद उठाने के बाद शनिवार सुबह तीनों युवक बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान हुड़वा गांव के समीप पुल के पास मोड़ पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक खंभे से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद तुरंत उनके स्वजन और अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तीनों को उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल खूंटी ले आये, जहां चिकित्सकों ने अर्जुन स्वांसी को मृत घोषित कर दिया। बाद में अड़की थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और आवश्यक प्रक्रिया के बाद शव का पोस्टमार्टम करा कर उसे स्वजनों को सौंप दिया।

### खूंटी के स्वास्थ्य शिविर में कई लागों की हुई जांच



**खूंटी।** राजस्थान भवन खूंटी में स्टार हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी की ओर से शनिवार को मुफ्त स्वास्थ जांच शिविर लगाया गया। रांची के आर्किड मेडिकल सेंटर की टीम द्वारा जांच शिविर में लोगों की मुफ्त जांच किया गया। डॉ गौतम नेतृत्व में जनरल फिजिशियन डॉ एस कुमार, गाइनाकोलॉजिस्ट डॉ प्रियंका ने मरीजों की जांच की। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, इसीजी, नेत्र जांच और स्त्री रोग की जांच की सुविधा उपलब्ध थी। स्टार हेल्थ इंश्योरेंस कम्पनी से आई रीजनल मैनेजर रवि, ब्रांच मैनेजर अभिषेक, सेल्स मैनेजर अजय, एडवाइजर संदीप मौजूद थे। उन्होंने लोगों के बीच हेल्थ इंश्योरेंस से जुड़ी कई महत्पूर्ण बातें बताई।

### सिल्ली अंचल से प्रमाण-पत्र निर्गत करने में हो रही अनियमितता, डीसी ने दिये जांच केआदेश



**रांची ।** रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने सिल्ली अंचल से प्रमाण पत्र निर्गत करने में हो रही अनियमितताओं को लेकर जांच के आदेश दिये है। डीसी ने अपने आदेश में उप समाहर्त्ता भूमि सुधार को 24 घंटे के अंदर अनियमितताओं से संबंधित जांच कर जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा है। डीसी ने दैनिक अखबारों में प्रकाशित खबरों को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिये हैं।

## एक नजर

### मारवाड़ी कॉलेज वोकेशनल कोर्स में आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 जून

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज रांची ने वोकेशनल कोर्स में दाखिला लेने के लिए आवेदन की लास्ट एक्सटेंशन डेट 12 जून तय किया। बीसीए, बीबीए के आवेदक विद्यार्थियों के लिए एंड्रॉयड मोबाइल एप्लीकेशन बेस्ड एंट्रेंस टेस्ट 19, 20 और 22 जून को होगा। टेस्ट के उपरांत पहला सेलेक्शन लिस्ट 24 जून को प्रकाशित होगा। इच्छुक विद्यार्थी बीएससी आईटी, सीएस, एफडी, सीएनडी, अमानत और डीपीएफएम में 14 जून से अपना एडमिशन डायरेक्टली वोकेशनल ऑफिस में आकर करवा सकते हैं।

### कृपा इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी में तैनात गार्ड की छत से गिरकर मौत

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र में शनिवार को कृपा इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी में तैनात एक गार्ड की संदिग्ध परिस्थिति में छत से गिरकर मौत हो गई। बीएसएफ कंपनी का गार्ड कृपा इंफ्रास्ट्रक्चर में तैनात था। पुलिस के मुताबिक मृतक गार्ड की पहचान पुरुषोत्तम कुमार तिवारी रूप में हुई है। कृपा इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी बिल्डिंग निर्माण का काम करती है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गार्ड ने छत से कूद कर आत्महत्या की है या उसकी गिरने से मौत हुई है, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### बैंक ऑफ इंडिया 12 जून को मनाएगा समझौता दिवस

**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया देशभर में 12 जून को समझौता दिवस मनाएगा। बैंक अपनी सभी शाखाओं, अंचल और एफजीएमओ में एकमुश्त समझौता (ओटीएस) के तहत उधारकर्ताओं के एनपीए ऋण खातों का निपटान करने के लिए यह दिवस मना रहा है। समझौता दिवस विशेष रूप से उन एनपीए उधारकर्ताओं के लिए आयोजित किया गया है, जो उधारकर्ता व्यवसाय/चिकित्सा स्थिति में परेशानी या किसी अन्य वास्तविक कारण के कारण समय पर अपना ऋण नहीं चुका सके हैं। बताया गया कि बैंक के पास छोटे मूल्य के खातों और मध्यम आकार के खातों के निपटान के लिए विशेष ओटीएस योजनाएं हैं, जिसके माध्यम से एनपीए उधारकर्ताओं को विशेष और अच्छी छूट की सुविधा है।

### महाब्रह्मर्षि कुमार स्वामी आज आएंगे रांची

**रांची।** महाब्रह्मर्षि कुमार स्वामी रविवार को रांची आएंगे। बताया गया कि वे प्रभु कृपा दुख निवारण समागम में अपने अनुयायियों को बीज मंत्र देंगे। स्वामी जी का दावा है कि इससे रोग-शोक और दुःखों से तत्काल छुटकारा मिल जाता है। उनका कहना है कि असाध्य रोगी भी पांच मिनट में स्वस्थ हो जाता है। भगवान श्रीलक्ष्मी नारायण धाम सेवा समिति के सचिव हरीश धवन और अभिषेक ने बताया कि अलकापुरी डिबडीह स्थित कार्निवल बैंक्वेट हॉल में संध्या चार बजे से समागम शुरू होगा।

### रांची जिला बस ओनर्स एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष बने दीपक ओझा

**रांची।** झारखंड प्रदेश बस ओनर्स एसोसिएशन की बैठक रातू रोड स्थित जय सिंह यादव के आवास पर शनिवार को हुई। बैठक में दीपक ओझा को सर्वसम्मति से रांची जिला बस ओनर्स एसोसिएशन का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उन्हें एक महीने के अंदर रांची जिला बस ओनर्स एसोसिएशन के चुनाव से संबंधित सभी जरूरी प्रक्रिया पूरी कर चुनाव संपन्न कराने को कहा गया है। उन्हें सहयोग देने के लिए कृष्ण कुमार दुबे, पवन सिंह, अशोक कुमार उपाध्याय, गोपाल यादव व राजू यादव का मनोनयन किया गया है।

# 2500 से ज्यादा भक्तों ने ग्रहण किया श्री श्याम भंडारे का प्रसाद

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 115वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन हुआ। लगभग 2500 से ज्यादा भक्तों ने भंडारे का महाप्रसाद प्राप्त किया। ज्ञात हो कि श्री श्याम मित्र मंडल के हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक शनिवार को श्री श्याम भंडारे का आयोजन करता है।



श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया एवं उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में प्रेम प्रकाश आर्या, राधा देवी आर्या, मयंक बिंदिया, तनीषा एवं जय आर्या ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश, रिद्धि-सिद्धि, शिव परिवार, बजरंगबली, लड्डू गोपाल, शालिग्रामजी, गरुड़जी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। भोग लगे प्रसाद को आर्या परिवार ने विशाल वृहद भंडारे में मिश्रित कर मंदिर के आचार्यों को प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के साथ मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में यजमान परिवार ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद का वितरण किया।

इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढानढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, स्नेह पोद्दार, आशीष डालमिया, अनुज मोदी, अमित सरावगी, श्याम सुंदर जोशी, अभिषेक सरावगी, कमलेश सावा, मनोज खेतावत, उपेंद्र पांडे, मनीष वर्मा सहित 50 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

### केशर चंदन तिलक श्रृंगार कल

हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में सोमवार को खाटू नरेश का केशर चंदन तिलक श्रृंगार किया जाएगा। ज्ञात हो कि अमावस्या महास्नान के बाद बाबा श्याम श्यामल रूप में भक्तों को दर्शन दे रहे थे। खाटूधाम की परंपरा के अनुसार बाबा का मनमोहक श्रृंगार सोमवार को किया जाएगा।

### श्री सुंदरकांड और श्री हनुमान चालीसा पाठ 11 को

हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार (11 जून) को 105वां श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन दिन में 4:30 बजे से होगा। यह जानकारी मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

## रांची में ऑनलाइन जुआ खेलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

# मास्टरमाइंड समेत 8 गिरफ्तार

- *बरियातू के दो फ्लैट से संचालित किया जा रहा था धंधा*

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** स्टार एक्सचेंज लॉटरी साइट्स के माध्यम से ऑनलाइन जुआ खेलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए मास्टरमाइंड समेत आठ लोगों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुए लोगों में मास्टरमाइंड दीपक टंडन के अलावे शुभम कुमार, विनय कुमार, नीरज कुमार रजवार, विकाश कुमार, सागर कुमार और आदित्य कुमार शामिल हैं। साथ ही, एक अवैध पिस्टल, और 13 भिन्न-भिन्न व्यक्तियों का एटीएम कार्ड बरामद हुआ है।





### पिलाई जाती थी शराब

पुलिस के अनुसार, जुआ खेलाने के क्रम में शराब पिलाने का काम भी किया जाता था। दोनों फ्लैट से तकरीबन 200 शराब की बोतलें भी मिली हैं।

### 25-30 हजार मासिक पर बहाल थे लड़के

बताया जाता है कि दीपक टंडन तथा शुभम कुमार इसके संचालक हैं। उन्होंने जिन लोगों को काम पर रखा था, उन्हें 25 से 30 हजार रुपये वेतन देते थे। उनके माध्यम से प्रत्येक सप्ताह लगभग 15 लाख रुपये का अवैध धंधा किया जाता था।

एसएसपी ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मास्टरमाइंड दीपक टंडन की गिरफ्तारी मोरहाबादी मैदान के पास हुई। उसकी निशानदेही पर अलग-अलग जगहों से बाकी लोगों को गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस उपाधीक्षक नगर, थाना प्रभारी लालपुर के निर्देशन में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी दल ने मोरहाबादी मैदान के रजिस्ट्री ऑफिस के पास से दीपक टंडन को एक अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास बड़ी संख्या में भिन्न-भिन्न व्यक्तियों के एटीएम कार्ड बरामद हुए। पूछताछ करने पर बताया कि ऑनलाइन जुआ खेलवाने का काम करते हैं। इसके लिए, उन्होंने बरियातू थाना के ईशा अपार्टमेंट तथा जय जगन्नाथ अपार्टमेंट में 16,500 तथा 14,000 रुपये में भाड़े का फ्लैट लिया है। इन दोनों जगह पर लड़कों को सारी सुविधा के साथ रखकर ऑनलाइन जुआ खेलवाता था। वहां पर छापामारी करने से कुल 7 लोगों की गिरफ्तारी हुई तथा उनके कमरों से कई प्रकार के सामान बरामद हुए। इसमें देसी पिस्टल, लैपटॉप, 26 पीस मोबाइल, 12 पीस सिम कार्ड, एक्सिस बैंक का स्वाइप मशीन, विभिन्न बैंक के एटीएम कार्ड, पासबुक, चेक बुक, वाई-फाई कनेक्शन, प्रिंटर, पल्सर बाइक, होंडा का एक्टिवा बाइक, स्विफ्ट कार सहित कई आधार कार्ड, पैन कार्ड, निर्वाचन कार्ड एवं पहचान पत्र के साथ ज्वेलरी, सोने-चांदी के चेन, ब्रेसलेट, अंगूठी आदि प्राप्त हुए हैं।

### 11 को कई विभागों की होने वाली समीक्षा को लेकर की गई तैयारी





**रांची।** सीएम चंपाई सोरेन की 11 जून से समीक्षा बैठक को देखते हुए राज्य का ग्रामीण विकास विभाग शनिवार को अवकाश के बावजूद खुला रहा। मुख्यमंत्री की बैठक के लिए तीन स्लाइड में पीपीटी तैयार कराया जा रहा है, जिलों से योजनाओं की स्थिति पर रिपोर्ट ली गई। ग्रामीण विकास विभाग की महत्वपूर्ण योजना अबुआ आवास योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना व बिरसा हरित ग्राम योजना की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की गई। इसके अलावा, पंचायती राज विभाग की पंचायत सचिवालय, 15वें वित्त आयोग से जुड़ी योजनाओं की भी रिपोर्ट बनाई गई। मुख्यमंत्री 11 जून को विकास योजनाओं सहित विधि व्यवस्था की भी समीक्षा करेंगे। पुलिस अधिकारियों के साथ लॉ एंड ऑर्डर की समीक्षा के साथ सबसे पहले ग्रामीण विकास विभाग की ही योजनाओं की समीक्षा प्रोजेक्ट भवन सभागार में की जानी है। मुख्यमंत्री की समीक्षा के लिए अधिसंख्य विभाग रेस हैं।

# सिपेट कौशल सीखने व विकसित करने का बेहतर अवसर प्रदान करेगा : रस्तोगी

- *एनएमएल ने सिपेट में कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए युवाओं को किया प्रायोजित*

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** कौशल विकास आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस संबंध में एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल), रांची ने केंद्रीय पेट्रोरसायन इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआईपीईटी या सिपेट) के सहयोग से कौशल विकास के लिए झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ राज्यों में स्थित सभी कोयला खनन परियोजनाओं और इसके आसपास के क्षेत्र से 25 लड़कियों सहित 80 परियोजना प्रभावित युवाओं को प्रायोजित करने के लिए अपने सीएसआर के तहत पहल की है।

प्रशिक्षण के दौरान, सिपेट युवाओं को दो पाठ्यक्रमों में रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करेगा, अर्थात मशीन ऑपरेटर, प्लास्टिक प्रसंस्करण और मशीन ऑपरेटर-इंजेक्शन मोल्डिंग।

एनटीपीसी कोयला खनन परियोजनाओं के ग्रामीण छात्रों-सह-परियोजना प्रभावित व्यक्तियों (पीएपी) को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रजनीश रस्तोगी ने हाल में ही संयुक्त निदेशक और सिपेट के प्रमुख प्रवीण बछव की उपस्थिति में सिपेट में 6 महीने की अवधि के लिए प्लास्टिक प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रमों पर कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए नामांकित छात्रों के साथ बातचीत की। बातचीत के दौरान रस्तोगी ने सिपेट में प्रदान की गई शिक्षा और सुविधाओं पर अनुभव के बारे में छात्रों से प्रतिक्रिया ली।

छात्रों को संबोधित करते हुए रस्तोगी ने साझा किया कि सिपेट प्लास्टिक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित संस्थान है, जो कौशल सीखने और विकसित करने का बेहतर अवसर प्रदान करेगा और रोजगार की सुविधा प्रदान करेगा। वर्तमान में मशीन ऑपरेटर का पहला बैच, प्लास्टिक प्रसंस्करण पाठ्यक्रम 20 मार्च, 2024 को शुरू हो गया है, जिसमें एनटीपीसी कोयला खनन परियोजनाओं यानी पकरी बरवाडीह, चट्टी बरियातु, केरेडारी, बादाम, बनारडीह, दुलंगा और तलाईपल्ली कोयला परियोजनाओं के 40 छात्र भाग ले रहे हैं।

# रामोजी राव के निधन पर रांची के चिकित्सकों ने जताया शोक

### कहा- समाज को हुई अपूरणीय क्षति

- *रामोजी मीडिया जगत के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए थे आदर्श*
- *रामोजी के निधन से रांची के स्वास्थ्य विभाग में शोक की लहर*

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक और पद्म भूषण से सम्मानित देश के वरिष्ठ समाजसेवी रामोजी राव के निधन से देशभर में शोक की लहर है। रामोजी राव के निधन से समाज के हर वर्ग के लोग मर्माहत हैं। झारखंड की राजधानी रांची में भी लोग सदमे में हैं। रामोजी राव के निधन के बाद रांची के वरिष्ठ चिकित्सकों ने भी अपनी संवेदना व्यक्त की है।

रिम्स के वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ रोहित झा ने बताया कि रामोजी राव सिर्फ मीडिया जगत के ही नहीं, बल्कि समाज के लिए एक आदर्श शख्सियत थे। वहीं कैंसर विभाग की चिकित्सक डॉक्टर रश्मि कुमारी ने बताया कि रामोजी राव ने समाज के लिए जो योगदान दिया है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। आज देश का हर तबका उनके निधन से दुखी है। वहीं रिम्स के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ मनोज कुमार ने कहा कि रामोजी राव ने कला को बढ़ावा देने और समाज को बेहतर बनाने में योगदान दिया था। उनके बारे में जितना भी कहा जाए कम होगा।

वहीं रामोजी राव के निधन की खबर को सुनकर स्वास्थ्य विभाग में भी शोक की लहर है। रांची के वरिष्ठ फिजिशियन डॉक्टर संजय सिंह बताते हैं कि रामोजी राव समाज के सभी विभागों के लिए बेहतर काम कर चुके हैं।

## करियर एडवांसमेंट स्कीम

## अभारा शैक्षिक महासंघ ने जताया आभार

# रेगुलेशन 2010 के विकल्प को 31 दिसंबर तक बढ़ाया

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने करियर एडवांसमेंट योजना के लिए यूजीसी रेगुलेशन 2010 की प्रयोज्यता को 31 दिसंबर 2024 तक बढ़ा दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष प्रो जेपी सिंघल ने बताया कि अब जो शिक्षक 31 दिसंबर 2024 तक पात्रता पूर्ण करते हैं, वे करियर एडवांसमेंट योजना के लिए रेगुलेशन 2010 का विकल्प चुन सकते हैं। इस संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विधिवत रूप से गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि उच्च शिक्षा के शिक्षकों के करियर एडवांसमेंट योजना के संबंध में यूजीसी रेगुलेशन 2018 में पात्रता पूर्ण करने पर तीन वर्ष अर्थात जुलाई 2021 तक पुराने रेगुलेशन में प्रोन्नति लेने का विकल्प था। लेकिन, इस रेगुलेशन में एसोएिट प्रोफेसर के लिए पीएचडी के अनिवार्यता तथा अन्य प्रावधान विकल्प के लिए दी गई अवधि में पूर्ण करना संभव नहीं था।

शैक्षिक महासंघ ने इस संबंध में निरंतर यूजीसी अध्यक्ष एवं शिक्षा मंत्री से समय-समय पर मिलकर शिक्षकों का पक्ष तथ्यों और तर्कों के साथ प्रस्तुत किया था तथा करियर एडवांसमेंट योजना के लिए यूजीसी रेगुलेशन 2010 के विकल्प की अवधि दिसंबर 2024 तक बढ़ाने की मांग की थी।

अंततः यूजीसी ने महासंघ द्वारा प्रस्तुत तथ्यों और तर्कों से सहमत होते हुए अपेक्षित निर्णय लिया है। इस निर्णय से देशभर के हजारों शिक्षकों को राहत मिलेगी। शिक्षकों के हित में न्यायोचित निर्णय लेने के लिए, शैक्षिक महासंघ ने विगत 29 मई को यूजीसी अध्यक्ष से मिलकर उनका आभार व्यक्त किया।

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार सिंह, महामंत्री डॉ ब्रजेश कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि उच्च शिक्षा के प्राध्यापकों की लंबित मांग पूरा होने से पूरे झारखंड के प्राध्यापकों में प्रसन्नता दिख रही है। उन्होंने बताया कि शैक्षिक महासंघ द्वारा बार-बार यूजीसी के अध्यक्ष से मिलकर इस विसंगति को दूर करने के लिए आग्रह किया जा रहा था, जिसका परिणाम शिक्षक हित में आया। उन्होंने इसके लिए केंद्रीय नेतृत्व एवं यूजीसी के अध्यक्ष को धन्यवाद दिया है।

इस निर्णय पर शैक्षिक महासंघ के रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ प्रीतम कुमार, महामंत्री डॉ ज्योति प्रकाश सहित कई पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त किया है।

## न्यूज बॉक्स

### प्रमाण पत्र निर्गत करने में हो रही अनियमितता की करें जांच : डीसी



**रांची।** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सिल्ली अंचल से प्रमाण पत्र निर्गत करने में हो रही अनियमितताओं के संबंध में दैनिक अखबारों में प्रकाशित खबरों को गंभीरता से लेते हुए शनिवार को इसकी जांच के आदेश दिए हैं। उपायुक्त ने प्रमाण पत्र निर्गत करने में हो रही अनियमितताओं के संबंध प्रकाशित खबरों की जांच कर 24 घंटे के अंदर जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का आदेश उप समाहर्ता, भूमि सुधार सदर, रांची को दिया है।

### मांडर प्रखंड के दो पीडीएस डीलर के खिलाफ होगी कार्रवाई

**रांची।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी (डीएसओ), रांची प्रदीप भगत ने शनिवार को मांडर एवं चान्हो प्रखंड के विभिन्न जन वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान मांडर प्रखंड के दो जन वितरण प्रणाली दुकान बंद मिले। इस पर उन्होंने कहा कि संबंधित डीलर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मांडर प्रखंड के जिन पीडीएस डीलर की दुकानें बंद थीं, उनमें विश्वनाथ साहु, अनुज्ञप्ति संख्या-02/2017 और शिवदयाल महतो, अनुज्ञप्ति संख्या-04/90 शामिल हैं। इन दोनों जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के खिलाफ नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। डीएसओ प्रदीप भगत ने जिले के सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के कार्य दिवस पर दुकान ससमय खोलने के निर्देश दिए हैं, ताकि राशन कार्डधारियों को असुविधा न हो।

### जेईई एडवांस का रिजल्ट आज

**रांची।** जेईई एडवांस्ड का परिणाम रविवार को सुबह दस बजे जारी होगा। परिणाम के अगले दिन 10 जून से आईआईटी, एनआईटी, ट्रिपलआईटी व जीएफटीआई (गवर्नमेंट फंडेड टेक्निकल इंस्टीट्यूट) में प्रवेश के लिए जोसा काउंसिलिंग प्रक्रिया आरंभ होगी। ज्ञात हो कि जेईई एडवांस्ड का आयोजन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास ने किया था। इसबार जोसा की ओर से 23 आईआईटी, 32 एनआईटी, 26 ट्रिपल आईटी एवं 40 जीएफटीआई में प्रवेश दिया जाएगा। जोसा काउंसिलिंग का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया 10 जून से 26 जुलाई के बीच पांच राउंड में होगी। अभ्यर्थी 10 जून की शाम 05:00 बजे से जोसा काउंसिलिंग वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन एवं कॉलेज च्वायस फिलिंग कर सकेंगे। इसकी अंतिम तिथि 18 जून है। 20 जून को पहले राउंड का सीट आवंटन होगा। जिनका पहले राउंड में आवंटन होगा, उन्हें ऑनलाइन रिपोर्टिंग के दौरान सीट एक्सेप्टेंस फीस जमा कर कागजात अपलोड कर सीट 24 जून तक कंफर्म करनी होगी।

### तपती गर्मी में अधिक से अधिक पानी पिएं: कमलेश बेहरा




**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सह कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने अन्य सदस्यों के साथ इस तपती गर्मी में लोगों को राहत देने के लिए शनिवार को रांची में पानी बोतल तथा ओआरएस पैकेट का वितरण किया। डालसा रांची एवं रोटरी क्लब ऑफ रांची के संयुक्त प्रयास से डालसा, रांची ने छठे दिन सब्जी वेंडर मार्केट, नागा बाबा खटाल के पास स्टॉल लगाकर राहत सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर डालसा सचिव कमलेश बेहरा, रोटरी क्लब रांची के प्रेसिडेंट, डॉ विनय कुमार ढानढनिया, विशिष्ट मध्यस्थ सह सदस्य, रोटरी क्लब, रांची, राजीव कुमार मोदी, शशांक मोदी, आंचल मोदी, एलएडीसीएस अधिवक्ता, सौरभ पांडेय एवं वीरेंद्र प्रताप, पीएलवी प्रीति पाल, स्नेहलता दुबे, संपा दास, विक्की चौधरी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने कहा कि बढ़ती गर्मी के कारण कड़ी धूप में काम करने से शरीर में पानी की कमी हो जाती है। पानी की कमी को पूरा करने के लिए ही डालसा की ओर से और रोटरी क्लब, रांची के सहयोग से पानी की बोतल और ओआरएस पैकेट का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने लोगों को अधिक से अधिक पानी पीने की सलाह दी, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। इस अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की भी जानकारी दी गई।

### विशेष लोक अदालत में 115 मामले निष्पादित, 4.87 करोड़ का सेटलमेंट



**रांची।** मोटर वाहन दुर्घटना से संबंधित विशेष लोक अदालत में शनिवार को 115 मामलों का निष्पादन कर 4.87 करोड़ की राशि प्राप्त की गई। इस राशि को पीड़ितों और पीड़ितों के आश्रितों के बीच बांटा गया। न्यायायुक्त के हाथों भी पक्षकारों के बीच चेकों का वितरण किया गया। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश और झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश और रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे के मार्गदर्शन पर मोटर वाहन दुर्घटना से संबंधित विशेष लोक अदालत लगाई गई। तीन जून से सात जून तक रांची के व्यवहार न्यायालय परिसर में पक्षकारों के साथ मोटर वाहन दुर्घटना के मामलों पर समझौते के लिए प्री-लोक अदालत की बैठक आयोजित की गई। इस विशेष लोक अदालत (मोटर दुर्घटना दावा मामले) के लिए एक बेंच का गठन किया गया था। इस विशेष लोक अदालत में कुल 500 चिह्नित वादों को निपादन के लिए बेंच के समक्ष रखा गया। इनमें से कुल 115 वादों का निष्पादन किया गया और 4,87,45,000 (चार करोड़, सतासी लाख पैंतालिस हजार) की राशि प्राप्त की गई।

# सीएम चंपई और कल्पना सोरेन से मिले नवनिर्वाचित झामुमो सांसद





सिंहभूम लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित सांसद जोबा मांझी ने मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से शनिवार को उनके मोरहाबादी, बूटी रोड स्थित आवास में मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री दीपक बिरुवा एवं सुप्रीयो भट्टाचार्य मौजूद थे। कांके रोड रांची स्थित आवास पर झामुमो नेता कल्पना सोरेन जी से सांसद जोबा माझी और राजमहल से सांसद विजय हांसदा ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव ने भी मुलाकात की।



प्रसिद्ध नागपुरी लोकगायक पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख ने शनिवार को गांडेय से नवनिर्वाचित विधायक व झामुमो की प्रमुख नेता कल्पना सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें नई जिम्मेवारी संभालने के लिए बधाई दी।

### भाजपा सांसद के पोस्ट से राज्य में सियासी पारा चढ़ा, सीएम को सचेत होने की सलाह

# कल्पना सोरेन को पार्टी में बड़ी जिम्मेवारी देने के संकेत

**ब्यूरो रिपोर्ट। रांची**

2024 लोकसभा चुनाव और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के बाद राज्य के सियासी समीकरण में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। शनिवार को राज्य में राजनीतिक सरगर्मी तब और भी बढ़ गई, जब सुबह-सुबह मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से होटवार जेलकर मुलाकात की। दोनों नेताओं के मुलाकात के बाद गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे इस राजनीतिक तापमान को और भी बढ़ा दिया।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर सीएम चंपाई सोरेन को होशियार रहने को कहा है। अपने पोस्ट में भाजपा सांसद ने लिखा है- ह्लचंपाई दा होशियार, कल्पना भाभी आ गई हैं, झारखंड में वर्तमान सरकार के लिए आने वाला 7 दिन बहुत ही महत्वपूर्ण होने वाला हैह्व। निशिकांत दुबे के इस पोस्ट के बाद चर्चा का बाजार गर्म हो गया। हालांकि झामुमो ने भाजपा सांसद के बयान पर सिरे से खारिज कर दिया है। झामुमो के प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि भाजपा सांसद अपने पोस्ट के माध्यम से केवल खबरों में बने रहना चाहते हैं। निशिकांत के ट्वीट का हकीकत से दूर-दूर तक का कोई वास्ता नहीं है। यह पूरी तरह से बेबुनियाद है।







## विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन में बदलाव संभव

राज्य में विधानसभा का चुनाव इस साल के अंत में होना तय है। से में पार्टी कमान संभालने के लिए कल्पना सोरेन को पार्टी में महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी जा सकती है। लोकसभा चुनाव में कल्पना सोरेन जिस तरह चुनाव प्रचार के दौरान जनता के बीच की, उनकी लोकप्रियता बढ़ी उसको देख कर पार्टी में जोश की उम्मीद जगी है और अब पार्टी उन्हें विधानसभा चुनाव में भी उनकी लोकप्रियता का फायदा उठाना चाहती है।

क्योंकि झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन पूरी तरह से अस्वस्थ्य हैं,जबकि कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन जेल में बंद है। वहीं पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और सबसे वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन मुख्यमंत्री हैं और उनपर सरकार के काम की जिम्मेदारी है। जिससे उनकी व्यस्तता भी ज्यादा है। ऐसे में पार्टी के कामों को देखने और चुनाव की तैयारियों के लिए कल्पना सोरेन की जरूरत महसूस की जा रही है। झामुमो के बड़े नेता भी मानते हैं कि कल्पना सोरेन को पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। शिबू सोरेन की सहमति के बाद कल्पना सोरेन को पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी जल्द ही दे दी जाएगी।

# मंत्री आलमगीर को बर्खास्त करने की हिम्मत सीएम चंपाई में नहीं : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद मंत्री आलमगीर आलम के सभी विभाग को वापस ले लिया है, लेकिन उन्हें मंत्री पद से हटा नहीं है और बिना विभाग के आलमगीर आलम अभी भी मंत्री पद पर बने हुए हैं। इसी मुद्दे पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम चंपई सोरेन पर जोरदार हमला बोला है। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि चंपई सोरेन जैसा रीढ़विहीन मुख्यमंत्री आज तक नहीं देखा। आलमगीर आलम का भ्रष्टाचार उजागर होने के बावजूद चंपई सोरेन उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। सीएम ने शुक्रवार को मंत्री आलमगीर आलम के दायित्व वाले सभी विभागों को वापस ले लिया था, लेकिन वे मंत्री पद पर अब तक बने हुए हैं। आलमगीर आलम के पास ग्रामीण विकास, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग थे। वे सरकार में दूसरे नंबर की हैसियत वाले मंत्री माने जाते रहे हैं। मरांडी ने लिखा, सूचना के मुताबिक कठपुतली मुख्यमंत्री ने आलमगीर आलम के दायित्व वाले विभाग वापस लिए हैं, लेकिन मंत्री पद से नहीं हटाया है। बीते 4 साल झारखंड की जनता विशेषकर युवाओं के लिए भारी रहे हैं। झारखंड के युवा नौकरी की आस में टकटकी लगाए बैठे रहे, लेकिन हेमंत सोरेन ने स्थानीय युवाओं को नियोजन नीति, 60-40, बाहरी-भीतरी और पेपर लीक जैसे मुद्दों में उलझा कर नौकरियों की सौदेबाजी करने का प्रयास किया। बाबूलाल मरांडी ने अपने पोस्ट में लिखा है कि हेमंत के जेल जाने के बाद जनता को आस थी कि चंपई सोरेन नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता लाएंगे, भ्रष्टाचार को रोकेंगे, अपराधियों पर लगाम कसेंगे, लेकिन हुआ इसके ठीक विपरीत। अब जनता तय करे कि ऐसा मुख्यमंत्री किस काम का, जो ना तो भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करने की हिम्मत रखता हो, ना पेपर लीक माफियाओं को सबक सिखाने की हिम्मत रखता हो, ना ही जिसमें युवाओं को रोजगार देने की इच्छाशक्ति हो।





## मंत्री पर टेंडर में कमीशन लेने का आरोप

आलमगीर आलम को टेंडर कमीशन घोटाले में ईडी ने 15 मई की शाम को गिरफ्तार किया था। इसके पहले ईडी ने मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और घरेलू सहायक जहांगीर आलम सहित कई अन्य के ठिकानों पर 6-7 मई को छापेमारी की थी और इस दौरान 37 करोड़ से ज्यादा की रकम बरामद की गई थी। झारखंड में इसके पहले भी कई मंत्री गिरफ्तार हुए हैं, लेकिन जेल जाते ही उन्हें पद से हटना पड़ा था। यहां तक कि सीएम के पद पर रहते हुए जब ईडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार करने का फैसला किया, तो उन्होंने हिरासत में लिए जाने के पहले रात दस बजे राजभवन जाकर राज्यपाल को इस्तीफा सौंप दिया था।

# विधानसभा में बमुश्किल दो हफ्ते उपस्थिति दर्ज करा पाएंगी कल्पना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। झारखंड के गांडेय विधानसभा क्षेत्र के लिए हुए उपचुनाव में जीत हासिल करने वाली कल्पना सोरेन सदन में मुश्किल से दो हफ्ते के लिए अपनी उपस्थिति दर्ज करा पाएंगी। विधायक के रूप में उनका कार्यकाल अधिकतम छह महीने का है और विधानसभा का आगामी मानसून सत्र उनके लिए इस कार्यकाल का पहला और आखिरी सत्र होगा। मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल जनवरी, 2025 के पहले हफ्ते में पूरा हो रहा है, लेकिन नई विधानसभा के गठन के लिए चुनाव अक्टूबर-नवंबर में ही कराए जाने हैं। ऐसे में विधायक के तौर पर उनके पास काम करने के लिए तीन-चार महीने का ही वक्त है। विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही राज्य में एक बार फिर आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी और उस दौरान उनके पास काम करने के मौके नहीं के बराबर होंगे। विधानसभा का मॉनसून सत्र जुलाई-अगस्त के महीने में संभावित है। आम तौर पर यह सत्र न्यूनतम एक और अधिकतम दो हफ्ते का होता है। मसलन, पिछले साल यानी वर्ष 2023 में मानसून सत्र 25 जुलाई से शुरू होकर 4 अगस्त तक चला था। शीतकालीन सत्र नवंबर-दिसंबर में आयोजित होता है, लेकिन उसके पहले चुनाव का ऐलान होना तय है। कल्पना सोरेन ने अपने पति झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद 4 मार्च को औपचारिक तौर पर राजनीति में एंट्री की और इसके तीन महीने के बाद विधायक बन गईं।



बहरहाल, विधानसभा के मॉनसून सत्र में जब वह विधायक के तौर पर पहली बार सदन में पहुंचेंगी, तो कई दिलचस्प संयोग दिख सकते हैं। उनके पति हेमंत सोरेन जेल में बंद हैं। अगर इस सत्र के पहले उन्हें जमानत मिल जाती है या फिर न्यायिक हिरासत में रहते हुए सत्र में भाग लेने की इजाजत कोर्ट से मिल जाती है तो झारखंड के इतिहास में पहली बार कोई पति-पत्नी एक साथ सदन में दिखेगा। कल्पना सोरेन की जेठानी सीता सोरेन की विधानसभा सदस्यता भी फिलहाल बरकरार है। उनका इस्तीफा स्पीकर ने तकनीकी वजहों से स्वीकार नहीं किया है। संभव है कि वह भी मॉनसून सत्र में सदन पहुंच सकती हैं। इसके अलावा कल्पना सोरेन के देवर बसंत सोरेन भी बतौर मंत्री-विधायक सदन में मौजूद रहेंगे। ऐसे में विधानसभा में एक साथ पति-पत्नी, जेठानी-देवरानी, भाभी-देवर की मौजूदगी का दिलचस्प 'रिकॉर्ड' बन सकता है।

# आर्म्स लाइसेंसधारियों के जमा शस्त्र वापस किया जाएगा : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के शांतिपूर्वक संपन्न होने और आदर्श आचार संहिता के समाप्त होने के बाद रांची जिले के आर्म्स लाइसेंस धारियों को उनके शस्त्र वापस किए जाएंगे। इस संबंध में रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश में सभी थाना प्रभारी/ओ०पी० प्रभारी, परिचारी प्रवर, सरकारी मालखाना तथा शस्त्र एवं कारतूस विक्रेता दुकानदार को आदेश दिया गया है कि वे ऐसे सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी जिनका शस्त्र थाना/ओ०पी०, सरकारी मालखाना अथवा शस्त्र एवं कारतूस विक्रेता दुकानदार के यहां जमा है, उसे विमुक्त करते हुए शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी को वापस करें। आपको बताएं कि लोकसभा (आम) निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से सम्पन्न कराने हेतु शस्त्र अधिनियम 1962 की धारा 46 (21) के तहत रांची जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्रों को थाना/ओ०पी० अथवा शस्त्र एवं कारतूस विक्रेता दुकान में जमा कराने का आदेश निर्गत किया गया था।

# नियुक्ति पत्र मिला, पोस्टिंग नहीं तीन माह से परेशान हैं जेई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में नगर विकास एवं आवास और पथ निर्माण विभाग में नियुक्त सैकड़ों जूनियर इंजीनियरों को तीन महीने बाद भी पोस्टिंग नहीं मिली है। इनमें कई ऐसे हैं, जो दूसरी जगहों पर नौकरी छोड़कर आए थे। पोस्टिंग नहीं मिलने से इन्हें वेतन का भी भुगतान नहीं हो पा रहा है। झारखंड के सीएम चंपई सोरेन ने 7 मार्च को रांची के शहीद मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम में विभिन्न विभागों में नियुक्त किए गए 2454 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया था। इनमें पथ निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग में कुल 1268 जूनियर इंजीनियर भी शामिल थे। नियुक्ति पत्रों के वितरण के दस दिनों के बाद ही आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई और इनमें से ज्यादातर को पोस्टिंग नहीं मिल पाई। अब ये लोग विभागों के चक्कर लगा रहे हैं। नवनियुक्त इंजीनियर सत्यजीत राय का कहना है कि नगर विकास विभाग के वरीय अफसरों के पास कई बार गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन पोस्टिंग के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है। कई अभ्यर्थियों ने सोशल मीडिया

*मुख्यमंत्री ने मार्च में नियुक्ति पत्र देते समय खूब वाहवाही भी बटोरी थी।*

पर भी यह मुद्दा उठाया है। उन्होंने बताया है कि पोस्टिंग और वेतन नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है। पथ निर्माण विभाग में भी यही स्थिति है। नवनियुक्त जूनियर इंजीनियर सीएम के हाथों मिला नियुक्ति पत्र लेकर पोस्टिंग के लिए परेशान हैं। झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर यह मुद्दा उठाया है। उन्होंने लिखा है, नगर विकास विभाग में नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत से परीक्षा उत्तीर्ण की। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने मार्च में नियुक्ति पत्र देते समय अपने पोस्टर थमा कर खूब वाहवाही भी बटोरी। अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिले 3 महीने से ज्यादा बीत चुके हैं लेकिन उन्हें अब तक पदस्थापना नहीं मिली है। एक तो नियुक्ति का विज्ञापन नहीं आता, अगर विज्ञापन आया तो परीक्षा नहीं। परीक्षा हुई तो नियुक्ति नहीं। नियुक्ति हुई तो पदस्थापना नहीं। आखिर युवा किस हद तक संघर्ष करें?

## न्यूज बॉक्स

### मोदी के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे वंदे भारत के लोको पायलट

**रांची।** रांची रेल डिविजन के लोको पायलट एसपी तिर्की को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया गया है। एसपी तिर्की रांची-हावड़ा व रांची-बनारस वंदे भारत ट्रेन के लोको पायलट हैं। उन्हें राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का भी अनुभव है। एसपी तिर्की को बेस्ट रेलवे वर्कर का पुरस्कार भी मिल चुका है। वे गुमला के निवासी हैं और फिलहाल राजधानी रांची में बिरसा चौक के पास रहते हैं। उनके आलावा देश भर से 10 लोको पायलट को पीएम नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया गया है।



### राज्य में जल, जंगल, जमीन की लूट के खिलाफ जल्द होगा उलगुलान : भुनेश्वर

**हजारीबाग।** हजारीबाग के पूर्व सांसद और झारखंड विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि झारखंड राज्य में जल जंगल जमीन की लूट और विस्थापन के खिलाफ उलगुलान होगा। खुलेआम गैरमजारूआ जमीन एवं जंगल की जमीन की लूट हो रही है जिस पर जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार तमाशाबीन बने हुए हैं। मेहता शनिवार को हजारीबाग स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकार सम्मेलन में कहा कि केवल हजारीबाग में 25 हजार एकड़ जमीन से अधिक जमीन और वन विभाग की जमीन की लूट हुई है। उन्होंने कहा कि आज से पिछले 4 वर्ष पूर्व 500 एकड़ जमीन वन विभाग की जमीन पास हुआ था लेकिन आज तक विभाग मौन है कोई कार्रवाई नहीं करती है। जिले के बड़कागांव और केरेडारी, सदर, कटकमदाग हजारीबाग के आसपास के गांव में खास महल के लगभग 20 हजार एकड़ जमीन की लूट हुई है। इस संबंध में कई जांच हुई, जांच की फाइलें जिला प्रशासन के कार्यालय और राज्य सरकार के दफ्तर में दबी रह गई।

### अवकाश के बाद सोमवार से खुलेगा हाई कोर्ट, हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर भी होगी सुनवाई

**रांची।** ग्रीष्मावकाश के बाद 10 जून से झारखंड हाई कोर्ट की कार्यवाही पूर्व निर्धारित रूप से चलेगी। हाई कोर्ट की सभी बेंच में सूचीबद्ध मामलों की सुनवाई होगी। वहीं 10 जून को ही जमीन घोटाले मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर भी सुनवाई होगी। मामले में अब तक ईडी का जवाब नहीं आया है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने ईडी को मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। यह सुनवाई हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की बेंच में शाम चार बजे होगी। हाई कोर्ट के कैलेंडर के अनुसार इस वर्ष ग्रीष्मावकाश 20 मई से सात जून तक निर्धारित था।

### डीजीपी 10 जून को झारखंड पुलिस मुख्यालय में करेंगे समीक्षा बैठक

**रांची।** डीजीपी अजय कुमार सिंह आगामी 10 जून को 11.30 बजे से विधि व्यवस्था समेत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय में समीक्षा बैठक करेंगे। आचार संहिता हटने के बाद पहली बार सभी जिलों के एसपी, रेंज के डीआईजी और जोनल आईजी के साथ बैठक आयोजित की गयी है।सभी जिलों के एसपी को एजेंडा बिंदुओं के संदर्भ में पूरी तैयारी के साथ बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

# आनो वाले समय में झारखंड में और बेहतर परिणाम देंगे : राजेश ठाकुर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर शनिवार को दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में शामिल हुए। बैठक में राजेश ठाकुर ने झारखंड के लोकसभा चुनाव की विस्तृत जानकारी दी तथा भविष्य में इससे भी बेहतर परिणाम देने का वादा भी किया। उन्होंने राहुल गांधी से लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में दायित्व संभालने का आग्रह भी किया। इस क्रम में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने पूरे देश में 11000 किलोमीटर की यात्राएं की है। इस दौरान उन्होंने देश की आम जनता की समस्याओं को जाना एवं समझा है। देश के आदिवासी,दलित,युवा,



महिला, किसान, मजदूर आम आदमी की समस्याओं से जमीनी स्तर पर रूबरू हुए हैं और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए चुनावो के दौरान पूरी तस्वीर जनता के सामने कांग्रेस द्वारा रखी गई है। अब वक्त है कि केंद्र में गठित होने वाली नई सरकार पर मजबूत विपक्ष का दबाव जन समस्याओं के समाधान के लिए बरकरार रहे। नई गठबंधन की सरकार पर दबाव डालकर कांग्रेस सहित इंडिया के अन्य दलों द्वारा घोषित जनहित के मुद्दों को पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में झारखंड में विधानसभा का चुनाव होने वाला है और हम मजबूती के साथ इस चुनाव में अपने किए गए कार्यों को लेकर जनता के बीच जाएंगे झारखंड की जनता हमारे साथ खड़ी है कई विकास परक योजनाएं चल रही हैं, रोजगार का अवसर पैदा किए गए हैं और आने वाले समय में कई विभागों में रिक्तियां निकलने की प्रक्रिया जारी है चुनाव के पहले उन्हें निश्चित रूप से पूरा किया जाएगा।

# पीएम मोदी के शपथ ग्रहण पर सभी मंडलों में भाजपा मनाएगी उत्सव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पीएम नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार रविवार को देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। देश में इस बार उनके नेतृत्व में एनडीए सरकार बन रही है। शपथ ग्रहण को लेकर दिल्ली में सारी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। एनडीए घटक दल के सभी बड़े नेता दिल्ली पहुंच चुके हैं, कुछ रविवार सुबह तक पहुंच जाएंगे। सभी नव निर्वाचित सांसद भी दिल्ली में जमे हुए हैं। साथ ही सभी प्रदेशों से पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष ,जिलों के अध्यक्ष, प्रभारी, लोकसभा, विधानसभा क्षेत्र के संयोजक, प्रभारी सहित हजारों कार्यकर्ता नौ जून को तीसरी बार




मोदी सरकार के भव्य शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी बनेंगे। इस मौके को प्रदेश भाजपा ने झारखंड के सभी सांगठनिक मंडलों में शपथ ग्रहण के अवसर पर उत्सव मनाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने सभी मंडलों में आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए हैं। बाबूलाल मरांडी ने आज कहा कि झारखंड की जनता ने एनडीए के पक्ष में जनादेश दिया है। कार्यकताओं ने तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का संकल्प लिया था, जो साकार हो रहा है। प्रदेश से भी कार्यकताओं के परिश्रम से भ्रष्ट, निकम्मी और तुष्टिकरण में आकंठ डूबी ठगबंधन सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। जनता विधानसभा चुनाव का बेसब्री से इंतजार कर रही है।

## एक नजर

### प्रमुख ने बैठक में पदाधिकारी के नहीं पहुंचने पर प्रकट की नाराजगी

**गिद्दी।** डाड़ी प्रखंड प्रमुख दीपा देवी ने प्रखंड कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग की बैठक में किसी पदाधिकारी के नहीं पहुंचने पर नाराजगी प्रकट की है। साथ ही हजारीबाग उपायुक्त से इसकी जांच की मांग की है। डाड़ी प्रमुख दीपा देवी कही है कि प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरचू ने टीबी रोकथाम के लिए बैठक रखी थी। जिसमें पंचायत समिति के सदस्य पहुंचे लेकिन बैठक में स्वास्थ विभाग का कोई पदाधिकारी नहीं पहुंचा।

### आधारभूत संरचना को मजबूत कर अरगड्डा क्षेत्र का उत्पादन बढ़ाया जाएगा : डीटी ऑपरेशन

**गिद्दी।** सीसीएल के डायरेक्टर टेक्निकल ऑपरेशन हरिश दुहान ने कहा कि आधारभूत संरचना को मजबूत करके अरगड्डा क्षेत्र के उत्पादन को बढ़ाया जाएगा। क्योंकि अरगड्डा क्षेत्र में उत्पादन बढ़ाए जाने की काफी संभावनाएं हैं। अरगड्डा क्षेत्र को अधिक उत्पादन करने में सहयोग के लिए नई मशीनरी भी उपलब्ध कराया जाएगा। यह बातें सीसीएल के डीटी ऑपरेशन हरिश दुहान ने शनिवार को गिद्दी ए परियोजना के खदान के निरीक्षण के दौरान पत्रकारों से कही। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के मजदूर कर्मियों और आस पास के गांवों के लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी बात कही।

### कुजू में दो अलग अलग दुर्घटनाओं में दो लोग घायल

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र में गुरुवार देर शाम दो अलग-अलग स्थानों पर हुई दुर्घटनाओं में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसमें एक घायल का इलाज सदर अस्पताल व एक अन्य की गंभीर को देखते हुए रिम्स भेजा गया है। मिली जानकारी के मुताबिक करमा के रहने वाले लगभग 75 वर्षीय बरतू महतो गुरुवार को देर शाम में नारायणपुर तालाब के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान एक बैल ने उन्हें जोर से धक्का मारते हुए हाथ को चोटिल कर दिया। उनके हाथ में गंभीर चोट लगने के बाद ग्रामीणों से एंबुलेंस बुलाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है।

### गोला आईटीआई के 10 छात्रों का ब्रेक्स इंडिया कंपनी में चयन

**गोला।** उद्योग विभाग, झारखंड सरकार से संचालित झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम आईटीआई गोला में अध्यनरत 10 छात्रों का चयन जमशेदपुर के ब्रेक्स इंडिया लिमिटेड (टीवीएस ग्रुप) कंपनी में हुआ है। इसकी जानकारी देते हुए कॉलेज के प्लेसमेंट इंचार्ज अभिषेक तिवारी ने बताया कि मशीनिस्ट ट्रेड के 8 छात्र व वेल्डर ट्रेड के 2 छात्र का चयन वहां हुआ है। प्लेसमेंट इंचार्ज ने आईटीआई छात्रों की इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पहले ही वर्ष 10 छात्रों का प्लेसमेंट हासिल करना बेहद खुशी और गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि सरकार आईटीआई के जरिए शानदार प्लेसमेंट इकोसिस्टम के साथ छात्रों को रोजगार के बेहतरीन अवसरों के लिए तैयार कर रही है।

## 17 जुलाई को बरही में होगा आदर्श सामाजिक विवाह

# सामाजिक भावना ने इस दिशा में कार्य करने को प्रेरित किया : अविनाश



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** महालक्खी चैरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले चौपारण निवासी अविनाश आर्या चंद्रवंशी की ओर से बरही में 17 जुलाई को आदर्श समाजिक विवाह का आयोजन किया जायेगा. उक्त बातें युवा समाजसेवी सह भाजपा युवा मोर्चा के उत्तरी छोटानगपुर प्रमंडलीय प्रभारी श्री आर्या ने बरही पूर्वी पंचायत भवन में प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा. उन्होंने कहा कि वह चौपारण के ही रहने वाले है, शिक्षा और व्यवसाय को लेकर वह बाहर गए थे. वर्तमान में वह रांची में व्यवसाय करते हैं. उनके मन में अपने घर के बहनों बेटियों की शादी करने का विचार आया है. इसी उद्देश्य से वह इस प्रकार के समाजिक कार्य करना चाहते है. उन्होंने बताया कि इस विवाह में बरही, चौपारण के वैसे गरीब कन्याओ का शमिल करने की योजना है जिनके माता पिता अथार्भाव के कारण विवाह में रचाने लाचार हैं. इस विवाह आदर्श विवाह में उनकी ओर से दुल्हा-दुल्हन का जोड़ा, बर्तन सेट, अलमीरा सेट,पलंग सेट और कुछ नकद राशि का सहयोग किया जायेगा. उन्होंने यह भी बताया कि इस विवाह में जाति का कोई बंधन नहीं होगा. इस कारण हिंदू कन्याओं के लिए 17 जुलाई और और मुस्लिम कन्याओं का अगस्त में सामूहिक विवाह आयोजित किए जायेंगे. इसके लिए शीघ्र ही पंजीकरण प्रारंभ किए जायेंगे. हिंदू कन्याओं के लिए 10 जुलाई तथा मुस्लिम कन्याओं के लिए 10 अगस्त तक पंजीकरण किया जायेगा. स्थानीय लोगो से ऐसे जरूरतमंद कन्याओं की सूची उपलब्ध करवाने की अपील की गई है. इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि का अनुशंसा होना अनिवार्य है. इस कार्य में गैर राजनीति संगठन या व्यक्ति यदि सहयोग करना चाहते है तो उनका स्वागत है. प्रथम 51 स्थानीय कन्याओं के पंजीकरण के बाद ही आवश्यकता हुई तो आस पास के क्षेत्रों के कन्याओं का भी पंजीकरण किया जायेगा.

> हिंदू कन्याओं के लिए 10 जुलाई तथा मुस्लिम कन्याओं के लिए 10 अगस्त तक पंजीकरण किया जायेगा

## विद्युत विभाग घंघरी फीडर के साथ कर रहा सौतेला व्यवहार

# जर्जर पोल और तार जल्द नहीं बदले गए, तो होगा आंदोलन : मुखिया



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र के कोनहारा खुर्द मुखिया मुन्नी देवी ने विद्युत विभाग पर घंघरी फीडर के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि घंघरी फीडर में कई जगहों पर बिजली के पोल और तार जर्जर स्थिति में है और बडी घटना को आमंत्रित कर रही है। बताया कि बिरहोर कॉलोनी धरहरा के पास पोल टुटकर झुल रहा है। वहीं नव प्राथमिक विद्यालय घंघरी के पास पोल टूट जाने से एलटी तार नीचे झूल रहा है। जिससे विद्यालय आने वाले बच्चों पर हमेशा खतरा बना रहता है। कोनहरा खुर्द में घनी आबादी वाले क्षेत्र में तार की स्थिति जर्जर बनी हुई है। जिससे लोगों पर हमेशा खतरा मंडराते रहता है इसकी लिखित शिकायत विभाग के अधिकारियों को दिया गया परन्तु आजतक इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया। जिससे लोगों में काफी आक्रोश है। उन्होंने बताया कि बरकट्ठा पावर सब स्टेशन से घंघरी फीडर में दुसरे फीडर की अपेक्षा कम विद्युत आपूर्ति किया जाता है। फोन करने पर घंघरी फीडर में कार्यरत अनुबंध कर्मी फोन तक रिसीव नहीं करते हैं। मुखिया ने क्षेत्र में जर्जर पोल और तार को अतिशीघ्र बदलने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते समस्यायों का समाधान नहीं किया गया तो बाध्य होकर ग्रामीणों के साथ आंदोलन किया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### मजबूत विपक्ष सत्ता पक्ष की निरंकुशता पर कसेगा लगाम : खतियानी परिवार



**हजारीबाग।** खतियानी परिवार की एक बैठक धरना स्थल के समीप बाबु भाई विद्रोही की अध्यक्षता में शनिवार को हुई। बैठक में देश के राजनितिक परिदृश्य की समीक्षा करते हुए संतोष व्यक्त किया गया कि देश की जनता ने इस बार संसद में मजबूत विपक्ष का समर्थन कर बेलगाम सरकार पर अंकुश लगा दिया है।उम्मीद की जाती है कि अब सत्ता पक्ष की हिटलर शाही और मनमानी नही चल पाएगी।परिवार भी आरंभ से हीं जन हित में भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष करता रहा है और हमेशा करता रहेगा। बैठक में सईद अहमद,सुरेश महतो, अमर कुमार, बोधी साव, बालेश्वर कुमार दास, प्रदीप कुमार मेहता, अशोक राम,मो हकीम, हनजला, मुन्नी देवी, बिन्दु देवी, आशा देवी, अनवर हुसैन, ललिता कुमारी समेत अन्य साथी उपस्थित हुए।

### समाजसेवी प्रदीप प्रसाद की पहल पर बिजली विभाग ने लगाया 200 केबीए का ट्रांसफार्मर



**हजारीबाग।** दारू प्रखंड के हरली पंचायत के पेटो गांव में बिजली विभाग के माध्यम से 200 केबीए का ट्रांसफार्मर समाजसेवी प्रदीप प्रसाद की पहल पर लगाया गया। ट्रांसफार्मर मिलने के बाद ग्रामीणों में काफी उत्साह दिखा। श्री प्रसाद ने विधिवत रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़ कर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र से जुड़ी जन-सरोकार के समस्याओं को लेकर मैं सदैव आप लोगों के साथ हूं। मौके पर प्रकाश कुशवाहा, जीतन प्रसाद, नरेश कुशवाहा, देवनारायाण कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, मुरारी प्रसाद, मीणा देवी, सरिता, देवन्ती देवी, सुरेन्द्र सिह, मुकेश गिरि सहित काफी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित थे।

### जल, जंगल, जमीन की लूट व विस्थापन के खिलाफ होगा उलगुलान : बीपी मेहता



**हजारीबाग।** झारखंड राज्य में जल जंगल जमीन की लूट और विस्थापन के खिलाफ उलगुलान होगा। खुलेआम गैरमजरूआ जमीन एवं जंगल की लूट हो रही है,जिस पर जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार तमाशबीन बने हुए हैं। उक्त बातें हजारीबाग के पूर्व सांसद और झारखंड विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने हजारीबाग स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकार सम्मेलन में कहीं।उन्होंने कहा कि केवल हजारीबाग में 25 हजार एकड़ जमीन से अधिक जमीन और वन विभाग की जमीन की लूट हुई है। आज से पिछले 4 वर्ष पूर्व 5 सौ एकड़ वन विभाग की जमीन पास हुआ था लेकिन आज तक विभाग मौन है कोई कार्रवाई नहीं करती है। जिले के बड़कागांव और केरेडारी, सदर, कटकमदाग हजारीबाग के आसपास के गांव में खास महल के लगभग 20 हजार एकड़ जमीन की लूट हुई है। इस संबंध में कई जांच हुई,जांच की फाइलें जिला प्रशासन के कार्यालय और राज्य सरकार के दफ्तर में दबी रह गई किसी प्रकार की कोई कार्रवाई आज तक देखने को नहीं मिली है। एनटीपीसी बड़कागांव के पकरी बरवाडीह कोल माइंस में यहां अवैध बंदोबस्ती का एसआईटी जांच कमेटी का गठन हुआ और जांच कमेटी ने जो रिपोर्ट में लिखा 3 हजार करोड़ रुपए से अधिक गैर मजरूआ बंदोबस्ती का भुगतान हो चुका है।

### समाजसेवी प्रदीप प्रसाद के सौजन्य से जगन्नाथ धाम मंदिर में लगेगा तड़ित चालक



**हजारीबाग।** सदर प्रखंड के सिलवार मे भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने गणमान्य लोगों के साथ बैठक कर आगामी होने वाले सिलवार मेला में तड़ित चालक यंत्र जग्रनाथ धाम मंदिर प्रांगण में लगाने को लेकर चर्चा किया। प्रदीप प्रसाद ने कहां कि पिछले साल रथ यात्रा मेला में व्रजपात होने के चलते घटनास्थल पर ही दो लोगों की मृत्यु हो गई थी। साथ ही कई लोग घायल हो गयें थे। श्री प्रसाद ने कहा कि भविष्य मे इस तरह की घटना दुबारा न हो इसके लिए हमनें स्थानीय लोगों के साथ बैठकर कल ही तड़ित चालक यंत्र मंदिर परिसर में लगाने का निर्णय लिया है।इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य कौलेश्वर रजक,भागीरथी प्रसाद,सुभाष चंद्र प्रसाद, विनय यादव,चेतलाल शर्मा, विजय पांडे, विशेश्वर पांडे,ओम प्रकाश देव,मोहन शर्मा, शंभू प्रसाद,विजय वर्मा,गोला प्रसाद,पंकज दास एवं विकास प्रसाद उपस्थित थे।

### दनुआ घाटी में सड़क दुर्घटना, हताहत नहीं



**हजारीबाग।** जिले में स्थित दनुआ घाटी में शनिवार को एक बार फिर बड़ा हादसा हो गया। गनीमत रही इस दुर्घटना में किसी की जान नहीं गयी। दरअसल चौपारण जिले के एनएचटू स्थित इस घाटी में दो ट्रक पलट गया। जिसमें ट्रक चालक तथा उनके साथ मौजूद उपचालक घायल हो गए। घटना के बाद सड़क के दोनों ओर लंबी जाम लग गयी। इधर जैसे ही इसकी सूचना हजारीबाग पुलिस को मिली वह घटनास्थल पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटाने में लग गयी। कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक को वहां से हटा लिया गया। जब जाकर राहगीरों ने राहत की सांस ली। जाम में फंसे रहने के कारण यात्रियों को तपती गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं घायल चालक व उपचालक को उपचार के अस्पताल में ले जाया गया। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक में सरिया लदा हुआ था।

### किसान खेती में कृषि कार्यालय से संपर्क कर तकनीकी सहायता अवश्य लें : विधायक



**बरही।** शनिवार से बरही प्रखंड ने झारखंड सरकार की अनुदानित बीज वितरण कार्यक्रम की शुरूआत हुई. जिसका शुभारंभ स्थानीय विधायक सह झविस निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला यादव ने रसोईयाधमना पैक्स में फीता काटकर किया. किसानों को बीज देते हुए विधायक ने कहा कि बरसात आने ही वाला है. किसान खेत तैयार रखें और समय से बुआई करें, जिससे उन्नत पैदावार हो सके. किसी भी प्रकार के तकनीकी सहयता के लिए प्रखंड कृषि कार्यालय से संपर्क करें. प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी संजय कुमार यादव ने बताया कि किसानों को तकनीकी उपलब्ध करवा रही है. किसानों को जानकारी देते हुए प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी संजय कुमार यादव ने बताया कि एमटीयू 1010 नामक धान के बीज उपलब्ध हो चुके हैं. जिसे किसानों को पैक्स के माध्यम से दिया जायेगा. पैक्स अध्यक्ष सुनील साहू ने बताया कि 150 क्विंटल बीज उपलब्ध हो चुके है।

## जेबीकेएसएस के प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को सौंपा मांग पत्र



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई का प्रतिनिधि मंडल 8 जून को केंद्रीय महामंत्री राजेंद्र बेदिया के नेतृत्व में उपायुक्त कार्यालय रामगढ़, अनुमंडल कार्यालय रामगढ़, श्रम अधीक्षक रामगढ़, नियोजनालय पदाधिकारी रामगढ़ को मजदूरों की समस्या को लेकर एक मांग पत्र सौंपा। जिसमें पत्र में कहा गया कि आउटसोर्सिंग कंपनी आरए माइनिंग पीवीटी एलटीडी सयाल डी कोलियरी बरका सयाल एरिया में बीते 26 जनवरी के दिन मजदूर कार्य के बदले दोगुना मजदूरी की मांग कर रहे थे। मांग पत्र में बताया गया कि इन मजदूरों को काम से निकाल दिया है। बताया गया कि जिन्हें निकला गया उनमें हीरालाल महतो, विद्युत करमाली, वीरेंद्र महतो, वसंत चौहान, रितेश कुमार सिंह, द्वारिका महतो, मंजर अंसारी, रवि विश्वकर्मा, इरफान अंसारी शामिल हैं। अधिकारियों से इन मजदूरों को समस्या के समाधान कि मांग कि गई। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से केंद्रीय संगठन महामंत्री रवि महतो, राजेंद्रबेदिया, केंद्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा पनेश्वर महतो, जिला कोर कमेटी सदस्य गिरी शंकर महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, संजीव साहू, प्रभु दयाल महतो, द्वारिका महतो,विद्युत करमाली, बसंत चौहान, रितेश सिंह, हीरालाल महतो आदि शामिल थे ।

## पारस एचईसी व लायंस क्लब ने लगाया जांच शिविर

# 75 लोगों ने कराई नि:शुल्क जांच



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** पारस एचईसी रांची एवं लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के सौजन्य से शनिवार को ट्रेकर स्टैंड भुरकुंडा स्थित राज नर्सिंग होम में नि:शुल्क हृदय जांच एवं कैंसर जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में विशेषज्ञ डॉ. महेश कुशवाहा कंस्ल्टेंट कार्डियोलॉजी एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन), डीएम (कार्डियोलॉजी) द्वारा करीब 75 मरीजों का नि:शुल्क हृदय जांच कर उचित परामर्श दिया गया। साथ ही कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव को लेकर जागरूकता फैलाते हुए डॉ. महेश कुशवाहा ने कहा कि कैंसर से बचाव के लिए खान-पान में परहेज करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि खैनी, बीडी, सिगरेट, गुटखा व पान मशाला कैंसर का मुख्य कारण है। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए। साथ ही बाजारों में बिकने वाले मिलावटी खान-पान से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि कैंसर एक घातक बीमारी है जो कि हो जाने के बाद व्यक्ति को तुरंत पता नहीं चलता, अगर समय पर इलाज कराया जाये तो रोगी ठीक हो सकता है। उन्होंने लोगों से हल्की-फुल्की भी शारीरिक तकलीफ होने पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की बात कही। साथ ही कैंसर से बचाव व उपचार के लिए जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। शिविर में बीपी, आरबीएस, एसपीओ-2 एवं ईसीजी आदि का नि:शुल्क जांच किया गया। मौके पर अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी ने कहा कि क्लब अपने सामाजिक दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करता आया है, जो आगे भी जारी रहेगा। मौके पर एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, एमजेएफ लायन सोनाराम मांझी, एमजेएफ लायन संजय कुमार, लायन अशोक सिन्हा, लायन अखिलेश शर्मा, लायन विजयंत कुमार, विजय वर्णवाल, शिवा प्रसाद, निर्मल अग्रवाल, डॉ. मंजुल, मो. मुमताज, प्रमोद शर्मा, संजय कुमार, राजेश अग्रवाल, अजय सिंह, रमेश अग्रवाल, संजय सिंह, विमल प्रसाद सहित क्लब के कई लोग मौजूद थे।

> कैंसर एक घातक बीमारी है जो हो जाने के बाद व्यक्ति को तुरंत पता नहीं चलता, अगर समय पर इलाज कराया जाए तो रोगी ठीक हो सकता है

## खनन विभाग है चमेली खदान में मासूमों की मौत का जिम्मेदार : डॉ आरसी मेहता



**हजारीबाग।** नेशनल पार्क के समीप जंगलों के बीच चमेली पत्थर खदान में दर्जनों नाबालिग बच्चों एवं जंगली पशुओं की मौत हो चुकी है। 3 दिन पूर्व ही 16 वर्षीय जमन अब्बास पिता जफर अब्बास जैन मंदिर रोड हजारीबाग की इसी खदान में डूबने से मौत हो चुकी है। इन सब मौतों का जिम्मेवार खनन विभाग है क्योंकि खनन संविधान में नियम है कि खनिज निकालने के बाद उसे बालू या अन्य मटेरियल से भर दिया जाता है तथा उक्त स्थान पर पर्यावरण सुरक्षित करने हेतु पौधा लगाना या सुंदरीकरण करना है। परंतु खनन विभाग झारखंड में ऐसा नहीं कर नियम का उल्लंघन करते हुए मौतों को निमंत्रण दे रहा है। खदान वैध है या अवैध यह जांच का विषय है। हद तो तब हो गई जबअब्बास के डूबने के 2 दिन के बाद एनडीआरएफ टीम यहां पहुंची है इसमें कहीं ना कहीं सरकार भी दोषी है। उक्त बातें कांग्रेस नेता हजारीबाग विधानसभा के उपविजेता डॉ आरसी मेहता ने चमेली पत्थर खदान स्थल निरीक्षण के दौरान कही। डॉ मेहता ने कहा कि दर्जनों बार ऐसा तांडव हुआ है अब झारखंड सरकार को संज्ञान में ले कर डीएमएफटी फंड जो खनन विभाग को टैक्स मिलता है उसी टैक्स से चमेली खदान सहित झारखंड के सभी खदानों को बाउंड्री या बैरिकेड करें। सभी मृतकों के परिजनों को आपदा राहत के तहत 10-10 लाख सरकार मुआवजा दे।

## 1608 मतदाता करेंगे 19 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज

**रामगढ़।** श्री मारवाड़ी सत्यनारायण मंदिर एवं धर्मशाला संस्था के सत्र 2024-26 के 11 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति के लिए 19 सदस्य चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। जिनके भाग्य का फैसला 1608 मतदाता करेंगे। जिसे लेकर सभी प्रत्याशी डोट-टू-डोर चुनाव प्रचार में जुटे हैं। मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। चुनाव मैदान में पतपत्र के अनुसार अरविंद गोयल, आयुष अग्रवाल, बजरंग लाल अग्रवाल, बिमल बुधिया, हरिश कुमार, महावीर प्रसाद खंडेलवाल, मनोज बंसल, मनोज मित्तल, मुरारी लाल अग्रवाल, नरेश कुमार अग्रवाल, प्रदीप कुमार शर्मा उर्फ पप्पू शर्मा, प्रवीण कुमार अग्रवाल, संदीप कुमार अग्रवाल, सावरमल अग्रवाल, श्याम सुंदर शर्मा, सुनील गोयल, उमेश राजगढ़िया, विकास शाह एवं विनोद कुमार पंकज है। चुनावी प्रक्रिया को संपन्न कराने में चुनाव पदाधिकारी गोविन्द मेवाड़, श्याम सुन्दर परशुरामपुरिया, रमेश बौदिया तथा किशोर जाजू ने संयुक्त रूप जुटे हैं।

## खैरा में हर घर नल जल योजना हुआ फेल

# लाभुकों के घर जल पहुंचने से पहले सीमेंट से बना पानी टावर स्टैंड धंसा



**नवीन मेल संवाददाता। टाटीझरिया** प्रखंड के क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के कई गांवों में संवेदक द्वारा हर घर नल जल योजना में अनिमियत्ता बरतने की खबरे अब तक कई इलेक्ट्रोनिक, न्यूज पोर्टल, यूट्यूब, हिंदी दैनिक अखबार के पत्रकारों द्वारा अखबारों में प्रकाशित किया गया है। लेकिन अब तक पेय जल स्वक्षता प्रमंडल हजारीबाग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी,प्रशासनिक पदाधिकारी गणों ने मामले को संज्ञान में लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। बात दे कि हजारीबाग जिला के टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के खैरा पंचायत पसंस विनय कुमार , समाज सेवी अरविंद केशरी संग कई ग्रामीणों ने कहा कि संवेदक द्वारा सीमेंट, बालू, छड़, छर्री से निर्मित स्टेंड में लापरवाही बरती गई है। जिसके कारण नल जल योजना के तहत लोहे के खंभा, टंकी, सोलर पलेट, जिसमें लगा होता है वह जमीन में ही बैठता जा रहा है। योजना कार्य के तहत हर घर नल जल योजना की कनेक्शन अब तक खैरा में हुआ भी नही की पानी टंकी में उपयोग किया और बिछाया गया पाइप लाइन टूटना, फटना, कबड़ना चालू हो गया। वही उन्होंने यह भी कहा कि सीमेंट से निर्मित पानी टंकी का स्टेंड धस जाने तथा पानी टावर टंकी झुक जाने से आस पास के घरों में डर बना हुआ है। मुहल्ले वासी कहते है की कभी भी हमलोगो के घरों में भारी भरकम लोहे के खंभा सहित पानी टावर टंकी गिर सकता है। जिससे जान माल का नुकसान की संदेह आका जा रहा है। हम सभी ग्रामीण सबंधित विभाग से आग्रह करते है कि मामले को संज्ञान में लेकर समस्याओं का समाधान करवाने का कार्य करे ताकि जान माल की सुरक्षा हो सके।

## विकास

## पहले चरण में 12 जून से होगा नि:शुल्क स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ

# जनता की सेवा करना ही मेरी प्राथमिकता है : हर्ष अजमेरा




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कटकमदाग प्रखंड के बानादाग पहाड़ी मंदिर के समीप विकास कुमार कुशवाहा की निवास स्थान पर सेवा सहयोग समिति के द्वारा एक अहम बैठक आयोजित की गई, बैठक में मुख्य रूप से युवा समाजसेवी व संस्था के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा स्वयं शामिल हुई, आसपास के क्षेत्र के लोगों श्री अजमेरा का भव्य स्वागत किया, दीप प्रज्वलित के साथ बैठक विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ। बैठक में रेखा देवी एवं गुड़िया देवी के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास कुमार कुशवाहा के द्वारा तथा संचालन सुनील कुमार पांडे के द्वारा किया गया, बैठक में बड़ी संख्या में माता,बहनें शामिल रही, बैठक में मुख्य रूप से सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में आयोजित होने वाली पंचायत स्तरीय निशुल्क स्वास्थ्य मेला को लेकर विचार विमर्श किया गया। बताया गया कि आगामी 12 जून से पहले चरण में पंचायत स्तरीय नि:शुल्क स्वास्थ्य मेला प्रारंभ होगा जिसकी शुरूआत कटकमदाग प्रखंड से की जाएगी।

### नारी शक्ति ने बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विचार किया

बैठक में भारी संख्या में नारी शक्तियों ने अपनी अपनी विभिन्न मुद्दों को रखा, संस्था के अध्यक्ष सह युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा ने सभी नारी शक्तियों को विश्वास दिलाया है कि आपकी परेशानियों का निष्पादन जल्द ही किया जाएगा। मौके पर युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने अपने संबोधन में कहा कि सदर विधानसभा की जनता की सेवा करना ही मेरी प्राथमिकता है तथा मेरा उद्देश्य साथ ही कहा कि नारी शक्ति के बिना देश और राज्य का उत्थान संभव नहीं है, भारत की नारी सबल सशक्त नारी है, जिसकी देश के उत्थान में बराबर भागीदारी रहती है। साथियों उन्होंने कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में पंचायत स्तरीय निशुल्क स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है जिसके जरिए प्रखंड में निवास करने वाली जनता जनार्दन अपनी स्वास्थ्य का जांच करा सकें, यह स्वास्थ्य मेला आगामी 12 जून से प्रारंभ हो रहा है।

## फाइलेरिया रोगियों की पहचान को लेकर कार्यक्रम आयोजित

# 302 लोगों की जांच के लिए लिया गया ब्लड सैंपल



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा द्वारा शुक्रवार को रेंडम साइट ग्राम गंगपाचों में फाइलेरिया रोगियों की पहचान के लिए अनिल कुमार एमपीडब्ल्यू के सुपरविजन में नाइट ब्लड सर्वे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में लैब टेक्नीशियन चंदन कुमार, राजीव कुमार, बसंत कुमार, एमपीडब्ल्यू किशन राम, वीरेंद्र कुमार, जस्टिन बिन्हा, सुधीर कुमार पासवान, दीपेश कुमार, मनिंदर कुमार बीटीटी प्रकाश पंडित एवं नरोत्तम कुमार सहिया साथी रीना देवी सहिया उर्मिला देवी, मुकुल देवी, प्रतिमा चौधरी का योगदान अहम रहा। वहीं कार्यक्रम के तहत 21 वर्ष से ऊपर के कुल 302 ग्रामीणों का ब्लड सैंपल जांच के लिए लिया गया।

## एक नजर

### ओल्ड एज होम में 13 लोगों का हुआ हेल्थ चेकअप

**कोडरमा।** डीसी के निर्देश पर झुमरी तिलैया नगर परिषद स्थित ओल्ड एज होम में रह रहे लोगों का हेल्थ चेकअप शनिवार को किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी कोडरमा डॉ आरपी शर्मा के नेतृत्व में कुल 13 लोगों का हेल्थ चेकअप किया गया। साथ ही आवश्यकता अनुसार उनके बीच दवा का वितरण किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शर्मा ने कहा कि किसी भी प्रकार की सुविधा के लिए हमारी टीम हमेशा तत्पर रहेगी। हेल्थ चेकअप कैंप में सीएचओ सारिता कुमारी, जीएनएम ज्योति चौधरी, ड्रेसर दिनेश कुमार, बीपीएम का अहम योगदान रहा।

### डीसी ने जलापूर्ति योजनाओं के निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर जतायी नाराजगी

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में डीसी मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में शनिवार को पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अंतर्गत संचालित जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत जलापूर्ति योजना की समीक्षा की गयी। डीसी ने तेलोडीह ग्रामीण जलापूर्ति योजना, सतडीहा ग्रामीण जलापूर्ति योजना, कोडरमा, जयनगर, डोमचांच बहुउद्देशीय ग्रामीण जलापूर्ति योजना, कटैया माधोपुर जलापूर्ति योजना, राजाबर ग्रामीण जलापूर्ति योजना, मरकच्चो ग्रामीण जलापूर्ति योजना, सोलर आधारित एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना समेत कई योजनाओं की समीक्षा की। डीसी ने जलापूर्ति योजना के निर्माण कार्य की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त की। साथ ही सख्त निर्देश दिया कि कार्य में तेजी लाएं और निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करें। जलापूर्ति योजना के निर्माण कार्य से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सूचित करें, ताकि समाधान करते हुए निर्माण कार्य को पूरा किया जा सके।

### पहली बारिश से किसान जुटेंगे खेती-बारी के कार्य में

**कोडरमा।** जिले में किसान बारिश का इंतजार कर रहे हैं। इसके बाद खेतों की जुताई शुरू की जाएगी। खरीफ फसल के लिए किसानों को इस सप्ताह से अनुदान पर सरकारी धान बीज पैक्सों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। जिले में किसानों को समय से धान बीज उपलब्ध हो, इसके लिए कृषि विभाग द्वारा सरकार से आबंटन मांगा गया है। जिले में अधिक उपज वाले हाईब्रीड आदि धान के कई किस्म के बीज किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा। फिलहाल जिले को 620 क्विंटल धान बीज का आबंटन हुआ है। इसमें डीआरआरएच टू 100 क्विंटल मिले हैं, जिसे किसानों को 110.50 रू किलों की दर से धान बीज उपलब्ध कराया जाएगा। यह बीज हाईब्रीड किस्म का होगा। जबकि एमटीयू 7029 बीज 20 क्विंटल मिला है, जो किसानों को 20.30 रू. प्रतिकिलो, जबकि एमटीयू 1010 बीज 500 क्विंटल प्राप्त हुआ है।

डीसी ने की जिला स्तरीय सतर्कता व अनुश्रवण समिति की बैठक

# पीड़ितों को समय पर समुचित लाभ उपलब्ध कराएं



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जिले में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के क्रियान्वयन से संबंधित विभिन्न एजेंडों की बिंदुवार समीक्षा की। इसमें पदाधिकारियों को अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों को सख्ती से लागू करने तथा प्रावधान के अनुसार पीड़ितों को समय पर समुचित लाभ उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इस दौरान अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत दर्ज विभिन्न मामलों के अनुसंधान स्थिति की समीक्षा की गई। जिसमें आवश्यक अनुसंधान शीघ्र पूरा करते हुए पीड़ित पक्ष को मुआवजा प्रस्ताव एवं पीड़ित व्यक्ति को प्रतिकार प्रदान करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही इस दौरान उन्होंने आईटीडीए निर्देशक को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) 1989 के विभिन्न प्रावधानों के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन का भी निर्देश दिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, आईटीडीए निर्देशक सरोज तिर्की, अनुमंडल पदाधिकारी सुमन तिर्की, समाज कल्याण पदाधिकारी सुरज मुन्नी कुमारी, विधायक प्रतिनिधि कोलेबिरा मो० समी आलम व अन्य उपस्थित थे।

### प्रखंडों में संचालित आधार पंजीकरण केंद्रों का समयबद्ध संचालन सुनिश्चित करें बीडीओ

सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त ने सुदूर क्षेत्र में संचालित आधार पंजीकरण केंद्रों की समीक्षा करते हुए उन क्षेत्रों में आधार पंजीकरण केंद्र का ससमय संचालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जो आधार केंद्र प्रखंड स्तर पर संचालित है और अभी के समय में वह बंद है तो उसे प्रखंड विकास पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर चालू कराने का निर्देश दिया। साथ ही आधार पंजीकरण की सुविधा जिन पंचायत भवनों में है, उन्हें सशक्त करने का भी निर्देश दिया गया। उपायुक्त महोदय ने आधार लिंकिंग जन्म पंजीकरण का कार्य इंडियन पोस्ट एवं आई.पी.पी.बी के माध्यम से जो क्रियाशील है उसे समाज कल्याण विभाग से समन्वय स्थापित कर जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का रोस्टर निकलते हुए 0 से 5 वर्ष के आयु के बच्चों के आधार पंजीकरण में भी तीव्रता लाने का निर्देश दिया। साथ ही शिक्षा विभाग बीआरसी के माध्यम से आधार पंजीकरण एवं अपडेट हेतु यूआईडी किट को क्रियान्वयन करते हुए आधार पंजीकरण का कार्य करने का निर्देश दिया।बैठक में डीपीओ यूआईडीएआई सरोज कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सीएससी मैनेजर, सहित जिला स्तरीय कई अधिकारी उपस्थित थे।

### विद्यालय खुलते ही जन जागरण केंद्र हुआ एक्टिव, छलांग के तहत आयोजित हुआ खेल मेला



**बरही।** ग्रीष्मावकाश के बाद शनिवार से राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में पठन पाठन कार्य प्रारंभ हो गया. पहले दिन विद्यार्थियों की संख्या कम पाई गई. पहले दिन से ही स्वयं सेवी संस्थान जन जागरण केंद्र अपने दायित्वों को लेकर सक्रिय रहा. उत्क्रमित मध्य विद्यालय बुंडू में छलांग परियोजना के तहत खेल मेला का आयोजन किया गया. जिसके तहत बच्चो के बीच विभिन्न प्रकार के खेल आयोजित किया गया. जिसे सफल बनाने में जन जागरण केंद्र के फील्ड कॉर्डिनेटर आरती कुमारी, नरेश कुमार एवं वोलेंटियर दीपक कुमार आदि ने महत्ती भूमिका निभाई. खेल मेला में बच्चो के बीच बिल्डर एंड बुलडोजर, डोज बाल, ट्रेजर हंट, स्टील द ट्रेजर इत्यादि खेल शामिल हैं.

## न्यूज बॉक्स

### वनाधिकार समिति की बैठक में चार मामलों की हुई समीक्षा

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान वन अधिकार हेतु सामुदायिकपट्टा के लिए प्राप्त 04 आवेदनों पर विचार विमर्श किया गया. वहीं उपायुक्त ने कहा कि जिले में वनाधिकार का लाभ पाने के लिए जो भी योग्य लाभुक हैं. नियम के अनुसार सभी को वन पट्टा दी जाएगी. उपायुक्त महोदय ने ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत कुटनियां,बरपानी, अलसंगा, एवं सरदार टोली गांव के सामुदायिक वन पट्टा के मामलों की समीक्षा की, दौरान उपायुक्त ने कहा कि उस क्षेत्र एवं गांव में निवास करने वाले सभी लोगों को उस क्षेत्र का सभी का अधिकार हो इसे सुनिश्चित करें। अगर किसी का नाम छूट गया है तो उसकी जांच करते हुए समुदायिक वन पट्टा की स्वीकृति देने की बात कहीं। बैठक में आईटीडीए निर्देशक श्रीमती सरोज तिर्की, अनुमंडल पदाधिकारी सुमन तिर्की, जिला परिषद सदस्य शांति बाल केरकेट्टा सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### पेयजल की समस्याओं से जूझ रहे ग्रामीणों से मिले भाजपा नेता श्रद्धानन्द बेसरा



**सिमडेगा।** शनिवार को ग्रामीण जन संपर्क के दौरान पुर्व भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा ने सिमडेगा प्रखंड कुलुकेरा पंचायत के करम टोली ग्राम पंहुचे एवं गांव के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए।ग्रामीणों ने पानी की समस्या के संबंध में श्री बेसरा को जानकारी दिया कि गांव के अधिकांश चापाकलें खराब है, जिसके कारण पेयजल की समस्या बनी हुई है। स्कूल खुलने से स्कुली बच्चों को भी पेयजल की समस्या हो रही है। गांव में एक जलमिनार बनाया गया है परन्तु विगत तीन वर्षो से उक्त जलमिनार से जलापूर्ति ठप है।श्री बेसरा ने उपरोक्त सम्बन्ध में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल सिमडेगा कार्यपालक पदाधिकारी को जानकारी दिया एवं खराब चापाकलों को शीघ्र मरम्मती करने के लिए आग्रह किया किया।वहीं विद्युत ट्रांसफार्मर के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि हमारे गांव में 25 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया है।जो कि गांव के पर्याप्त नहीं है जिसके कारण घरों में डीम वोल्टेज का शिकायत रहता है ।मौके पर साथ में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता दीप नारायण दास, गोविंद राम,बबलू मेहर,अमृत मेहर, विपुल मेहर, अभय कुमार हेमनारायण दास इत्यादि अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### कुरडेग लैम्प्स में धान बीज के वितरण की हुई शुरूआत



**कुरडेग।** लैम्पस में खरीफ फसल हेतु अनुदानित दर पर धान बीज का वितरण शनिवार को शुरू किया गया। धान बीज वितरण का शुभारंभ मुखिया उर्मिला कुजूर,एटीएम अनु सोफिया एक्का,लैम्पस प्रबंधक दिलीप सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।प्रबंधक दिलीप सिह ने बताया कि लैम्पस में एमटीयू 1010 किस्म की 100 क्विंटल धान बीज उपलब्ध है। किसान ब्लॉकचेन प्रणाली में अपना निबंधन करा कर बीज प्राप्त कर सकते हैं। यूरिया एवं डीएपी खाद भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और किसानों को अनुदानित दर पर दिया ज रहा है। प्रथम दिन कुल 5 किसानों के बीच धान बीज वितरण किया गया।

### निर्मल जैन के नेतृत्व में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने लगाया रक्तदान शिविर



**हजारीबाग।** ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने किया। शिविर का शुभारंभ नियमित रक्तदाता अभिषेक कुमार ने रक्तदान करके किया, तत्पश्चात हीरो शर्मा, सोमू कुमार, राहुल शर्मा,अमर जैन विनायका, जीतू वर्मा, साकेत तिवारी, रोहित मिश्रा, अभिनित कुमार और रवि कुमार गुप्ता ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद देते हुए उन्हे सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान करना एक बहुत ही महान कार्य है। वर्तमान में हजारीबाग में 271 थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक से उन्हें रक्त उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसमें जिले के समस्त रक्तदान शिविर लगाने वाली स्वयंसेवी संस्थाओ एवं स्वैच्छिक रक्तदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। आगामी 18 जून को वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन द्वारा इन पीड़ितों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज (सदर अस्पताल) में किया जाएगा। इस शिविर मेंअधिक से अधिक रक्तदाता शामिल होकर रक्तदान कर मानवता का परिचय दें।

नगर परिषद ने पर्यावरण जागरूकता व वृक्षारोपण कार्यक्रम किया आयोजित

# पर्यावरण संरक्षण हमारे बच्चों और आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहर कदम है




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** विश्व पर्यावरण दिवस 1973 को मनाया गया था। पर्यावरण खतरों के बारे में और इससे होने वाले नुकसान को किन तरीकों से रोका जा सकता है इन चीजों के प्रति लोगों को जागरूक करने के मकसद से यह दिन मनाया जाता है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरुकता फैलाने के मकसद से विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की शुरूआत हुई थी। हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। पर्यावरण संरक्षण हमारे बच्चों और आने वाली पीढ़ियों को एक बेहतर और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हर साल विश्व पर्यावरण दिवस को एक थीम के साथ मनाया जाता है। इस साल की थीम है- 'भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता। सिमडेगा नगर परिषद अंतर्गत पर्यावरण पखवाड़ा 05 जून से 22 जून 2024 तक मनाया जाना है। शनिवार को नगर परिषद शहरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत वार्ड नं० 05, 16 एवं 17 में आवास पूर्ण किए गये 55 लाभार्थियों को फलदार पौधे देकर प्रशासक नगर परिषद सिमडेगा द्वारा वृक्षारोपण किया गया। साथ ही डी.ए.वाई-एन.यू.एल.एम के स्वयं सहायता समूहों के साथ बैठक आयोजन कर पर्यावरण से संबंधी जागरूक करते हुए वार्ड नं0 11 एवं 17 में 45 पौधे देकर वृक्षारोपण कराया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में नगर प्रबंधक, नगर मिशन प्रबंधक, नगर परिषद के कर्मी एवं सभी सीआरपी उपस्थित रहकर भाग लिये।

> सिमडेगा नगर परिषद अंतर्गत पर्यावरण पखवाड़ा 05 जून से 22 जून 2024 तक मनाया जाना है

### पुलिस के हत्थे चढ़े गीतांजलि ज्वेलर्स में लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले पांच अपराधी




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** पुलिस कप्तान अरविंद कुमार सिंह ने शनिवार को मीडिया को जानकारी देते हुए बताया विगत 16 मार्च को संध्या करीब 09 बजे काली बाड़ी रोड स्थित गीताजंली ज्वेलर्स में हथियार से गोली चलाते हुए लूट की घटना घटी थी। घटना पर उनके द्वारा अनुसंधान और कांड के उद्भेदन हेतु शिवाशीष कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर हजारीबाग के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया।टीम के द्वारा कांड के अनुसंधान में प्राप्त साक्ष्यों के तकनीकी विश्लेषण तथा सूचना तंत्र के आधार पर कांड का उद्भेदन करते हुए इस कांड में शामिल सभी पांच अपराधकर्मियो को कांड में लूटा हुआ आर्टिफिसियल जेवर तथा घटना में प्रयुक्त हथियार दो स्वचालित पिस्तौल, गोली के साथ तथा घटना में उपयोग में लाई गई दो मोटरसाईकिल जो गत फरवरी में बड़कागांव थान क्षेत्र से चोरी किया गया था,को बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार सभी अपराधकर्मियों को बरामद जप्त सामानों के साथ न्यायिक हिरासत में भेजा गया।गिरफ्तार अपराधकर्मियों में का डेविड मिंज थाना टंडवा जिला चतरा,अविनाश कुमार कटकमदाग, विद्या कुमार उर्फ बेदिया बांका थाना कटकमदाग,पंकज कुमार,बांका थाना कटकमदाग एवं विक्रम कुमार,कटकमदाग जिला हजारीबाग शामिल हैं।

### भराजो उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रधानाध्यापक को हुआ मातृ शोक



**नवीन मेल संवाददाता। टाटीझरिया** प्रखंड क्षेत्र के भराजो पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय भराजो के प्रधानाध्यापक बिनोद कुमार दास उर्फ बिनोद सर के माता जी का देहांत 8 जून 2024 दिन शनिवार ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष तिथि द्वितीय आद्रा नक्षत्र को रांची मेडिको अस्पताल में इलाज के दौरान समय लगभग प्रातः 5: 59 मिनट में देहांत हो गया। मृतिका अपने पीछे पति बेटे बेटी नाती पौता समेत भरा पूरा परिवार को छोड़ गई। परिजनों का रोरो कर बुरा हाल है। माता - पिता हमारे जीवन के प्राथमिक गुरु होते है जो हमे इस संसार में ला कर परिवार में संघटित करते है। उनका प्यार समर्थन और शिक्षा से हम अपने आप को आत्मनिर्भर बनाते है साथ ही जीवन के चुनौतियों का सामना करते है। 3.माता पिता हमे सही मार्ग दर्शन और समाज में अच्छे व्यक्तित्व के विकास में सहायता करते है। उनके संघर्ष समर्पण और त्याग ने हमे नैतिकता और सच्चाई के मूल्यों की प्राथमिकता सिखाते है। वे हमारे आध्यात्मिक और शारीरिक विकास में भी भूमिका निभाते है जिससे हम एक संतुलित और स्वस्थ्य जीवन जी सकते है। माता पिता के प्रेम और समर्थन के बिना हमारा जीवन अधूरा होता है,उनके साथ हमे खुशियां और दुखों का सामना करना सिखाते है। उनके प्रति हम सबको आभारी रहना चाहिए क्योंकि उन्होंने हमे इंसानियत और मूल्यों के साथ जीने का संस्कार दिया है। माता पिता का संरक्षण और प्रेम हमे आत्मविश्वास तथा सकारात्मक सोच के साथ जीवन के मुस्किल समयो से निपटने में मदद करता है। उनके संघर्ष और समर्पण की कहानियां हमे साहस सामर्थ्य और सहनशीलता की शक्ति सिखाती है। माता - पिता हमारे अनमोल संसाधक होते है,जो हमे एक उच्च और समर्थ व्यक्ति बनाने के लिए हमेशा प्रेरित करते हैं।

लापरवाही : इलाज के नाम पर एक घंटे बाद बेहोश छात्रा का बीपी और ऑक्सीजन लेवल जांचा

# डॉक्टर नही पहुंचे तो बेहोशी के हालत में ही कर दिया रेफर



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** प्रखंड के प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में शनिवार सुबह स्कूल खुलने के बाद उस समय अफरातफरी मच गई जब कक्षा 10 वीं की छात्रा संध्या कुमारी की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। इससे पहले की स्कूल के शिक्षक कुछ समझ पाते बिना देर किए किए छात्रा को जलडेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवा दिया। इस संबंध में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विद्याधर भुईयां ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में छात्रा संध्या कुमारी को लाने के बाद समय पर उसका इलाज नहीं होने पर छात्रा हॉस्पिटल में ही बेहोश हो गई। अस्पताल में कार्यरत नर्सों ने बांसजोर के डॉक्टर प्रियांशु बेसरा से फोन पर बात कर के बीपी और ऑक्सीजन लेबल को जांचा। करीब एक घंटे तक छात्रा बेड में में बेहोसी के हालत पर पड़ी रही। फिर भी कोई जिम्मेदार या प्रभारी डॉक्टर छात्रा के इलाज के लिए नही पहुंचा। लेकिन इसके बाद भी कोई तब तक भी न तो कोई डॉक्टर छात्रा का इलाज करने पहुंचा न कोई नर्स , जिसके बाद प्रधानाध्यापक ने छात्रा के परिजनों को इसकी जानकारी दी। और आनन फानन में 108 के मध्यम से छात्रा को सदर अस्पताल भेज दिया गया।बता दें कि आज फिर अस्पताल में लापरवाही का मामला सामने आया है यहां मरीज आने पर भी डॉक्टरों में कोई गंभीरता नहीं दिखती है। इधर घटना की जानकारी जलडेगा बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार को मिलने पर उन्होंने तुरंत जलडेगा अस्पताल पहुंचकर छात्रा का हाल चाल जाना और छात्रा को बेहतर इलाज के लिए कई निर्देश दिए। उन्होंने 108 एंबुलेंस कर्मियों से छात्रा को ऑक्सीजन देकर सिमडेगा लेने की बात कही। वहीं बीडीओ ने जलडेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थायी डॉक्टर की पदस्थापन के लिए उच्च स्तरीय बैठकों में उपायुक्त सिमडेगा को इससे अवगत कराने और इसका समाधान कराने का आश्वाशन दिया है।

बालू तस्करी

एनजीटी लगने से पूर्व अवैध बालू का उठाव धड़ल्ले से जारी

# बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के सड़कों पर दौड़ रहे ट्रैक्टर व ट्रॉली



**नवीन मेल संवाददाता। बानो** जब जब बालू के उठाव पर प्रतिबंध की बात होती है बालू तस्करों की होड़ सी लग जाती है।बानो प्रखंड में प्रतिदिन लगभग दो दर्जन ट्रैक्टर दिन भर नदी से बालू उठा कर जगह जगह पहुंचा रहे हैं।जबसे बालू उठाव पर रोक की बात चली तब तब बालू का रेट बढ़ता ही गया।इससे ट्रैक्टर मालिक व पदाधिकारी भी मस्त है।बानो देवनदी स्थित पम्प हाउस के पास से बालू उठाव पर प्रतिबंध है फिर भी पम्प हाउस के कुएं के पास से ही बालू का उठाव दिन भर किया जाता है।किसी दिन बालू के उठाव से बानो रेलवे स्टेशन तथा बानो खास को मिलने वाली पानी पम्प हाउस खतरे में पड़ न जाए।इसी तरह केतुङ्गा धाम के आस पास भी बालू के उठाव पर प्रशासन द्वारा रोक लगा दी गई थी परन्तु अब प्रशासन की शिथिलता के कारण धड़ल्ले से बालू का उठाव की जा रही है।प्रखंड के बरबेडा, कनारोवाँ ,गेनमेर आदि जगहों पर बालू का उठाव बेखौफ हो रही है।पिछले दिनों ग्राम समडेगा के कुछ युवकों ने बालू तस्करों को रोकने की कोशिश की तो ट्रैक्टर मालिकों का कहना है कि ऊपर पैसा देते हैं। देखा जा रहा है ट्रैक्टर में आगे व पीछे दोनो तरफ गाड़ी का नम्बर प्लेट नही लगाना फैशन हो गया। ट्रैक्टर के चालक बता रहे हैं कि गाड़ी किसका है परन्तु ट्रैक्टर मालिक कहते हैं कि क्या सबूत है कि गाड़ी मेरा है। अब देखा जा रहा है जिले के अधिकारी किसी दिन एक ट्रैक्टर को पकड़ कर विभिन्न मीडिया कर्मियों को फोटो भेज कर अपना काम पूरा समझ रहे हैं।अबुवा आवास के नाम पर। नदियों से बालू खनन की जा रही है। कोयल नदी से अहले सुबह कई गाड़ियां बालू के कारोबार में लग जाते हैं।

### दावा वाद से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन

**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में मोटर दुर्घटना मुआवजा से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें कुल तीन दावा वादों का निष्पादन किया गया, जिसमें कुल 25 लाख 20 हजार रु का चेक दावा कताओं को बीमा कंपनी द्वारा दिया गया। इस दौरान प्रधान जिला जज सह प्राधिकार अध्यक्ष बाल कृष्ण तिवारी ने कहा कि विशेष लोक अदालत में मोटर दुर्घटना संबंधी वादों का निष्पादन मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि समय- समय पर इस विशेष लोक अदालत के आयोजन से जहां एक ओर न्यायालय से मुकदमों का बोझ कम होगा,दूसरी ओर दावा कर्ताओं को सही समय पर दावा राशि का भुगतान किया जा सकेगा। उनके समय और पैसे की बचत होगी।

जीईएल चर्च लंबोई पेरिस के मंडली में महिला संघ का 22वां सम्मेलन संपन्न

# बेहतर समाज के निर्माण में महिलाओं की भुमिका अहम : नमन विक्सल कोंगाड़ी



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** जलडेगा प्रखंड के जीईएल चर्च लंबोई पेरिस के मामाभगिना मंडली में महिला संघ का 22 वां महिला समिति सम्मेलन संपन्न हुआ। मौके पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विभिन्न वक्ताओं ने महिलाओं से संबंधित अलग अलग मुद्दों पर लोगों को संबोधित किया। भजन, बाईबल क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। मौके पर कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी उपस्थित हुए। उन्होंने महिलाओं को बाइबल के वचनों से अपने जीवन में प्रेरणा लेने की अपील की। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं ही इस समाज का बेहतर निर्माण कर सकती है क्योंकि महिला मां भी है, महिला बहन भी है और महिला पत्नी भी और महिला बेटी भी है और एक अच्छे परिवार के निर्माण में इन सभी का सबसे ज्यादा योगदान रहता है।जब एक परिवार अच्छा बनता है तो उसके कारण समाज भी बेहतर बनता है।आप सभी को माता मरियम के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने परिवार के साथ साथ एक बेहतर समाज का निर्माण करना है।साथ ही समाज में व्याप्त बुराईयों को दूर करने के लिए आगे आने एवं अपने बच्चों को रोजाना धार्मिक ग्रंथ बाईबल पढ़ने के लिए प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बाईबल हमें अच्छा जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है। हमें बुराईयों से दूर रखने में भी मदद करता है।

विभिन्न योजनाओं को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

# पदाधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** समाहरणालय सभागार कक्ष में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन व स्वच्छ भारत अभियान तथा मनरेगा अंतर्गत विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंडवार ओडीएफ प्लस सहित अन्य बिंदुओं पर बारी-बारी से समीक्षा की गयी एवं पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक के दौरान उपायुक्त ने प्रखंडवार विभिन्न योजनाओं की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। साथ ही ज्यादा से ज्यादा ओडीएफ प्लस सरंचनाओं यथा सामुदायिक सोकपिट, नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट, कम्पोस्ट पीट, ट्रेंच का निर्माण,मल कचरा प्रबंधन स्वच्छता प्रबंधन करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को बेहतर प्रबंधन के साथ पेयजलापूर्ति के लिए आवश्यक निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना, खेल विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, आवास योजना समेत विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा की तथा सभी संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि आमजनों के हित को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन हो, ताकि लोगों को उचित लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इन योजनाओं का लाभ दिया जा सकें।

## गम्हरियाटांड़ में बाइक के धक्के से बछड़े की मौत

**तिसरी।** तिसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत तिसरी - खिजूरी मुख्य मार्ग स्थित गम्हरियाटांड़ में शनिवार की शाम एक बाइक चालक के धक्के से सड़क पर खड़े एक बछड़े की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि इस दुर्घटना में बाइक चालक व उसके साथ बैठा एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा घायलों का इलाज किया गया। घटना के बाबत बताया जाता है कि उक्त बाइक सवार पेट्रोल पंप से पेट्रोल भरवा कर वापस चौक की ओर आ रहा था। इसी क्रम में गामहरियाटांड़ में सड़क पर खड़े एक बछड़े से टक्कर हो गई।

## पर्यावरण संरक्षण अभियान में योगदान देने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान में विशेष योगदान देने वाले धनयडीह स्कूल इको क्लब के छात्र-छात्राओं को विधालय के प्रधानाध्यापक सह क्लब के अध्यक्ष भुवनेश्वर प्रसाद सिंह एवम वरीय शिक्षक सह क्लब के संयोजक के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस बाबत वरीय शिक्षक सह धनयडीह स्कूल इको क्लब संयोजक संजीव कुमार ने कहा कि प्रोजेक्ट इंपैक्ट - एनईपी के तहत विधालय के छात्र-छात्राओं के बौद्धिक विकास के साथ साथ नेतृत्व क्षमता का विकास, विद्यालय आने के प्रति रुचि, विभिन्न प्रकार के जीवन कौशल का विकास, अधिगम प्रतिफलों में सुधार तथा नई प्रकार के प्रभावशाली कार्यों में रुचि बढाई जा रही है। बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए विद्यालय परिवार क्लब के सदस्यों का सम्मानित करता है। विधालय के प्रधानाध्यापक भुवनेश्वर प्रसाद सिंह ने धनयडीह स्कूल इको क्लब के गतिविधियों की प्रशंसा में कहा कि प्रोजेक्ट इंपैक्ट - एनईपी के तहत विधालय हर क्षेत्र में कार्य कर रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरीय शिक्षक संजीव कुमार , राहिल मेरी हंसदा , मनोज कुमार , प्रमिला कुमारी , सुनीता कुमारी , अमोद कुमार सिंह , रामलखन साहू , कृष्णदेव साहू , रीता मिश्रा , आईटीसी प्रभारी सुनील कुमार दास ने योगदान दिया।

## आग लगने से घर में रखे चावल और भारी मात्रा में रखी लकड़ियां जलीं

**तिसरी।** प्रखंड अंतर्गत जीनाडीह गांव में चारो टुडू के घर में शुक्रवार की रात्रि लगभग 11.30 बजे अचानक आग लग गई। इस घटना में घर में रखा चावल और भारी मात्रा में लकड़ियां जल गई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात्रि चारों टुडू और उसका परिवार घर के छत पर सोया हुआ था। तभी अचानक चारो टुडू के लड़के ने देखा कि घर में रखा लकड़ी जल रहा है तो उसने हो हल्ला किया।


**Govt. of Jharkhand**
**Energy Department**
Jharkhand Renewable Energy Development Agency (JREDA)
3rd Floor, S.L.D.C. Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002.
Ph.: 0651-2491161, Fax: 0651-2491165,
E-mail: info@jreda.com; Website: www.jreda.com

**e-Procurement Notice**

Tender reference no.: 05/JREDA/SPV/SSLs(LED)/24-25
Dated: 06.06.2024

Online bids are invited for "Rate Contract for the work of Supply, Installation, Testing & Commissioning including 5 years Comprehensive Maintenance Contract (CMC) of 12W/20W/30W White LED based Solar Street Lighting Systems (SSLSs) with Lithium Ferro Phosphate Battery including Remote Monitoring System (RMS) under Solar Photovoltaic Programme on Turnkey basis across the state of Jharkhand (JREDA). The details are as follows:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Rate Contract for the work of Supply, Installation, Testing & Commissioning including 5 years Comprehensive Maintenance Contract (CMC) of 12W/20W/30W White LED based Solar Street Lighting Systems (SSLSs) with Lithium Ferro Phosphate Battery including Remote Monitoring System (RMS) under Solar Photovoltaic Programme on Turnkey basis across the state of Jharkhand (JREDA). |
| 2 | Period of Contract | **Completion Period + 5 Years** |
| 3 | Completion period | **04 (four) Months** |
| 4 | Date of publication of NIT on website: http://jharkhandtenders.gov.in | **10.06.2024 (Monday)** |
| 5 | Date & time of Pre-bid meeting | **18.06.2024 (Tuesday)** at 2.00 P.M. |
| 6 | Last date & time for receipt of online bids | **03.07.2024 (Wednesday)** up to 05:00 PM |
| 7 | Submission of Bid fee and EMD through Online Via SBI Payment Gateway of Jharkhand Tenders | **03.07.2024 (Wednesday)** up to 05:00 PM |
| 8 | Technical Bid Opening Date | **05.07.2024 (Friday)** at 3.00 P.M. |
| 9 | Name & address of office inviting tender | Director, Jharkhand Renewable Energy Development Agency (JREDA) 3rd Floor, SLDC Building, Kusai, Doranda, Ranchi-834002 (Jharkhand) |
| 10 | Contact no. of procurement officer | 0651-2491163/67/61 |
| 11 | Helpline no. of e-procurement | 0651-2491163/67/61 |

**Any corrigendum/addendum can be seen on website:** http://jharkhandtenders.gov.in & www.jreda.com. **Further details can be seen on website:** http://jharkhandtenders.gov.in & www.jreda.com

Sd/-
Director, JREDA, Ranchi

PR 325492Energy(24-25)#D


## बरहेट के गांवों में डायरिया का प्रकोप, 12 मरीज सीएचसी में भर्ती

**साहबगंज।** बरहेट प्रखंड के कई गांवों में डायरिया का प्रकोप है. शनिवार को 12 से अधिक मरीज बरहेट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराए गए. सीएचसी के मेडिकल स्टाफ ने बताया कि पिछले करीब एक सप्ताह से विभिन्न गांवों से डायरिया के मरीज अस्पताल आ रहे हैं. अस्पताल के डायरिया वार्ड में भर्ती मरीजों में भोगनाडीह निवासी अब्दुल सत्तार, कपासबेड़ा की एतवारनी पहाड़िन, गोपलाडीह की जैतून बीबी, कुंडली के मानिक यादव, सिमलढाब के बुल्लू केवट, धनजोरी के बाहा सोरेन सहित अन्य मरीज शामिल हैं.

## बीएसएसी की छात्रा ने पंखे से लटक कर दी जान

**हजारीबाग।** कोर्रा थाना क्षेत्र के मटवारी कृष्णपुरी स्थित लॉज में बीएससी की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतका की पहचान इचाक के अलौनजा निवासी रश्मि कुमारी (20), पिता सुरेश राम के रूप में हुई है. मृतका के पास से एक सुसाइड नोट भी पुलिस बरामद किया है, जिस पर लिखा है कि वह डिप्रेशन में थी और आत्महत्या कर रही है. इसमें कोई दोषी नहीं है. इस संबंध में परिजनों ने बताया कि वह पिछले एक साल से लॉज में चचेरी बहन के साथ रहती थी और पढ़ाई करती थी.

बरही देश का प्रमुख चौराहा, फिर भी सुविधा और सुरक्षा नगण्य

# ढाई वर्षों से खराब पड़ा है सीसीटीवी बेखौफ होते हैं अवैध व्यापार



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** तीन राष्ट्रीय राजमार्गो का संगम स्थली और देश के प्रमुख चौराहा होने के बाबजूद बरही चौक पर मूलभूत सुविधाएं और सुरक्षा नदारथ है. जो राहगीरों से लेकर स्थानीय लोगो के लिए दुखद और दर्दनाक है. करीब चार वर्ष बरही के पूर्व एसडीओ (आईएएस) डॉ ताराचंद की पहल पर बरही चौक पर सीसीटीवी लगाए गए थे. जिससे बरही चौक के विभिन्न गतिविधियों पर निगरानी रखी जाती थी. इससे अवैध कारोबारियो को भय बना था. पर यह तीसरी आंख आज लगभग ढाई वर्षों से खराब और गायब है. जिसे पुनर्जीवित करने की दिशा में अब तक कोई पहल नही देखी जा रही है. आलम है कि बेखौफ अवैध व्यापार और धंधे जारी है. सबसे बड़ा चौक बाबजूद कोई ट्रैफिक पोस्ट या सिंगनल नहीं होना सुरक्षा व्यवस्था को धत्ता बता रहा है. शाम होते हीं बरही चौक पर मवेशियों का लगा जमावड़ा आए दिन दुर्घटना को आमंत्रित करता रहता है. इसके साथ ही बरही चौक पर व्याप्त गंदगियां प्रधानमंत्री स्वच्छता अभियान का खुल्लेआम मजाक बना रखा है. इसके साथ ही वाहन स्टैंड, मछली बाजार, सब्जी बाजार, ठेला बाजार आदि की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़को पर बाजार लगना जिससे आए दिन दुर्घटना और सड़क जाम की संभावनाएं बनी रहती है. बरही चौक पर पेयजल के संसाधनों की भी घोर कमी है, जहां गरीब राजगीर या यात्री दो बूंद पानी के लिए तरसते है. वही इसी चौक से हजारों यात्रियों का प्रतिदिन आना जाना लगा रहता है, बाबजूद एक भी यात्री पड़ाव नही है. जिससे धूप या पानी में यात्रियों को बरही चौक पर रुकना मुश्किल होता है. एक ट्रैफिक पुलिस के भरोसे यातायात कंट्रोल करना सूर्य को दीपक दिखाने के बराबर है. इन मूल भूत समस्याओं के निराकरण के लिए यहां के जनप्रतिनिधि भी समर्पित होकर साथ नही दिखे. वही कुछ समस्याओं को समाधान करने के लिए निकले प्रशासन को अपने पैर वापस करने पड़े. जिसका खामियाजा यहां के फुटकर बिक्रेताओं का उठाना पड़ा, उन्हे नही कोई स्थाई जगह मिला और नही कोई व्यवस्था, उक्त बने बनाए दुकान को तोड़ना पड़ा. जबकि यहां के सांसद और विधायक केंद्र या राज्य में कैबिनेट मिनिस्टर तक की जिम्मेवारी निभा चुके है. जिनके पहल मात्र से समस्याओं को स्थाई रूप से हटाया जा सकता था, पर ऐसा हो न सका.

# उफ ये गर्मी, तपन व उमस से लोग बेहाल, पारा 43 के पार



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** भगवान सूर्य के तल्ख तेवर से गर्मी का सितम रुकने का नाम नहीं ले रहा है। भीषण गर्मी से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। शनिवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इससे लोगों के पसीने छूट गए। सूरज की तीखी किरणें लोगों को दिनभर झुलसाती रहीं। सिर पर कपड़ा बांधकर लोग निकलते दिखे। राहगीर भी छांव की तलाश करते रहे। मौसम विभाग के अनुसार 15 जून से मॉनसून प्रवेश करने का अनुमान है। इससे पहले गर्मी से राहत की कोई संभावना नहीं है। बढ़ते तापमान के कारण शनिवार को सुबह से लेकर शाम तक गर्मी का प्रभाव तीखा बना रहा। सड़क से गुजरने वाले लोग पसीने से तरबतर दिखाई दिए, तो घरों व कार्यालयों में बेचैनी बनी रही। लोग पंखे के नीचे या कूलर के सामने बैठकर गर्मी से बचने का प्रयास दिखे। बाजारों में भी गर्मी का प्रभाव साफ दिखा। खरीदारी करते समय लोग दुकानदारों से पानी की मांग करते दिखे। उधर, शीतल पेय के स्टॉलों के अलावा हैंडपंप आदि पर लोगों की भीड़ दिखी। दोपहर में बाजारों और व्यस्त रहनेवाली सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। लोग घरों में दुबकने पर मजबूर हैं। गर्मी से लोगों के कंठ सूख रहे हैं। हर कोई बेहाल दिखाई दे रहा है। इस भीषण गर्मी में दोपहर के समय गर्म लू के थपेड़ों से लोगों का हाल बेहाल हो गया है।

# गोमो के दो घरों में चोरी, 50 हजार नकद व 6 लाख के जेवरात ले उड़े चोर



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** गोमो के समीप हरिहरपुर के संथालडीह गांव में शुक्रवार की रात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया. दोनों घरों का ताला तोड़कर 50 हजार रुपए नकद, 6 लाख के आभूषण व 50 हजार की अन्य संपत्ति की चोरी कर ली. मिली जानकारी के अनुसार गांव रेलकर्मी रामचंद्र ठाकुर रात में परिवार के साथ छत पर सोये हुए थे. छोटा भाई कैलाश ठाकुर ससुराल गया था. इसका फायदा उठाते हुए चोर चहारदीवारी तड़प घर में घुसे और तीन कमरों का ताला तोड़कर अलमीरा व बक्सा को तोडकर करीब 50 हजार रुपए नकद सहित लगभग 6 लाख के जेवरात ले उड़े. कैलाश ठाकुर ने बताया कि भगिनी की शादी के लिए पिछले एक साल से तैयारी कर जेवरात खरीदे थे. चोर सोने की चेन, मांगटीका, झुमका, कान की बाली समेत पत्नी व बहन के भी जेवरात ले गए हैं।

## स्कूल खुला, शिक्षक रहे गायब

**गिरिडीह।** तिसरी प्रखंड के खिजुरी पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय निमाडीह शनिवार को बंद रहा। विद्यालय में प्रधान शिक्षक समेत कुल तीन शिक्षक हैं, जिसमें से एक सहायक शिक्षक प्रवीण सिंह ही केवल उपस्थित थे। विद्यालय का चाभी सचिव के पास रहने के कारण विद्यालय का ताला ही नहीं खुला, लिहाजा विद्यालय आए बच्चे काफी देर तक इंतजार करने के बाद वापस अपने घर लौट गए। इस संबंध में ग्रामीण मंटू यादव ने बताया कि विद्यालय नहीं खुलने के कारण सारे बच्चे वापस लौट गए। विद्यालय का ताला नहीं खुलने के कारण मध्याह्न भोजन भी बंद रहा। वहीं भाजपा के किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कपिल यादव ने इसे शिक्षकों की लापरवाही बताई है। बता दें कि राज्य सरकार द्वारा बीते 21 मई से 7 जून तक स्कूल, कॉलेज और महाविद्यालयों के लिए गर्मी की छुट्टियों की घोषणा की गई थी। जिसके बाद सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय बंद हो गए थे। सरकारी आदेशाअनुसार सभी विद्यालय 8 जून से अपने नियमित समय पर खुलने चाहिए थे।

## मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के व्यापक प्रचार के लिए निकाला गया जागरूकता रथ




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का व्यापक प्रचार प्रसार को लेकर शनिवार को जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश प्रियदर्शी के द्वारा जागरूकता रथ को रवाना किया गया, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस योजना की जानकारी दी जा सके। इसके अलावा परिवहन विभाग द्वारा योजना के व्यापक जागरूकता को लेकर लोगों के बीच पंपलेट का वितरण किया जा रहा है। बताया गया कि उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार गिरिडीह जिले में संचालित सुनिश्चित कराया जा रहा है। ताकि जिले के योग्य लाभार्थियों को इसका लाभ मिल सकें। जागरूकता को लेकर बस स्टैंड के यात्री शेड में सहायता-सह-जागरूकता केंद्र खोला गया है।

गौरतलब है कि झारखंड सरकार के द्वारा राज्य के वंचितों, छात्र छात्राओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों को बस भाड़ा में शत प्रतिशत रियायत देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना शुरू की गई है। ग्राम गाड़ी योजना से आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। सरकार की इन योजना का उद्देश्य गांवों से प्रखंड, जिला मुख्यालय एवं शहर तक आवागमन की सुविधा बहाल करना है। इससे गांव के किसान, मजदूर छात्र-छात्राओं को शहर तक आने में सुविधा होगी। छात्रों के लिए स्कूल-कालेज, किसानों के लिए बाजार और मरीजों के लिए अस्पताल तक पहुंचना सुलभ होगा।


**झारखण्ड सरकार**
**कारा निरीक्षणालय,उप कारा, खूँटी**

अल्पकालिन ई०–निविदा सूचना
HJ & DM/SJ-KHUNTI/Q-3/2024/2529

1. कारा का नाम– उप कारा, खूँटी।
2. विषय– कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जीयों, आलु, फल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई०–निविदा का आमंत्रण। (तृतीय त्रैमासिक निविदा दिनांक–01.07.2024 से 30.09.2024 तक)
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non refundable) Online स्वीकार की जायेगी, जो निम्न प्रकार है– 5,000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र।
4. वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय–19.06.2024 से 25.06.2024 के अपराह्न 04:00 बजे तक।
5. निविदा Online upload करने की तिथि– 19.06.2024 से 25.06.2024 के अपराह्न 04:00 बजे तक।
6. आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि– दिनांक–26.06.2024 से 27.06.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा।
7. अग्रधन राशि (EMD) (₹2500/– से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि। दिनांक–26.06.2024 से 27.06.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा।
8. निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान–तिथि–28.06.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अनुमंडल पदाधिकारी, खूँटी के कार्यालय कक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी, खूँटी की उपस्थिति में।

नोट:–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, उप कारा, खूँटी के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
उप कारा, खूँटी

PR 325577 Prison(24-25).D


10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू उठाव पर रोक

# अवैध खनन व परिचालन में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई करने का दिया आदेश




**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजी टी) के निर्देश के आलोक में आगामी 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू उठाव पर पूर्णतः रोक लगा दी गई है. इस अवधि में वैध स्टॉक यार्ड से बालू का उठाव और बिक्री की जाएगी. सरायकेला-खरसांवा के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने जिला स्तरीय माइनिंग टास्क फॉर्स से संबंधित ऑन लाइन समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी. बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी ने बालू, कोयला एवं पत्थर आदि के अवैध खनन एवं परिचालन में संलिप्त लोगों पर सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करने का आदेश दिया .उन्होंने अवैध खनन पर नियंत्रण तथा अवैध खनन के परिचालन में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई के लिए विभिन्न प्रभावित क्षेत्रों में औचक निरिक्षण करने, जिला अंतर्गत विभिन्न चौक-चौराहों (चावलिबासा, पातकुम, मिलन चौक, प्रखंड कार्यालय कुकड़ू आदि) पर चेक पोस्ट स्थापित करने तथा तीन शिफ्ट में पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं.

**विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण का निर्देश** : बैठक के दौरान डीसी ने पूर्व के बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों की समीक्षा कर अवैध खनन तथा परिचालन के विरुद्ध कार्य योजना निर्धारित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है. इस दौरान डीसी ने कहा कि एसपी मनीष टोप्पो ने सभी अंचलधिकारी एवं थाना प्रभारी को आपसी समन्वय स्थापित कर विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण कर अवैध खनन के विरुद्ध नियमसंगत कार्रवाई करने तथा नियमित रूप से संभावित क्षेत्र के मुख्य चौक चौराहो पर बड़े वाहनों की जांच करने के निर्देश दिए हैं।

## इरशाद अंसारी की मिट्टी में शामिल हुए डॉ परमेश्वर



**इटकी।** ईटकी प्रखंड अंतर्गत ग्राम मोरो में 25वर्षीय इरसाद अंसारी के मिट्टी में शामिल हुए पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत डॉ. परमेश्वर भगत ने शोक व्यक्त करते हुए मृतक के परिजन को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। मौके पर प्रो. नाफर अली, अनवर अंसारी, तौफीक अंसारी, सहनावाज अंसारी, नईमुद्दीन अंसारी, सरवर अंसारी, जमाहिर अंसारी, साकिब अंसारी एवं अन्य लोग उपस्थित हुए।


**AFFIDAVIT**

I, Bhola Singh, father- Late. Sanjay Kumar Singh, resident of Village-Pandwa, P.O.-Rajhara, Police Station- Pandawa, District-Palamu, Jharkhand. I declare that my name is registered as Bhola Singh in Aadhar Card. Whereas my son Sarthak Singh is a student of class 8 of Vidya Mandir Shyamali Ranchi. By mistake, my name has become Bhola Kumar in its registration record. Whereas Bhola Singh and Bhola Kumar both are the names of the same person. Whereas Sarthak Singh and Sarthak kumar both are the names of the same person.

**Affidavit No -104/ Date - 06/06/2024**



**जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी**

जलकरों की अल्पकालीन बंदोबस्ती की प्रथम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मत्स्य पालन हेतु खूँटी जिला के मुरहू अंचल स्थित मो0 10,000/– रूपये से अधिक सुरक्षित जमा वाले निम्नलिखित अबन्दोबस्त जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती दिनांक 26/06/2024 एवं समय 11:00 बजे पूर्वाह्न को खुले डाक द्वारा जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी में अपर समाहर्ता सह–अध्यक्ष जिला सुरक्षित जमा निर्धारण समिति खूँटी के उपस्थिति में की जाएगी। जलकर बन्दोबस्ती की अवधि वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक तीन वर्षों के लिए होगी :–

डाक की शर्तें निम्न प्रकार हैं :–
1. डाक वक्ताओं को डाक में भाग लेने के पूर्व अपना पहचान पत्र तथा सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत अग्रधन के रूप में जमा करना होगा। डाक समाप्ति पर असफल डाक वक्ताओं की अग्रधन राशि वापस कर दी जाएगी तथा सफल डाक वक्ता की राशि को समायोजित कर ली जाएगी।
2. उच्चतम डाक वक्ता को डाक समाप्ति के तुरन्त बाद पूर्ण राशि डाक स्थल पर ही जमा करना होगा, अन्यथा जमानत की राशि जब्त कर ली जाएगी।
3. बन्दोबस्ती का परवाना सक्षम पदाधिकारी से स्वीकृति प्राप्त होने एवं एकरारनामा सम्पन्न होने के बाद ही निर्गत किया जाएगा।
4. बकायेदारों को पूर्व का बकाया राजस्व जमा करने के पश्चात् ही डाक में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी।
5. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने अथवा स्थागित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
6. अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु जलकरों की सूची निम्नवत् है–

| क्र0 सं0 | जलकर का नाम | प्रखण्ड | ग्राम | पंचायत | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा (ए0 में) | जलक्षेत्र (ए0 में) | वार्षिक सुरक्षित जमा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | घाघरा बॉध–2 | मुरहू | घाघरा | गनालोया | 87 | 416 | 6.00 | 5.00 | 14300.00 |
| 2 | हॉसा बॉध–1 | मुरहू | माहिल | हॉसा | 111 | 1442 | 3.61 | 1.85 | 20350.00 |

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
खूँटी।

PR.NO.325541 Fish (24-25):D

शिक्षा जगत

## नीट की नीयत में खोट!


डॉ. सत्यवान सौरभ

**राष्ट्रीय** पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक है। ठीक हमारे स्वास्थ्य क्षेत्र की रीढ़ की हड्डी की तरह, लेकिन इन क्षेत्रों में पेपर लीक होते हैं। इस बार 67 छात्रों ने 720 अंक हासिल किए, यह पूरी तरह असंभव है। पिछले साल तीन छात्रों ने 720 अंक हासिल किए थे। इस परीक्षा में कथित तौर पर गड़बड़ियों को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के जूनियर डॉक्टर्स नेटवर्क ने सवाल उठाते हुए सीबीआई जांच की मांग की हैं। आईएमए जूनियर डॉक्टर्स ने आज ही राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के अध्यक्ष प्रदीप कुमार जोशी को पत्र लिख कर सभी छात्रों के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए पुनः परीक्षा का भी अनुरोध किया। क्या यह देश का सबसे बड़ा परीक्षा घोटाला है? छह छात्रों के सीट नंबर एक ही क्रम से हैं। दो छात्रों ने 718 और 719 अंक हासिल किए हैं, यह पूरी तरह असंभव है। नीट परीक्षा में 180 प्रश्न होते हैं। प्रत्येक प्रश्न के चार अंक होते हैं। यदि कोई एक प्रश्न गलत करता है तो उसके अंक 715 और 716 के आसपास होने चाहिए। यह पूरी तरह से घोटाला है लेकिन नीट इसे नजरअंदाज करने जा रही है? सीरियल नंबर 62 से 69 तक के छात्रों के लिए केंद्र कोड एक ही है। नीट 2024 में ग्रेस मार्क्स एक और घोटाला है। क्या सभी टॉपर परीक्षा देने के लिए एक ही केंद्र पर जाते हैं? दाल में कुछ काला और पूरी दाल ही काली है? हर छात्र को निष्पक्ष मौका मिलना चाहिए, कट-ऑफ में यह भारी वृद्धि स्पष्ट रूप से बड़े पैमाने पर पेपर लीक का संकेत देती है। एनटीए द्वारा सबसे अधिक संभावना एक बड़ी प्रोग्रामिंग त्रुटि है जिसमें उन्होंने ओएमआर प्रतिक्रिया पत्रक के आधार पर अंकों का गलत मूल्यांकन किया है। छात्र 718, 719 अंक प्राप्त नहीं कर सकते हैं। पूर्ण अंक 720 हैं। प्रत्येक सही के लिए, आपको 4 मिलता है और प्रत्येक गलत के लिए आपको -1 मिलता है। इसलिए, यदि कोई छात्र- सभी 180 प्रश्न सही करता है, तो उसे 720 अंक मिलते हैं जो प्राप्त करने योग्य है। 1 गलत, 179 सही, उसे 715 मिलते हैं। 0 गलत, 179 सही, उसे 716 मिलते हैं तो, 718, 719 कैसे प्राप्त किया जा सकता है? ऐसा करने का एकमात्र तरीका यह है कि वे -5 के बजाय प्रत्येक गलत प्रश्न के लिए -1 प्रदान करें। ऐसे में हम भूल रहे हैं कि इस साल नीट में कितना बड़ा घोटाला हुआ है? और आश्चर्य की बात है कि हर कोई इसके बारे में चुप है, सिर्फ इसलिए क्योंकि एनटीए एक विश्वसनीय केंद्रीय एजेंसी है? एक छात्र को 720/720 स्कोर करने के बाद भी एम्स दिल्ली में मौका नहीं मिल रहा है? क्या यह किसी तरह की लापरवाही है? परिणाम 14 जून के बजाय 4 जून (चुनाव परिणाम दिवस) को क्यों घोषित किए गए? कुछ गड़बड़ है, लाखों नीट उम्मीदवार इसका उत्तर चाहते हैं, इसके लिए कौन जिम्मेदार है? यह अपराध है कि एनटीए लाखों छात्रों के करियर के साथ खिलवाड़ कर रहा है। यह बिलकुल स्पष्ट है कि नीट पेपर लीक के कारण विनाशकारी परिणाम सामने आए हैं। और चुनाव नतीजों की शाम को नतीजे जारी करने का यह विचार सिर्फ मामले को दबाने की कोशिश का एक और तरीका है। स्कूल बोर्ड भी इससे अछूते नहीं दिखते। अनुचित साधनों के इस्तेमाल, कदाचार, धोखाधड़ी और पेपर लीक के कारण कक्षा 10 और कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाएं भी प्रभावित हुईं। लोग यह नहीं समझते कि 2016 में #CBSE द्वारा पेपर लीक और घोटालों के कारण ही पुनः नीट आयोजित किया गया था, इसे 2024 में फिर से क्यों नहीं आयोजित किया जा सकता है? साथ ही एक जगह नहीं, बहुत जगहों पर पेपर लीक हुआ है, 5 मई से पहले पेपर सर्कुलेट हो रहा था टेलीग्राम पर। जिसे एनटीए ने नहीं स्वीकारा। इस साल परीक्षा पेपर लीक के कई मामलों ने एक बार फिर देश की शिक्षा व्यवस्था और सार्वजनिक परीक्षा प्रणाली की नींव हिलाकर रख दी है। सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा, NEET UG 2024 से लेकर राज्य स्तरीय भर्ती परीक्षाओं तक, कई परीक्षाओं में गड़बड़ी की गई है, जिससे उन लोगों के लिए निष्पक्षता और न्याय पर एक वैध सवाल खड़ा होता है, जिन्होंने परीक्षा पास करने के लिए किसी भी अनुचित तरीके का सहारा नहीं लिया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# भारतीय विचार विरोधी सेकुलर पंथ की विदाई तय


हृदयनारायण दीक्षित



**भारतीय संस्कृति सारी दुनिया में लोकप्रिय हुई है। जम्मू-कश्मीर विषयक संविधान के अनुच्छेद 370 का निरसन सारी दुनिया के लिए आश्चर्य का विषय रहा है। अधिकांश सामाजिक राजनैतिक कार्यकर्ता इसे असम्भव बता रहे थे। कुछ टिप्पणीकार अनुच्छेद 370 के समाप्त करने में सांप्रदायिक दंगों का खतरा देख रहे थे। लेकिन इस सबकी परवाह न करते हुए मोदी सरकार ने 370 को हटा दिया। यह कार्य एनडीए की सरकार ही कर सकती थी। मोदी जी ने तमाम अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को शीर्ष सम्मान दिलाया। संस्कृति के क्षेत्र में इस सरकार के कार्यकाल में तमाम आश्चर्यजनक कार्य हुए हैं। कई मुस्लिम देशों ने भी भारतीय संस्कृति को सम्मान दिया है।**

'विकसित भारत' का स्वप्न संकल्प पूरा होने की गारंटी है। यह संकल्प प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का है। प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार शपथ लेने जा रहे हैं। भारत के इतिहास में तीन बार का कार्यकाल केवल नेहरू को मिला था। मोदी जी ने अपने 10 वर्षीय कार्यकाल में तमाम चमत्कारिक काम किए हैं। भारतीय जन गण मन उन्हें प्यार और आदर देता है। उनके नेतृत्व में देश में राष्ट्रीय स्वाभिमान की नई इबारत लिखी गई है। भारतीय संस्कृति सारी दुनिया में लोकप्रिय हुई है। जम्मू-कश्मीर विषयक संविधान के अनुच्छेद 370 का निरसन सारी दुनिया के लिए आश्चर्य का विषय रहा है। अधिकांश सामाजिक राजनैतिक कार्यकर्ता इसे असम्भव बता रहे थे। कुछ टिप्पणीकार अनुच्छेद 370 के समाप्त करने में सांप्रदायिक दंगों का खतरा देख रहे थे। लेकिन इस सबकी परवाह न करते हुए मोदी सरकार ने 370 को हटा दिया। यह कार्य एनडीए की सरकार ही कर सकती थी। मोदी जी ने तमाम अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को शीर्ष सम्मान दिलाया। संस्कृति के क्षेत्र में इस सरकार के कार्यकाल में तमाम आश्चर्यजनक कार्य हुए हैं। कई मुस्लिम देशों ने भी भारतीय संस्कृति को सम्मान दिया है। संयुक्त अरब अमीरात में दुबई में राम कथा चली। दुबई के तमाम प्रतिष्ठित लोगों ने हिस्सा लिया। इसी तरह प्रधानमंत्री ने अबुधाबी में मंदिर का लोकार्पण किया। सेकुलरपंथी मंदिर के नाम पर बेजा टिप्पणियां करते हैं। लेकिन मोदी ने देश की सांस्कृतिक प्रतिबद्धता से समझौता नहीं किया। करतारपुर साहिब में श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधा बहाल कराई। कैलाश मानसरोवर के तीर्थ यात्री अव्यवस्था से पीड़ित थे। चीन में होने के कारण इसकी व्यवस्था कठिन थी। मोदी जी के नेतृत्व में कैलाश मानसरोवर की यात्रा आसान हो गई। भारतीय धर्म और संस्कृति की प्रतिबद्धता सांप्रदायिक नहीं है। मंदिर जाना, दर्शन करना भी सांप्रदायिकता नहीं है। मोदी जी की सरकार के समय भारत के प्रत्येक जन के हृदय में उमंग और उल्लास रहा है। किसानों और गरीबों को हर तरह से समृद्ध बनाने के फैसले किए गए। मोदी ने राष्ट्रीय समृद्धि का संकल्प लिया। देश के प्रत्येक नागरिक को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प लिए गए। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के समय ब्रिटिश राजनेता भारत की शासन करने की क्षमता का मजाक उड़ाते थे। ब्रिटिश विद्वान भारतीय दर्शन को भाववादी बताकर उपहास उड़ाते थे। इंग्लैंड के तत्कालीन प्रधानमंत्री चर्चिल ने कहा था कि, ''भारत जाति पंथ में विभाजित समाज है। वे शासन नहीं चला पाएंगे।'' बात-बात में यूरोप की प्रशंसा करने वाले टिप्पणीकार शर्मिंदा होंगे कि शासन न चला पाने की भारतवासियों की क्षमता वाली बात झूठ निकली। भारत में 78 वर्ष से स्वशासन और सुशासन की धारा का प्रवाह है। हम 18वीं लोकसभा चुन चुके हैं। इस बीच भारत ने राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों में आश्चर्यजनक उन्नति की है। कृषि वैज्ञानिक एम. एस. स्वामीनाथन के नेतृत्व में हुई हरित क्रांति याद किए जाने योग्य है। राजग सरकार ने मोदी जी के नेतृत्व में स्वामीनाथन को भारत रत्न दिया है। भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति सारी दुनिया के विद्वान आकर्षित होते रहे हैं। इस ज्ञान परंपरा में प्रत्येक व्यक्ति की क्षमता और योग्यता को प्रत्येक दृष्टि से संपन्न बनाने का ध्येय सर्वविदित है। दरअसल पश्चिम से आयातित सेकुलर विचार के विद्वानों ने भारतीय परंपरा को लगातार अपमानित किया है। मोदी जी ने भारत के स्वाभाविक विचार प्रवाह को प्रोत्साहन दिया। सांस्कृतिक प्रतीक स्वाभिमान के विषय थे और हमेशा रहेंगे। प्रधानमंत्री ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के उद्घाटन कार्यक्रम में श्रेष्ठ भारत का स्वप्न रखा। इस कार्यक्रम से कथित प्रगतिशील सेकुलर मोदी पर योजना बनाकर हमलावर हुए। कथित ज्ञानी वर्ग ने प्रधानमंत्री के काशी कार्यक्रम को संविधान की भावना का अपमान बताया। आरोप लगाया गया कि प्रधानमंत्री ने धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर अच्छा नहीं किया। लेकिन मोदी जी ने ऐसी टिप्पणियों की परवाह नहीं की। 2014 के पूर्व भारत का मन उदास था। अब मोदी जी के नेतृत्व में पूरे भारत में उल्लास है। पहले भारत का मन मजहबी राजनीति को लेकर आहत था। अब भारत का आत्मविश्वास यत्र तत्र सर्वत्र व्यापक हो गया है। सभी क्षेत्रों में उमंग और उल्लास का वातावरण है। धर्म संस्कृति के मामले में भी भारत का मन हीन भाव में था। आयातित सेकुलर पंथ का दुष्प्रभाव था। राजनैतिक वातावरण भी उत्साहवर्धक नहीं था। अब सब साथ-साथ हैं। परस्पर मैत्री और मिलजुल कर काम करने का वातावरण प्रत्यक्ष है। उन्होंने 'सबका साथ और सबका विकास' के नारे को सही सिद्ध कर दिया है। उनके संकल्प में देश का विश्वास है। योग भारत का प्राचीन विज्ञान और दर्शन है। यह विश्व को भारतीय साधना का अद्वितीय उपहार है। मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में योग की मान्यता का प्रस्ताव किया। मोदी के प्रस्ताव को 170 से ज्यादा देशों का समर्थन मिला। 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। उन्होंने अयोध्या के श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के शिलान्यास में हिस्सा लिया। श्रीराम की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में भी वे उपस्थित रहे। यह मंदिर राष्ट्र का स्वप्न था।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# बंगाल में राज्य प्रायोजित हिंसा एक बदनुमा दाग


ललित गर्ग

**राज्य में हिंसा की अनेक घटनाएं चुनाव के दौरान भी देखने को मिलीं और अब चुनाव समाप्त हो जाने के बाद भी देखने को मिल रही हैं, जिनमें ग्यारह लोगों की मौत होना दुर्भाग्यपूर्ण है, इसका सीधा अर्थ है कि यह हिंसा तृणमूल कांग्रेस नेताओं के इशारे पर हो रही है। हैरानी नहीं कि अराजक तत्वों को बंगाल पुलिस का मौन समर्थन हासिल हो। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद तृणमूल कांग्रेस ने 'आतंक का राज' फैला दिया है।**

**लोकसभा** चुनाव के बाद एक बार फिर पश्चिम बंगाल में हिंसा का बढ़ना, लोगों में डर पैदा होना, भय का वातावरण बनना, आम जनजीवन का अनहोनी होने की आशंकाओं से घिरा होना चिंताजनक भी है और राष्ट्रीय शर्म का विषय भी है। यही वजह है कि कलकत्ता हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं को सुरक्षा देने की मांग की गई है। याचिका में मांग की गई है कि पुलिस को निर्देश दिए जाएं कि वे विपक्षी कार्यकर्ताओं को हिंसा से बचाने के लिए सुरक्षा दें। पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव बाद की हिंसा पर दायर याचिका की सुनवाई करते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट ने गंभीर चिंता जताई एवं ममता बनर्जी सरकार को कड़ी फटकार लगाई। चुनाव के बाद एवं लोकसभा चुनाव के प्रचार दौरान तृणमूल कांग्रेस ने व्यापक हिंसा, आतंक एवं अराजकता का माहौल बनाया। तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता पार्टी जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं पर जिस तरह के हिंसक हमले कर रहे हैं, वह लोकतंत्र पर एक बदनुमा दाग है। ममता बनर्जी ने चुनाव के महापर्व को हिंसक बना दिया था, उसने एवं उसके कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यकर्ताओं से, हिन्दुओं से, हिन्दू मन्दिरों-भगवानों-संतों एवं हिन्दू पर्वों से नफरत का बिगुल हर मोड़ पर बजाया है। बंगाल में राजनीतिक हिंसा का सिलसिला चुनाव के पहले ही कायम हो गया था। राज्य में हिंसा की अनेक घटनाएं चुनाव के दौरान भी देखने को मिलीं और अब चुनाव समाप्त हो जाने के बाद भी देखने को मिल रही हैं, जिनमें ग्यारह लोगों की मौत होना दुर्भाग्यपूर्ण है, इसका सीधा अर्थ है कि यह हिंसा तृणमूल कांग्रेस नेताओं के इशारे पर हो रही है। हैरानी नहीं कि अराजक तत्वों को बंगाल पुलिस का मौन समर्थन हासिल हो। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद तृणमूल कांग्रेस ने 'आतंक का राज' फैला दिया है। तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता विरोधी दलों और विशेष रूप से भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को निशाना बना रहे हैं। ऐसा तब हो रहा है, जब चुनाव आयोग के निर्देश पर बंगाल में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती 19 जून तक बढ़ा दी गई है। ऐसा चुनाव बाद हिंसा की प्रबल आशंका को देखते हुए किया गया था। यह आश्चर्यजनक है कि बंगाल में केंद्रीय सुरक्षा बलों की चार सौ कंपनियां तैनात हैं और फिर भी वहां व्यापक हिंसा हो रही है। इससे सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि तृणमूल कांग्रेस हिंसा को कितने नियोजित ढंग से अंजाम दे रही है। इस हिंसा एवं अराजकता के बढ़ने के प्रबल आसार इसलिए हैं, क्योंकि राज्य में विधानसभा चुनाव के दौरान भी बड़े पैमाने पर जो हिंसा हुई थी, लोकसभा चुनाव में भी हिंसा हुई, पूर्व के अन्य चुनावों में भी हिंसा का बोलबाला रहा है। ऐसी स्थितियों में बंगाल में लोकतंत्र की भावना एवं मर्यादा का खुला हनन हो रहा है। इतनी व्यापक हिंसा बंगाल पुलिस के मूकदर्शक बने रहने एवं उसके सहयोग के बिना अंसभव है। इसी के चलते तमाम भाजपा कार्यकर्ता और उसके समर्थकों की हत्या की गई थी। पूर्व की हिंसा एवं आतंक के समय ऐसा माहौल बनाया गया था कि कई लोगों को अपना घर-बार छोड़कर पलायन करते हुए पड़ोसी राज्य असम में शरण लेनी पड़ी थी। इन जटिल होती स्थितियों को देखते हुए न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है, जो एक लोकतांत्रिक सरकार के लिये लज्जाजनक है। पश्चिमी बंगाल की ममता सरकार देश में एकमात्र ऐसी सत्तारुढ़ पार्टी बन गई है जिसका देश के संविधान, न्यायपालिका एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भरोसा नहीं रह गया है। भ्रष्टाचार से लेकर मनमर्जी एवं तानाशाही का शासन चलाना मुख्यमंत्री ममता बनजम की प्रक्रिया बन गयी है। 2021 में विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा का संज्ञान लेते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सीबीआइ को हिंसक घटनाओं की जांच करने को कहा था। इस जांच के दौरान तृणमूल कांग्रेस के अनेक नेताओं को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन ऐसा लगता है कि यह कार्रवाई भी तृणमूल कांग्रेस के अराजक तत्वों के दुस्साहस का दमन नहीं कर सकी। इसका प्रमाण 2023 में पंचायत चुनाव के दौरान हुई भीषण हिंसा से मिला था, जिसमें 40 से अधिक लोगों की जान गई थी। इस लोकसभा चुनाव में भी हिंसा के चलते कई लोगों की जान जा चुकी है। यह ठीक है कि चुनाव बाद हिंसा पर कलकत्ता उच्च न्यायालय ने नाराजगी व्यक्त करते हुए यहां तक कहा कि यदि राज्य सरकार हिंसा पर लगाम नहीं लगा सकती तो केंद्रीय सुरक्षा बलों को बंगाल में पांच साल तक तैनात करने का आदेश देना पड़ सकता है। उच्च न्यायालय की इस कठोर टिप्पणी के बाद भी ममता सरकार की सेहत पर शायद ही कोई असर पड़े, क्योंकि वह सारा दोष विरोधी दलों पर मढ़ देती है। वास्तव में जब तक बंगाल में हिंसा के लिए ममता सरकार को सीधे तौर पर जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा, तब तक राज्य के हालात सुधरने वाले नहीं हैं। ममता वोट बैंक की राजनीति के लिये कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की धज्जियां बार-बार उड़ाती रही है। ममता ने देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज किया है, कानून से खिलवाड़ जितना पश्चिमी बंगाल में हुआ है उतना शायद ही देश के किसी दूसरे राज्यों में हुआ हो।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

राजनीति

## मोदी के बाद योगी ने खूब बहाया पसीना


उमेश चतुर्वेदी

*73* साल की उम्र में नरेंद्र मोदी ने कितना पसीना बहाया, इसका अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अकेले 206 चुनावी रैलियां की या रोड शो किए। पूर्वोत्तर भारत के कुछ-एक इलाकों को छोड़ दें तो तकरीबन समूचे देश में उन्होंने रैली और रोड शो नहीं किया है। आम चुनाव के नतीजों की उलटी गिनती शुरू हो गई है। अगर नतीजे एक्जिट पोल जैसे ही रहते हैं तो मोदी का प्रधानमंत्री बनना तय है। यूं तो हर जीत का सेहरा सेनापति के ही सेहरे पर बंधता है। नरेंद्र मोदी बीजेपी के हरावल दस्ते के अगुआ हैं, इसलिए निःसंदेह मौजूदा जीत उनकी ही होगी। लेकिन इस जीत के बीजेपी की ओर से कई और नायक भी हैं। मोदी और अमित शाह की जोड़ी को भारतीय राजनीति की सबसे सफल जोड़ी की प्रतिष्ठा हासिल हो चुकी है। जाहिर है कि इस जीत के नायक अमित शाह भी हैं। लेकिन बीजेपी के तीसरी बार सत्तारोहण में एक और शख्स की मेहनत भी शामिल है। ये शख्स हैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अठारहवीं लोकसभा के चुनाव को लेकर बीजेपी ने जबरदस्त मेहनत की। उसने बेहतर रणनीति बनाई। चुनावी मैदान पर वोटरों को लुभाने के लिए सबसे ज्यादा मेहनत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। 73 साल की उम्र में उन्होंने कितना पसीना बहाया, इसका अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अकेले 206 चुनावी रैलियां की या रोड शो किए। पूर्वोत्तर भारत के कुछ-एक इलाकों को छोड़ दें तो तकरीबन समूचे देश में उन्होंने रैली और रोड शो नहीं किया है। भारत में अगर 64 करोड़ से ज्यादा लोगों ने वोटिंग किया है, उन्हें मतदान केंद्रों तक बुलाने में राजनीतिक दलों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। जिसमें सबसे बड़ी भूमिका प्रधानमंत्री मोदी की रही है। दिलचस्प यह है कि बीजेपी की ओर से लोगों को लुभाने के लिए जिन नेताओं ने मेहनत की है, उनमें दूसरे नंबर पर अगर कोई है तो वे हैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। उन्होंने देश भर में करीब 197 रोड शो और रैलियां की हैं। बीजेपी के चुनाव प्रचार में योगी आदित्यनाथ की मांग उत्तर प्रदेश में रहनी थी। वैसे उत्तर प्रदेश में पार्टी को जिताना उनकी जिम्मेदारी भी थी। लेकिन उत्तर प्रदेश के बाहर भी उनकी खूब मांग रही। योगी जी ने उत्तर प्रदेश से बाहर बारह राज्यों उत्तराखंड, महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, जम्मू, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, ओडिशा, चंडीगढ़, हरियाणा और दिल्ली जैसे बारह राज्यों में उन्होंने प्रचार किया। योगी को लेकर देश का कथित प्रबुद्ध वर्ग विरोधी भाव रखता है। लेकिन चुनाव अभियान में प्रबुद्ध लोगों को लुभाने के लिए उन्होंने प्रबुद्ध लोगों की पंद्रह सभाओं को भी संबोधित किया। मौजूदा चुनाव अभियान जैसे शुरू हुआ था, एक अफवाह फैलाई गई कि उत्तर प्रदेश में अगर बीजेपी जीती तो योगी आदित्यनाथ को हटा दिया जाएगा। चुनाव अभियान के दौरान बीजेपी के प्रति क्षत्रिय समुदाय के गुस्से की भी अफवाहें फैलीं। बीजेपी ने शुरू में तो इन अफवाहों पर अपनी प्रतिक्रिया नहीं दी। लेकिन बाद में जब पार्टी को लगा कि इस अफवाह का नुकसान हो सकता है तो पार्टी को सामने आना पड़ा। प्रधानमंत्री मोदी को कई सभाओं में योगी की तारीफ करनी पड़ी। अलीगढ़ की सभा में 23 अप्रैल को मोदी ने जो कहा, उससे पार्टी में योगी की महत्ता का अंदाजा लगाया जा सकता है। तब मोदी ने कहा, 'जो लोग योगी जी की पहचान सिर्फ बुलडोजर से करते रहते हैं मैं उनकी जरा आंखें खोलना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में आजादी के बाद जितना औद्योगिक विकास नहीं हुआ वो अकेले योगी जी के काल खंड में हुआ है। मोदी यहीं नहीं रूके। उन्होंने योगी सरकार द्वारा शुरू की गई 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' मिशन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसकी वजह से पूरे देश में उत्तर प्रदेश की नई इज्जत बनी है। योगी को उत्तर प्रदेश के विरोधी दल बुलडोजर बाबा कहते रहे हैं। इससे योगी की नकारात्मक छवि बनाने की कोशिश की जाती रही है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# इन नवनिर्वाचित सांसदों पर देश की रहेगी नजर


आर.के. सिन्हा



**अमृतपाल सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के कुलबीर सिंह जीरा को आसानी से मात दे दी। यह लोकसभा सीट पंजाब में भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित है। उनकी गैरमौजूदगी में उनके माता-पिता उनके लिए प्रचार कर रहे थे। खडूर साहिब लोकसभा क्षेत्र में अमृतसर-तरन तारन-पट्टी के क्षेत्र शामिल हैं, जो जरनैल सिंह भिंडरावाले का प्रभाव वाला क्षेत्र रहा है।**

**लोकसभा** चुनाव के नतीजे आने के बाद उनका गहन विश्लेषण भी हो रहा है पर इस प्रक्रिया के दौरान उन तीन नतीजों पर भी देश को गंभीरतापूर्वक विचार करना होगा जहां से देश के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले तीन उम्मीदवार जीत गए हैं। पंजाब की खडूर साहिब और फरीदकोट लोकसभा सीटों के चुनाव परिणाम सिख राजनीतिक क्षेत्र में बड़े बदलाव और पंथिक राजनीति के पुनरुत्थान का संकेत देते हैं। कट्टरपंथी प्रचारक अमृतपाल सिंह ने खडूर साहिब से और इंदिरा गांधी के हत्यारे बेअंत सिंह के बेटे सरबजीत सिंह ने फरीदकोट से जीत हासिल की है, दोनों ही निर्दलीय मैदान में थे। अमृतपाल सिंह खालिस्तान के पक्ष में बोलते रहे हैं। इसी तरह से जम्मू-कश्मीर की बारामूला सीट से इंजीनियर राशिद का राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उमेर अब्दुल्ला को हराना अपने आप में सामान्य घटना नहीं हैं। राशिद पाकिस्तान परस्त रहे हैं और फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। पहले बात कर लें अमृतपाल सिंह की। उन्हें पिछले साल राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर असम के डिब्रूगढ़ में जेल में रखा गया। सरबजीत सिंह की जीत ने भी साबित कर दिया है कि सिख अभी तक ऑपरेशन ब्लू स्टार और उन भयानक सिख विरोधी दंगों को भूले नहीं हैं। सच में फरीदकोट ने बड़ा आश्चर्यजनक नतीजा दिया जब सरबजीत सिंह ने हंसोड़ लोकप्रिय अभिनेता करमजीत अनमोल को हरा दिया, जबकि उनका फरीदकोट में कोई बड़ा नेटवर्क नहीं था। जब इंदिरा गांधी की हत्या में शामिल के कारण सरबजीत सिंह के पिता को गिरफ्तार किया गया था, वे तब मात्र छह साल के थे। उन्होंने बारहवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। वे पहले भी कई चुनावों में किस्मत आजमा चुके हैं। उन्होंने 2007 में बरनाला जिले के भदौर से पंजाब विधानसभा का चुनाव लड़ा और उन्हें केवल 15,702 वोट मिले। उन्होंने 2004 में बठिंडा लोकसभा सीट से लोकसभा चुनाव भी लड़ा और असफल रहे। उन्हें 1,13,490 वोट मिले। 2009 और 2014 में उन्होंने फिर से क्रमशः बठिंडा और फतेहगढ़ साहिब (आरक्षित) निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ा। सरबजीत सिंह की मां, बिमल कौर और उनके दादा सुच्चा सिंह पूर्व में लोकसभा के लिए चुने गए थे। सरबजीत सिंह इस बार तो चुनाव लड़ने के मूड में नहीं थे। उनसे जब बहुत लोगों ने चुनाव लड़ने की गुजारिश की तो वे चुनाव लड़ने के लिए तैयार हुए। वे अपनी कैंपेन में सिखों के मसलों के अलावा फरीदकोट में नशे की बढ़ती समस्या से लड़ने का वादा कर भी रहे थे। फरीदकोट के लिए कहा जाता है कि यह जिला नशाखोरी की चपेट में पूरी तरह से आ चुका है। अमृतपाल सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के कुलबीर सिंह जीरा को आसानी से मात दे दी। यह लोकसभा सीट पंजाब में भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित है। उनकी गैरमौजूदगी में उनके माता-पिता उनके लिए प्रचार कर रहे थे। खडूर साहिब लोकसभा क्षेत्र में अमृतसर-तरन तारन-पट्टी के क्षेत्र शामिल हैं, जो जरनैल सिंह भिंडरावाले का प्रभाव वाला क्षेत्र रहा है। यह सीट सिखों का गढ़ मानी जानी जाती है। अमृतपाल सिंह के समर्थकों ने अपने कार्यालयों में भिंडरावाले के पोस्टर भी लगाए थे। उन्होंने भी ड्रग संस्कृति को समाप्त करने और बंदी सिखों को रिहा कराने का वादा किया। दरअसल, लोकसभा चुनाव 2024 के रिजल्ट में कई उलटफेर देखने को मिले। ऐसी ही जम्मू-कश्मीर की बारामूला सीट है। यहां राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को जेल में बंद निर्दलीय इंजीनियर अब्दुल राशिद शेख से हार का सामना करना पड़ा। इंजीनियर अब्दुल राशिद शेख फिलहाल उसी तिहाड़ जेल में बंद हैं, जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बंद हैं। राशिद शेख को साल 2019 में एनआईए ने टेरर फंडिंग के केस में गिरफ्तार किया था। अमृतपाल की तरह से उन्होंने भी जेल में रहते हुए चुनाव लड़ा। अब सवाल यह है कि इन संदिग्ध छवि वाले उम्मीदवारों के लोकसभा में पहुंचने से क्या संदेश गया? पंजाब में आम आदमी पार्टी (आआप) और कांग्रेस के कथित असर वाले पंजाब में अमृतपाल सिंह और सरबजीत सिंह की जीत से साफ है कि इनके नेताओं को यह जवाब तो देना ही होगा कि राज्य में देश विरोधी ताकते कैसे अपने पैर जमा रही हैं? पंजाब में आआप की नीतियों को लेकर तो जनता में खासा गुस्सा दिखाई दिया। राज्य की जनता आप के नेता अरविंद केजरीवाल और राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान से नाराज है। आआप ने पंजाब में सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे। उसे उम्मीद थी कि राज्य में उसकी सरकार है, ऐसे में वह कम से कम राज्य की 13 सीटों में से 10 पर तो जीत हासिल करेगी। हालांकि, उसे तीन सीटों से ही संतोष करना पड़ा। होशियारपुर, आनंदपुर साहिब और संगरूर को छोड़कर बाकी की सभी 10 सीटों पर आआप को हार का सामना करना पड़ा। आआप को दिल्ली में भी मुंह की खानी पड़ी। उसने कांग्रेस के साथ गठबंधन किया, इसके तहत दक्षिणी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली और नई दिल्ली के तौर पर चार सीटें उसके खाते में आईं। यह सब सीटें आआप हार गई। आम आदमी पार्टी को 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में में भी एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। इसी प्रकार कांग्रेस भी अपनी तीनों सीटें हार गई। इसमें 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' के कन्हैया कुमार की सीट थी। यह दिल्ली में केजरीवाल और कांग्रेस की अ-लोकप्रियता को दर्शाता है। एक बार फिर इंजीनियर राशिद पर लौटते हैं। राशिद को वर्ष 2004 में श्रीनगर में आतंकवादियों का समर्थन करने के लिए गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद उसे तीन महीने और 17 दिनों के लिए जेल में रखा गया। उस पर राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का आरोप लगाया गया। बाद में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीनगर ने मानवीय आधार पर उनके खिलाफ सभी आरोप हटा दिए। उन्हें अगस्त 2019 में कश्मीर के सभी मुख्यधारा के राजनेताओं के साथ गिरफ्तार कर लिया गया था। तब अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया गया था। राशिद लगातार देश और हिन्दू विरोधी हरकतें करने से बाज नहीं आते।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# आज का राशिफल

**मेष** — आपके पूंजीगत निवेशों से लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेंगे। पदोन्नति मिलने का योग है। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें। क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है। मनचाहा स्थानान्तरण मिल सकता है। अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें।

**वृषभ** — संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। बौद्धिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मन: स्थिति से अधिक प्रभावित रहेगा।

**मिथुन** — पुरूषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक समय उपलब्धिकारक रहेगा।

**कर्क** — मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। पुरुषार्थ का सहारा लें।

**सिंह** — निकटस्त व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा।

**कन्या** — कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**तुला** — ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**वृश्चिक** — परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है। अतः वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें।

**धनु** — अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग मिलेगा। स्वयं को अधिक सक्रिय पाएंगे।

**मकर** — ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। धार्मिक यात्रा का योग है।

**कुम्भ** — हरि करे सो खरी अतः हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी।

**मीन** — मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।

# छत्तीसगढ़: नारायणपुर मुठभेड़ में 6 नक्सली ढेर

## 6 हथियार और नक्सल सामग्री बरामद, 3 जवान घायल



एजेंसी

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बस्तर जिले की सीमा में शुक्रवार दोपहर गोबेल के जंगल में नक्सलियों से हुई मुठभेड़ में जवानों ने 6 नक्सलियों को मार गिराया। घटनास्थल की सर्चिंग के दौरान अब तक 03 महिला एवं 03 पुरुष नक्सलियों के शव एवं हथियार बरामद किए गए हैं। हथियारों में 3 राइफल व बीजीएल लॉन्चर सहित कुल 6 हथियार और नक्सल सामग्री बरामद की गई है। नक्सलियों के शवों की शिनाख्त की जा रही है। मुठभेड़ में शामिल जवानों का दावा है कि मुठभेड़ में बड़ी संख्या में नक्सली घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना मिली कि पूर्व बस्तर डिवीजन इलाके में मुंगेड़ी, गोबेल गांव के जंगल में बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसके बाद 6 जून की रात को दंतेवाड़ा, नारायणपुर, जगदलपुर और कोंडागांव जिले की डीआरजी, 45वीं वाहिनी आईटीबीपी, एवं सीआरपीएफ की टीम मौके के लिए रवाना हुई थी। 7 जून को नक्सलियों के बीच दिनभर चली मुठभेड़ के बाद शुक्रवार रात पुलिस की तरफ से जारी की गई जानकारी के मुताबिक 5 नक्सलियों के शव और हथियार बरामद किए जाने के साथ 3 जवानों के घायल हो गए। शनिवार दोपहर 12 बजे जारी की गई जानकारी के मुताबिक मुठभेड़ में 6 नक्सलियों के शव और हथियार बरामद किए जाने के साथ मुठभेड़ में 3 जवान घायल हो गए। घायल जवानों को हेलिकॉप्टर से रायपुर भेजा गया है और इन जवानों की स्थिति सामान्य व खतरे से बाहर होने का दावा किया गया है। आज शाम 04 बजे जगदलपुर के त्रिवेणी परिसर में बस्तर आईजी संबंधित डीआईजी, एसपी एवं सीआरपीएफ के अधिकारी मुठभेड़ से संबंधित जानकारी विस्तार से देंगे।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि इसमें नारायणपुर डीआरजी के तीन जवान भी घायल हुए हैं। मुठभेड़ समाप्त हो गई है, जवान वापस लौट रहे हैं, वापसी के बाद आज शाम 04 बजे जगदलपुर के त्रिवेणी परिसर में विस्तृत जानकारी विस्तार से दी जाएगी।

# सपा विधायक इरफान सोलंकी को सात साल की सजा

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर से समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी को एमपी-एमएलए कोर्ट ने सात साल की सजा सुनाई। साथ ही 30 हजार पांच सौ रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। महाराजगंज जेल में बंद इरफान सोलंकी की वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कोर्ट में पेशी हुई। कानपुर के जाजमऊ आगजनी मामले में दोषी करार दिए गए सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी व साथी शौकत अली, मो. शरीफ और इसराइल आटे वाला की सजा का ऐलान हो चुका है। एमपीएमएलए सेशन कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने सभी दोषियों को सात साल जेल की सजा सुनाई है। डीजीसी क्राइम दिलीप अवस्थी ने बताया इरफान सोलंकी को जाजमऊ आगजनी केस में सात साल जेल की सजा सुनाई गई है। 30 हजार 500 का जुर्माना भी लगाया गया है। साथ ही रिजवान सोलंकी, इजराइल आटे वाला, मो. शरीफ और शौकत अली को भी सात साल की सजा सुनाई गई है। इन सभी पर जुर्माना भी लगाया गया है। अगर जुर्माने की रकम अदा नहीं करते हैं तो इन्हें तीन महीने की अतरिक्त सजा काटने होगी।

### दिल्ली के नरेला में फैक्ट्री में लगी आग

# तीन की मौत, 6 घायल



एजेंसी


**नई दिल्ली।** दिल्ली के नरेला औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री में बीती रात भीषण आग लगने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि एक पाइपलाइन में गैस लीक होने के कारण आग फैक्ट्री में फैल गई, जिससे कंप्रेसर गर्म हो गया और विस्फोट हो गया। मृतकों की पहचान श्याम (24), राम सिंह (30) और बीरपाल (42) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, शनिवार तड़के 3:35 बजे नरेला औद्योगिक क्षेत्र थाने में पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) से फैक्ट्री में आग लगने और उसमें कुछ लोगों के फंसे होने की सूचना मिली। पुलिस उपायुक्त (आउटर नॉर्थ) आर. के. सिंह ने बताया कि पुलिस टीम जब श्याम कृपा फूड्स प्राइवेट लिमिटेड पर पहुंची तो देखा कि आग ने फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया था। उन्होंने कहा, फैक्ट्री में कुछ लोग मौजूद थे। कुल नौ पीड़ितों को बचाया गया और नरेला के आरएचसी अस्पताल ले जाया गया। आरएचसी अस्पताल पहुंचने पर तीन को मृत घोषित कर दिया गया। डीसीपी ने बताया कि छह घायलों में से पांच पुष्पेंद्र (26), आकाश (19), मोहित कुमार (21), मोनू (25) और लालू (32) को आगे के इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं, रवि कुमार (19) को मामूली चोटें आई हैं। डीसीपी ने कहा कि फैक्ट्री के मालिक रोहिणी निवासी अंकित गुप्ता और विनय गुप्ता हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कच्चे मूंग को गैस बर्नर पर भूना गया था, पाइपलाइन में से एक पर गैस लीक होने से आग फैल गई, जिससे कंप्रेसर गर्म हो गया और विस्फोट हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नई दिल्ली में पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद से शिष्टाचार भेंट की।

# 'रामोजी राव का निधन, पत्रकारिता व सिनेमा के क्षेत्र में बड़ी क्षति'

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने ईनाडु और रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी राव के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए उनके निधन को पत्रकारिता और सिनेमा के क्षेत्र में एक बड़ी क्षति बताया है। संघ ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को सद्गति प्रदान करने की प्रार्थना करते हुए यह भी कहा कि पत्रकारिता और सिनेमा के क्षेत्र में उनकी अग्रणी भूमिका और योगदान को लंबे समय तक याद रखा जाएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने रामोजी राव के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए बयान जारी कर कहा, ईनाडु और रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी राव का निधन मुख्यतः पत्रकारिता और सिनेमा के क्षेत्र में एक बड़ी क्षति है। इन क्षेत्रों में अनूठी विशेषताओं और परंपराओं को जोड़ने में उनकी अग्रणी भूमिका और उनके योगदान को लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

दत्तात्रेय होसबाले ने आगे कहा, उनके शोक-संतप्त परिवार और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को सद्गति प्रदान करें। ॐ शांतिः॥

आपको बता दें कि रामोजी फिल्म सिटी और ईनाडु के संस्थापक रामोजी राव का हैदराबाद में शनिवार की सुबह 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया। पद्म विभूषण से सम्मानित रामोजी राव पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। कुछ दिन पहले ही स्वास्थ्य खराब होने पर उन्हें हैदराबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हैदराबाद के स्टार अस्पताल में शनिवार सुबह 3:45 बजे उनका निधन हो गया। राष्ट्रपति मुर्मू, नरेंद्र मोदी, नड्डा, मल्लिकार्जुन खरगे, राजनाथ सिंह और ओम बिरला सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के दिग्गज नेताओं और राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

नरेंद्र मोदी ने रामोजी राव के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि उन्होंने पत्रकारिता और फिल्मी दुनिया पर अमिट छाप छोड़ी है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रामोजी राव के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, रामोजी राव गारू का निधन बेहद दुखद है। वह एक दूरदर्शी व्यक्ति थे जिन्होंने भारतीय मीडिया में क्रांति ला दी।

# दिल्ली समेत समूचे उत्तर पश्चिम भारत में अगले 5 दिनों तक लू चलने की संभावना



एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में मानसून ने दस्तक दे दी है। वहीं, राजधानी और दिल्ली समेत समूचे उत्तर भारत में अगले पांच दिनों तक भीषण गर्मी पड़ने की संभावना जताई गई है। शनिवार को मौसम विभाग ने बताया कि उत्तर -पश्चिम भारत में 9 जून से अगले पांच दिनों तक लू चलेगी और अधिकतम तापमान 42 डिग्री से 45 डिग्री तक दर्ज किया जा सकता है। इस दौरान उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में अति गर्मी पड़ने की संभावना है। इसके साथ हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर में भी गर्मी का असर देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने कहा कि मध्य अरब सागर के शेष हिस्सों, महाराष्ट्र के मुंबई सहित कुछ और हिस्सों और तेलंगाना में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियाँ अनुकूल हैं। अगले तीन-चार दिनों में इन क्षेत्रों में मानसून दस्तक दे देगा। भारत मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे में मध्य प्रदेश, तेलंगाना, केरल, कर्नाटक, गोवा, तमिलनाडु में भारी वर्षा देखी गई। 8-11 जून में महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक के कई क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना। मौसम विभाग ने रविवार के लिए मध्य प्रदेश में ओळावृष्टि होने चेतावनी दी है। इसके साथ महाराष्ट्र, केरल में भारी बारिश होने की संभावना जताई है।

### नशीले पदार्थों की तस्करी का मामला

# 7 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**नई दिल्ली।** एनआईए ने नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले में सात और आरोपितों के खिलाफ पटियाला हाउस कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया है। एनआईए ने अतहर सईद, अमृतपाल सिंह, अवतार सिंह, हरविंदर सिंह, तहसीम, दीपक खुराना और अहमद फरीद के खिलाफ कोर्ट में चार्ज शीट दाखिल की है।

एनआईए के अनुसार ये सभी आरोपित देश भर में दवाओं की तस्करी और नशीले पदार्थों (ड्रग्स) की बिक्री से मिली रकम को विदेश स्थित मुख्य आरोपितों तक पहुंचाने में भी शामिल थे। एनआईए ने इस मामले में पहले ही चार आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। एनआईए के मुताबिक अप्रैल, 2022 में भारतीय सीमा शुल्क विभाग ने कुल 102.784 किलोग्राम हेरोइन (मादक पदार्थ) जब्त किया था, जिसकी बाजार में कीमत करीब सात सौ करोड़ रुपये आंकी गई थी। यह हेरोइन दो खेप में अमृतसर पहुंचाई जानी था। इसलिए इस ड्रग्स को लिकोरिस रूट्स (मुलेठी) की खेप में छिपाया गया था।

# दिल्ली सरकार जल संकट पर बुलाए विधानसभा का विशेष सत्र : भाजपा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली में जल संकट गहराता जा रहा है। इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश दिल्ली सरकार पर लगातार हमलावर है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने जल मंत्री आतिशी को आड़े हाथों लेते हुए दिल्ली के जल संकट के लिए हरियाणा सरकार पर झूठे दोषारोपण की निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह समझ से परे है कि आतिशी कब तक झूठ बोल कर दिल्ली वालों को जल समस्या पर गुमराह करेंगी। हर बात के लिए विशेष सत्र बुलाने वाली सरकार को जलसंकट पर भी विशेष सत्र बुलाना चाहिए। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली की जल समस्या जल शुद्धिकरण की कमी से नहीं बल्कि वजीराबाद, सोनिया विहार, ओखला वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के जल स्टोरेज तालाबों में भरी गाद से जल बबार्दी, सप्लाई के दौरान जल चोरी एवं लीकेज से है। दिल्ली में पेय जल का 53 प्रतिशत चोरी या लीकेज से बर्बाद होता है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने मांग की है कि जल मंत्री आतिशी अविलंब जल संकट पर सर्वदलीय बैठक बुलाएं। दिल्ली में विधानसभा का

## वजीराबाद बैराज का आतिशी ने किया निरीक्षण, यमुना का जलस्तर और घटा

दिल्ली सरकार में जलमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को वजीराबाद बैराज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि 2 जून के 671.3 फीट की तुलना में 7 जून को यहां जल स्तर घटकर 669.7 फीट रह गया है। जल मंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली के लोगों के पानी की समस्या के समाधान को लेकर लगातार सुनवाई हो रही है। कोर्ट ने अपर यमुना बोर्ड की बैठक के आदेश दिए और सोमवार को दोबारा सुनवाई होगी। इसी के साथ उन्होंने हरियाणा सरकार पर भी साजिश रचने का भी आरोप लगाया। आतिशी ने आरोप लगाया कि दो जून को जब से पानी का ये मुद्दा सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा है, तभी से हरियाणा सरकार ने दिल्ली की ओर यमुना में पानी छोड़ना कम कर दिया है। नतीजतन यहां जल स्तर लगातार घटता जा रहा है। जलमंत्री ने आगे कहा कि दिल्ली पानी की सप्लाई के लिए यमुना नदी पर निर्भर है। यमुना नदी में वही पानी आता है जो हरियाणा से छोड़ा जाता है। यमुना में आने वाला पानी वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट को मिलता है। जब पानी की सप्लाई ही कम हो जाएगी और वॉटर ट्रीटमेंट प्लाट में पानी ही कम जाएगा तो सप्लाई पर इस असर पड़ना लाजिमी है। इससे दिल्ली की जनता को परेशानी होगी।

## आईएमए में अंतिम पग भरते ही 355 युवा भारतीय सेना का बने हिस्सा

**देहरादून।** भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में अंतिम पग भरते ही शनिवार को 355 युवा भारतीय सेना का हिस्सा बन गए। इनके साथ ही मित्र देशों के 39 विदेशी कैडेट भी पास आउट हुए। उत्तरी कमांड के जीओसी ले. जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार ने पासिंग आउटपरेड की सलामी ली। उन्होंने कहा कि युवा अधिकारियों को अप्रत्याशित चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहना होगा। कैडेट ने शनिवार सुबह आईएमए के चेडवुड ड्रिल स्क्वायर से कसम लेकर कदम ताल करते हुए विजय धुन पर परेड मार्च किया। उत्तरी कमांड के जीओसी ले. जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार बतौर रिव्यूइंग ऑफिसर परेड का निरीक्षण किया। इस मौके पर सेना के हेलीकॉप्टरों से पुष्प वर्षा की गई। दर्शक दीर्घा में बैठे परिजन उनकी हौसला अफजाई के लिए मौजूद रहे। इन कैडेट ने आईएमए से अंतिम पग भरने और कसम परेड के बाद सेना में बतौर लेफ्टिनेंट सेवा का पहला कदम बढ़ाया।

# जांच : बंगाल घोटाले में दिल्ली से जाएंगे सीबीआई अधिकारी

**कोलकाता।** सीबीआई के कुछ वरिष्ठ अधिकारी अगले सप्ताह पश्चिम बंगाल जाएंगे। वे वहां राज्य में भ्रष्टाचार और चुनाव के बाद हुई हिंसा के मामलों में एजेंसी द्वारा की जा रही जांच की प्रगति की समीक्षा करेंगे। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल रैंक के ये अधिकारी कोलकाता के निजाम पैलेस और सॉल्ट लेक में सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित सीबीआई के कार्यालयों में विभिन्न मामलों के जांच अधिकारियों से साथ बैठकें करेंगे। जानकारी मिली है कि की जा रही जांच की प्राथमिक रिपोर्टें हाल ही में कोलकाता से एजेंसी के मुख्यालय भेजी गई थीं। इन रिपोर्टों की समीक्षा के बाद एजेंसी के शीर्ष अधिकारियों ने कुछ वरिष्ठ अधिकारियों को जांच की प्रगति की समीक्षा के लिए कोलकाता भेजने का फैसला किया है। सूत्रों ने बताया कि समीक्षा के बाद दिल्ली से गये वरिष्ठ अधिकारी इन मामलों में जांच के अगले चरण का ब्लू प्रिंट तैयार करेंगे। सीबीआई का यह फैसला महत्वपूर्ण है क्योंकि पश्चिम बंगाल में स्कूलों में हुई लगभग 26 हजार भर्तियां निरस्त करने के मामले पर 16 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है।

### नीट-यूजी / एनटीए ने 1500 से ज्यादा उम्मीदवारों को दिए ग्रेस मार्क्स की समीक्षा के लिए समिति गठित की

# समिति एक हफ्ते के अंदर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी

- *एनटीए ने पेपर लीक नहीं होने की पुष्टि की*

एजेंसी




**नई दिल्ली।** नीट-यूजी 2024 के नतीजों को लेकर चल रहे विवाद के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने 1,500 से ज्यादा उम्मीदवारों को दिए गए ग्रेस मार्क्स का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति एक हफ्ते के अंदर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। यह कदम बढ़े हुए अंकों के व्यापक आरोपों के बाद उठाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप 67 उम्मीदवारों ने शीर्ष रैंक साझा की, जिनमें एक ही परीक्षा केंद्र के छह उम्मीदवार शामिल थे। एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने नीट परीक्षा विवाद पर शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि उम्मीदवारों ने कुछ मुद्दे उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह दुनिया या देश की सबसे बड़ी प्रतियोगी परीक्षा है, जो एक ही पाली में होती है, जिसमें लगभग 24 लाख उम्मीदवार और 4,750 केंद्र थे। इस परीक्षा का पैमाना सबसे बड़ा है। लगभग छह केंद्रों पर प्रश्नपत्रों के गलत वितरण के कारण लगभग 16,000 उम्मीदवार प्रभावित हुए। उम्मीदवारों ने आरोप लगाया कि उन्हें कम समय मिला। हमने उच्च न्यायालय में जवाब दिया है कि हमने विशेषज्ञों की एक शिकायत निवारण समिति बनाई है। यह समिति केंद्र से रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज सहित समय की बबार्दी के विवरण पर गौर करेगी। समिति में यूपीएससी के पूर्व अध्यक्ष और अन्य शिक्षाविद शामिल हैं। समिति एक हफ्ते के अंदर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। उसके बाद फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने सभी चीजों का पारदर्शी तरीके से विश्लेषण किया और नतीजे घोषित किए। 4,750 केंद्रों में से समस्या सिर्फ छह केंद्रों तक सीमित थी और 24 लाख उम्मीदवारों में से सिर्फ 1,600 उम्मीदवार प्रभावित हुए। पूरे देश में इस परीक्षा की शुचिता से समझौता नहीं किया गया। हमने अपने सिस्टम का विश्लेषण किया और पाया कि कोई पेपर लीक नहीं हुआ। एनडीए के डीजी ने कहा कि जिन नीट अभ्यर्थियों को ग्रेस अंक दिए गए हैं, उनके परिणाम संशोधित किए जा सकते हैं, प्रवेश प्रक्रिया प्रभावित नहीं होगी। नीट-यूजी ग्रेस मार्क्स मुद्दे की समीक्षा करने वाला पैनल एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

उल्लेखनीय है कि एनटीए ने 5 मई 2024 को नीट-यूजी की परीक्षा आयोजित की थी। 14 विदेशी केंद्रों सहित यह परीक्षा 571 शहरों में 4750 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी। 14 लाख 6 हजार उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया था। 4 जून को परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया था।

# भुवनेश्वर से कोलकाता आ रही बस के पलटने से 15 लोग हुए घायल

**कोलकाता।** भुवनेश्वर से कोलकाता आ रही एक निजी बस पश्चिम मेदिनीपुर जिले के नारायणनगर इलाके में अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में करीब 15 यात्री घायल हुए हैं। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, यह हादसा शनिवार सुबह खड़गपुर-बालेश्वर राष्ट्रीय राजमार्ग 60 पर हंडला राजगढ़ इलाके में हुआ। घटना की सूचना नारायणनगर थाने की पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर नारायणगढ़ पुलिस और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी मौके पर पहुंचे। घायलों का मकरमपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। उधर, हादसे से राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लग गया। पुलिस के प्रयास से स्थिति सामान्य हुई।

# बिहार में सरकारी नौकरियों में 2 प्रतिशत से भी कम लोग : पीके

एजेंसी



**पटना।** बिहार में जहां लोकसभा चुनाव और आचार संहिता के समाप्त होने के बाद सरकार ने रिक्त पदों को भरने की कवायद शुरू की है, वहीं देश के चर्चित चुनावी रणनीतिकार और जन सुराज यात्रा कर रहे प्रशांत किशोर ने कहा है कि बिहार में चपरासी से लेकर चीफ सेक्रेटरी तक को भी अगर आप जोड़ लें, तो 2 प्रतिशत से भी कम लोग सरकारी नौकरियों में हैं। उन्होंने कहा, शिक्षकों की भर्ती करके मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव खुद अपनी वाहवाही लूटने में लगे हैं। जो सिस्टम है, जिसे आप तंत्र कहते हैं, सरकारी नौकरियों में पूरे बिहार में 1.57 प्रतिशत लोग ही हैं। चपरासी से लेकर चीफ सेक्रेटरी तक को भी अगर आप जोड़ देंगे, तो 2 प्रतिशत से भी कम लोग सरकारी नौकरियों में हैं। प्रशांत किशोर ने स्पष्ट कहा कि बिहार में जो व्यवस्था है, वह सिर्फ 2 प्रतिशत सरकारी नौकरी करने वाले लोगों की वजह से नहीं है। दिक्कत यह है कि जो जनप्रतिनिधि हैं, वो अधिकारियों को चुनकर बैठाते हैं। अधिकारी वैसे ही काम करता है, जैसा वो कराना चाहते हैं। पत्रकारों से बातचीत में प्रशांत किशोर ने आगे कहा, यही नीतीश कुमार हैं, 2005 से 2010 में यही तंत्र था, यही अधिकारी थे और इन्हीं की वजह से कई क्षेत्रों में सुधार दिखा।

## एक नजर

### फीफा विश्व कप के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित

**कोलकाता।** भारत की सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 और एएफसी एशियाई कप 2027 प्रारंभिक संयुक्त योग्यता राउंड 2 मैच के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। भारतीय टीम शनिवार शाम को कोलकाता से दोहा के लिए रवाना होगी। टीम मंगलवार को अल रयान के अहमद बिन अली स्टेडियम में अपने आखिरी ग्रुप ए मैच में दो बार के एशियाई चैंपियन कतर से भिड़ेगी। गुरुवार को कुवैत के खिलाफ गोलरहित ड्रा खेलने के बाद भारत -3 के गोल अंतर और पांच अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बना हुआ है।

### पंजाब एफसी ने जीता ड्रीम स्पोर्ट्स फुटबॉल चैंपियनशिप का खिताब

**मुंबई।** पंजाब एफसी ने शुक्रवार को मुंबई के कूपरेज फुटबॉल ग्राउंड में खेले गए फाइनल मुकाबले में ईस्ट बंगाल एफसी पर 1-0 की जीत के साथ ड्रीम स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। अर्शवीर सिंह के एकमात्र गोल ने पंजाब एफसी को इस अंडर-17 क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन सीजन का विजेता बनाया। दोनों टीमें मैच में कई मौकों पर गोल करने के करीब पहुंच गई थीं लेकिन वे फिनिशिंग टच नहीं दे सकीं। चैंपियनशिप में सबसे अधिक गोल करने वाले देबोजीत रॉय 21वें मिनट में ईस्ट बंगाल के लिए गोल करने के बिल्कुल करीब पहुँचे।

### बांग्लादेश की श्रीलंका पर दो विकेट से रोमांचक जीत

**डलास।** बांग्लादेश ने श्रीलंका को टी 20 विश्व कप के मुकाबले में शनिवार को दो विकेट से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की। बांग्लादेश ने काफी धैर्य दिखाया और 125 के छोटे लक्ष्य को छह गेंद और दो विकेट शेष रहते हासिल कर लिया। बांग्लादेश की जीत के स्टार रहे युवा स्पिनर ऋषद हुसैन, जिन्होंने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 22 रन पर तीन विकेट लेकर श्रीलंका को नौ विकेट पर 124 रन पर रोक दिया और प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। उनकी महत्वपूर्ण सफलताओं,जिनमें चरित असालंका (19) और वानिंदू हसारंगा (0) के लगातार गेंदों पर विकेट शामिल हैं।

# भारत-पाक के बीच महामुकाबले में पिच पर भी रहेगी सबकी नजर

*भारत के गेंदबाजों ने सटीक गेंदबाजी की जबकि रोहित और पंत ने बेहतर बल्लेबाजी*



एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** द्विपक्षीय सीरीज की अनुपस्थिति में भारत-पाकिस्तान के मुकाबले बहु राष्ट्रीय टूनार्मेंटों या वैश्विक टूनार्मेंटों में देखने को मिलते हैं जिसका मतलब है कि टी 20 विश्व कप के रविवार को होने वाले दोनों देशों के महामुकाबले के साथ रोमांच और पिच को लेकर अनिश्चितता की स्थिति बनी रहेगी। रविवार को दोनों टीमें जब टी 20 विश्व कप के ग्रुप ए मुकाबले में भिड़ेंगी तो न्यूयॉर्क को अहसास होगा कि भारत-पाकिस्तान मुकाबले का रोमांच क्या होता है। इस महामुकाबले में उतरने से पहले पिछली आतंकी धमकी को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है और न्यूयॉर्क में ड्राप इन पिचों की प्रवृत्ति को लेकर चर्चा जोरों पर है।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने स्वीकारा है कि न्यूयॉर्क में पिचें मानकों के अनुरूप नहीं हैं और वे इस स्थल पर शेष मैचों के लिए पिचों पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं। अत्यधिक सीम मूवमेंट और असमान उछाल का मतलब है कि यहां अब तक हुए तीन मैचों में कम स्कोर देखने को मिले हैं और खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं भी उठी हैं। आयरलैंड के खिलाफ मुकाबले में कप्तान रोहित शर्मा को कंधे में चोट लगने के कारण रिटायर होना पड़ा जबकि ऋषभ पंत को कोहनी पर चोट लगी।

क्रिकेट के दृष्टिकोण से भारत अपने पहले मुकाबले में आयरलैंड को ध्वस्त करने के बाद आत्मविश्वास से भरपूर है। भारत के गेंदबाज सटीक निशाने पर थे जबकि रोहित और पंत ने बेहतर बल्लेबाजी प्रदर्शन किया। एकमात्र सवाल यही है कि उन्हें देखना होगा कि फॉर्म में चल रहे चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव के लिए टीम में जगह बनती है या नहीं जिनका पाकिस्तानी बल्लेबाजों के खिलाफ अच्छा रिकॉर्ड है। इसके अलावा, स्टेडियम से परिचित होने से भारत को अतिरिक्त बढ़त भी मिलती है, क्योंकि उसने इस महीने की शुरूआत से यहां आयरलैंड और बांग्लादेश के खिलाफ (अभ्यास मैच में) खेला है। पाकिस्तान के लिए, यह पहली बार है कि वे इस विश्व कप में न्यूयॉर्क में खेलेंगे।

**टीमें**

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

**पाकिस्तान :** बाबर आजम (कप्तान), मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), अबरार अहमद, आजम खान, फखर जमान, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, मोहम्मद अब्बास आफरीदी, मोहम्मद आमिर, नसीम शाह, सईम अयूब, शादाब खान, शाहीन शाह आफरीदी और उस्मान खान।

### न्यूयॉर्क की मुश्किल पिच पर पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा खतरा बन सकते हैं कोहली



न्यूयॉर्क। टी20 विश्व कप 2024 में रविवार को भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत होगी। भले ही पिछले कुछ वर्षों में इन दोनों टीमोंके बीच होने वाले मैच उतने रोमांचक नहीं रहे हैं, लेकिन केवल कई देशों वाले टूनार्मेंट में ही इनके भिड़ने के कारण इसका महत्व हमेशा अधिक रहता है। अमेरिका में भारत और पाकिस्तान दोनों देशों के काफी लोग रहते हैं तो मैदान के पूरी तरह भरे रहने की उम्मीद है। भारत और पाकिस्तान के बीच 12 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले जा चुके हैं जिसमें से नौ में भारत और तीन में पाकिस्तान को जीत मिली है। टी20 विश्व कप में ये आंकड़े और भी मजबूती से भारत के पक्ष में जाते हैं क्योंकि इसमें भारत ने सात में से छह मैच जीते हैं।

## व्हीलचेयर क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन



नवीन मेल संवाददाता

**रांची/ बेंगलुरु।** आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में परिश्रम दिव्यांग स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा आशा की किरण, प्रसन्नता और सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक मंच प्रदान करते हुए एक बहुत ही विशेष व्हीलचेयर क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया है। इसका शनिवार को भव्य उद्घाटन किया गया। इसमें 60 दिव्यांग एथलीटों ने भाग लिया है। टूर्नामेंट में 10 अनुरक्षकों के साथ 35 पुरुष और 25 महिला एथलीट शामिल हैं। उद्घाटन समारोह में वैश्विक आध्यात्मिक गुरु और मानवतावादी श्री श्री रवि शंकर के साथ भारतीय पैरालंपिक समिति के एथलेटिक्स अध्यक्ष सत्यनारायण, पूर्व सैनिक और टोक्यो पैरालिंपिक के मुख्य वर्गीकरणकर्ता और चिकित्सा निदेशक डॉ अमेया आदि मौजूद थे। पुरुषों का टेस्ट मैच 8 से 9 जून के बीच एसएसआरवीएम ग्राउंड्स पर खेला जा रहा है और अंतराल के दौरान महिलाओं का टी 20 मैच खेला जाएगा।

## डीएसए ए डिवीजन लीग : यंग ब्वायज और यूनाइटेड की जीत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्लेयर ऑफ द मैच दिशान शबीर के दो बेहतरीन गोलों की मदद से यंग ब्वायज एफसी ने जुबा सांघा को 4-1 से हरा कर डीएसए ए डिवीजन लीग में पूरे अंक अर्जित किए। दो गोल सूरज सिंह और डाउंजल ने बांटे। पराजित टीम का इकलौता गोल आशीष शॉ के नाम रहा। नेहरू स्टेडियम में खेले गए एक अन्य मैच में दिल्ली यूनाइटेड ने शिमला यंग एफसी को 2-0 से पराजित किया। सौरभ दलाल और हिमांशु यादव ने यूनाइटेड के लिए गोल जमाए। यंग ब्वायज ने कागजों पर मजबूत टीम के विरुद्ध अभियान की शुरूआत तेज गति के साथ की और जुबा सांघा की कमजोर रक्षा पंक्ति को आसानी से झकझोरते हुए पहले हाफ में चार गोल की बढ़त बना ली। इससे पहले कि जुबा सांघा के रक्षक कुछ समझ पाते विजेता टीम ने मजबूत बढ़त बना ली।

हालांकि दूसरे हाफ में पराजित टीम एक गोल उतार पाई लेकिन तब तक उसकी हार पर मुहर लग चुकी थी। सुदेवा अकादमी के खिलाड़ियों से सजी यंग ब्वायज को दूसरे हाफ में ज्यादा मेहनत करनी पड़ी। इस दौरान पराजित टीम ने कुछ मौके भी गंवाए। एक समय तक शिमला यंग दिल्ली का चैंपियन क्लब था लेकिन अब वह पहले वाली बात नजर नहीं आती। मैच दर मैच खराब फार्म में चल रहे शिमला यंग की अग्रिम पंक्ति ने कुछ आसान मौके भी गंवाए ।

## रॉकमैन प्रीमियर लीग : चैलेंजर्स ने सुपरजॉयंट्स को हराया

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रॉकमैन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में चैलेंजर्स ने सुपर जॉयंट्स को 50 रन से हरा दिया। मैच में चैलेंजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अर्जुन के 84 रन की पारी के बदौलत 213 रन विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए सौरव और अमन ने भी शानदार प्रदर्शन किया। सौरव ने 68 और अमन ने 35 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। वहीं विपक्षी टीम की श्रेया ने एक विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सुपरजॉयंट्स की टीम 168 रन ही बना सकी। टीम के लिए आशीष ने45 और आदित्य ने 33 रन बनाए।

**वॉरियर्स ने स्मैशर्स को हराया**

स्मैशर्स के साथ खेले गए मुकाबले में वॉरियर्स की टीम ने 31 रन से जीत दर्ज की। वॉरियर्स की टीम पहले बल्लेबाजी करती हुई निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाई। टीम के लिए रोहित ने सर्वाधिक 48, दिनेश ने 45 व जीतेंद्र ने 42 रन बनाए। विपक्षी टीम के शिवम ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्मैशर्स की टीम जीतेंद्र की धारदार गेंदबाजी के सामने 138 रन ही बना सकी।

## भारत में पहली द्विपक्षीय शृंखला खेलने के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** आयरलैंड महिला क्रिकेट टीम इस साल के आखिर में भारत का दौरा करेगी, जिसमें लॉरा डेलानी की अगुआई वाली टीम हरमनप्रीत कौर की टीम के खिलाफ तीन वनडे और इतने ही ट्वेंटी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। यह पहली बार होगा जब कोई आयरिश टीम (पुरुष या महिला) द्विपक्षीय दौरे के लिए भारत का दौरा करेगी। आयरिश पुरुष टीम 2011 विश्व कप के लिए भारत आई थी, क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, आयरिश महिलाएँ 30 दिसंबर को भारत पहुँचेंगी और दो सप्ताह तक वहाँ रहेंगी।

## बटलर और वॉर्नर पर होंगी सबकी निगाहें

एजेंसी

**बारबाडोस।** शनिवार को टी20 विश्व कप 2024 में एक धमाकेदार मैच देखने को मिलेगा जब ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत इंग्लैंड से होगी। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 10:30 बजे से बारबाडोस के ब्रिजटाउन क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इन दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 23 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले जा चुके हैं जिसमें से 10 में ऑस्ट्रेलिया और 11 में इंग्लैंड को जीत मिली है। दो मैचों के परिणाम नहीं निकल पाए हैं। वर्तमान टूनार्मेंट में ऑस्ट्रेलिया ने ओमान के खिलाफ आराम से जीत हासिल की थी, लेकिन इंग्लैंड का पहला मैच बारिश के कारण रद्द हुआ था।



**हालिया फॉर्म :** फरवरी में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने तीन मैचों की टी20 सीरीज में वेस्टइंडीज को 2-1 जबकि न्यूजीलैंड को 3-0 से मात दी थी। इसके बाद टीम के अधिकतर खिलाड़ी आईपीएल 2024 में व्यस्त हो गए थे। टी20 विश्व कप के अभ्यास मैचों में ऑस्ट्रेलिया को नामीबिया के खिलाफ जीत और वेस्टइंडीज के खिलाफ हार मिली थी। गौर करने वाली बात ये भी है कि दोनों अभ्यास मैचों में ऑस्ट्रेलिया अपने मुख्य छह खिलाड़ियों के बिना उतरी थी। इंग्लैंड ने विश्व कप से ठीक पहले मई के अंत में पाकिस्तान के खिलाफ चार मैचों की टी20 सीरीज में 2-1 से जीत दर्ज की थी।

**दोनों टीमों के अहम खिलाड़ी :** ऑस्ट्रेलिया के लिए डेविड वॉर्नर अहम होंगे तो वहीं अहमियत और जरूरत को देखते हुए एश्टन एगर को भी लाया जा सकता है। वॉर्नर ने ओमान के खिलाफ अर्धशतक लगाया था और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इंग्लैंड के टॉप-7 में से छह बल्लेबाज दाएं हाथ के हैं तो ऐसे में बाएं हाथ के स्पिनर एगर को लाया जा सकता है।

## भारतीय पहलवानों ने कुश्ती रैंकिंग सीरीज में जीता रजत

**बुडापेस्ट।** भारतीय पहलवान अंतिम पंघाल और अंशु मलिक ने शुक्रवार को बुडापेस्ट में पोलाक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल 2024 कुश्ती टूनार्मेंट (बुडापेस्ट कुश्ती रैंकिंग सीरीज) में अपने-अपने मैचों में रजत पदक जीते, जबकि शीर्ष पहलवान विनेश फोगट को कोई पदक नहीं मिला। 19 वर्षीय भारतीय ने 2021 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता कटारजीना क्रावज़िक को 3-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## एप्पल को पीछे कर एनवीडिया बनी दुनिया की दूसरी बड़ी कंपनी

एजेंसी


**मुंबई।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चिप बनाने वाली कंपनी एनवीडिया का मार्केट कैप 3 ट्रिलियन डॉलर को पार कर गया है। इस कारण एप्पल को पछाड़कर एनवीडिया दुनिया की दूसरी सबसे वैल्यूएबल कंपनी बन गई है। आखिरी कारोबारी सत्र में एनवीडिया के शेयर में 5.16 प्रतिशत की तेजी आई और कंपनी का मार्केट कैप 3.01 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया। एप्पल के शेयर में 0.78 प्रतिशत की बढ़त हुई है और उसका मार्केट कैप 3 ट्रिलियन डॉलर पर है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चिप की मांग बढ़ने के कारण एनवीडिया के शेयर में लगातार तेजी बनी हुई है। पिछले एक साल में यह 200 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दे चुका है। सॉफ्टवेयर दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट 3.15 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी है।



यह पहला मौका नहीं है, जब एनवीडिया की मार्केट कैप एप्पल से ज्यादा है। इससे पहले 2002 में भी ऐसा हो चुका है। उस समय दोनों कंपनियों की वैल्यूएशन 10 बिलियन डॉलर से कम थी।

## मोदी ने मस्क से कहा, बिजनेस पार्टनर्स को मजबूत कारोबारी माहौल देगा भारत

*जून 2023 में मस्क ने अमेरिका में पीएम मोदी से मुलाकात की थी*



एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई देने के लिए टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रतिभाशाली युवा और स्थिर लोकतांत्रिक राजनीति सभी बिजनेस पार्टनर्स के लिए सुरक्षित कारोबारी माहौल प्रदान करेगी। अरबपति एलन मस्क ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री को तीसरी बार फिर से चुने जाने पर बधाई दी थी। मस्क ने बताया कि उनकी कंपनियां जल्द ही भारत में निवेश करने की सोच रही हैं। एलन मस्क की बधाई पर पीएम मोदी ने कहा, आपकी बधाई के लिए शुक्रिया एलन मस्क। पीएम मोदी ने कहा, "देश के प्रतिभाशाली युवा, हमारी जनस पूवार्नुमानित नीतियां और स्थिर लोकतंत्र सभी बिजनेस पार्टनर्स के लिए कारोबारी माहौल प्रदान करना जारी रखेंगे।" पीएम मोदी को बधाई देने के लिए मस्क ने एक्स पर लिखा था, दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनाव में आपकी जीत पर बधाई, मुझे उम्मीद है कि मेरी कंपनियां भारत में अच्छा काम करेंगी।"स्पेसएक्स और टेस्ला के सीईओ के 21 और 22 अप्रैल को भारत आने और पीएम मोदी से मिलने की उम्मीद थी। हालांकि बाद में उन्होंने काम का हवाला देते हुए अपनी इस यात्रा को स्थगित कर दिया। वहीं मस्क ने बाद में कहा कि वह इस साल के अंत में भारत आ सकते हैं। जून 2023 में मस्क ने अमेरिका में पीएम मोदी से मुलाकात की थी। तब टेक अरबपति ने विश्वास जताया था कि टेस्ला जल्द ही सैटेलाइट इंटरनेट सेवा स्टारलिंक के साथ भारतीय बाजार में प्रवेश करेगी। टेस्ला के भारत में अपनी विनिर्माण इकाई स्थापित करने और बड़े पैमाने पर निवेश करने की उम्मीद है।

## युवाओं में मल्टीपल स्केलेरोसिस से पीड़ित होने की संभावना अधिक

एजेंसी


**नई दिल्ली।** विशेषज्ञों ने कहा है कि युवा वयस्कों और महिलाओं में मल्टीपल स्केलेरोसिस से पीड़ित होने की संभावना अधिक होती है। मल्टीपल स्क्लेरोसिस (एमएस) एक जटिल दीर्घकालिक ऑटोइम्यून और न्यूरोलॉजिकल बीमारी है,जो मुख्य रूप से सेंट्रल नर्वस सिस्टम को प्रभावित करता है, जिसके चलते अनेक प्रकार के लक्षण और स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के आंकड़ों का अनुमान है कि दुनिया भर में 1.8 मिलियन से अधिक लोग मल्टीपल स्क्लेरोसिस से पीड़ित हैं। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, भारत में मल्टीपल स्क्लेरोसिस प्रति 100,000 लोगों में से 7 से 30 के बीच है। गुरुग्राम के मारेंगो एशिया हॉस्पिटल्स के न्यूरोसाइंसेज और न्यूरोसर्जरी विभाग के वरिष्ठ कंसल्टेंट डॉ. हिमांशु चंपानेरी ने आईएएनएस को बताया, "एमएस किसी भी उम्र के व्यक्ति को प्रभावित कर सकता है, हालांकि 20 से 40 वर्ष की आयु के लोगों में इसको अधिक देखा गया है। महिलाएं असमान रूप से इससे प्रभावित होती हैं। उनमें पुरुषों की तुलना में इस स्थिति के होने की संभावना दो से तीन गुना अधिक होती है।" सामान्य लक्षणों में सुन्नता या संवेदी हानि, अंगों या चेहरे में पेरेस्थेसिया, दृष्टि हानि, एक या अधिक अंगों में कमजोरी, चलते समय दोहरी दृष्टि असंतुलन और मूत्राशय संबंधी समस्याएं जैसे पेशाब रोकने या पेशाब करने में कठिनाई शामिल है।

## विटामिन डी के लिए नियमित जांच की जरूरत नहीं : डॉक्टर

*स्वस्थ व्यक्तियों के लिए नियमित 25 हाइड्रॉक्सी विटामिन डी परीक्षण के खिलाफ सुझाव दिया*

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी एंडोक्राइन सोसायटी की नई गाइडलाइन सामने आई है। जिसमें डॉक्टरों ने कहा है कि हड्डियों और हृदय के लिए आवश्यक विटामिन डी के लिए किसी तरह की कोई नियमित जांच की जरूरत नहीं है। इसे सनशाइन विटामिन के नाम से भी जाना जाता है, यह एक वसा में घुलनशील विटामिन है जो डी-2 और डी-3 दो मुख्य रूपों में पाया जाता है। विटामिन डी हड्डियों और दांतों के विकास और प्रतिरक्षा प्रणाली के नियमित कामकाज के लिए महत्वपूर्ण सूक्ष्म पोषक तत्व है। कई अध्ययनों ने इसकी कमी को मसक्यूलोस्केलेटल, मेटाबॉलिक, कार्डियोवैस्कुलर, घातक ऑटोइम्यून और संक्रामक रोगों सहित आम विकारों से जोड़ा है। इसके परिणामस्वरूप लोगों में जांच करवाने के मामले में वृद्धि हुई है। अमेरिका में एंडोक्राइन सोसाइटी ने इस सप्ताह एक नई गाइडलाइन जारी की, जिसमें 75 वर्ष की आयु तक स्वस्थ वयस्कों के लिए विटामिन डी की जांच नहीं कराने की सिफारिश की गई है। पैनल ने सामान्य रूप से स्वस्थ व्यक्तियों के लिए नियमित 25 हाइड्रॉक्सी विटामिन डी परीक्षण के खिलाफ सुझाव दिया।



पी.डी. हिंदुजा अस्पताल की सेक्शन हेड एंडोक्रिनोलॉजी कंसल्टेंट्स फुलरेणु चौहान ने आईएएनएस को बताया, "विटामिन डी का सेवन लगभग हर व्यक्ति करता है।

जो स्वास्थ्य पोषण, स्वास्थ्य प्रशिक्षकों और इसी तरह के अन्य क्षेत्रों से संबंधित है, जिन्हें इस बात का बिलकुल भी अंदाजा नहीं है कि विटामिन डी के उच्च स्तर या खुराक से क्या हो सकता है।" उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि लेबोरेटरी भी अपने पैकेज में विटामिन डी जांच की सुविधा दे रही है।

## इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म लाने का आरबीआई का प्रयास शानदार

**नई दिल्ली।** आरबीआई द्वारा रेपो रेट को यथावत रखने के साथ ही वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने के लिए नया इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म लाने को लेकर इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स की ओर से केंद्रीय बैंक की सराहना की गई है। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में मुख्य अर्थशास्त्री, डॉ. एसपी शर्मा ने कहा कि वैश्विक चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं। लेकिन, आरबीआई द्वारा रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। फिलहाल हमें आने वाले समय में महंगाई को देखना होगा।

## भारत ने 722 करोड़ का सोना खरीदा दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा खरीदार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक यानी फ़्इक ने मई में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सोना खरीदार रहा। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के मुताबिक, बीते माह भारत ने करीब 722 करोड़ रुपए का सोना खरीदा। सिर्फ स्विटजरलैंड और चीन ने भारत से ज्यादा गोल्ड खरीदा। बीते 5 वित्त वर्षों में भारत ने अपने गोल्ड रिजर्व में करीब 204 टन सोने की बढ़ोतरी की। मार्च 2019 में देश का गोल्ड रिजर्व 618.2 टन था, जो 31 मार्च 2024 को 33% बढ़कर 822.1 टन हो गया। हालांकि, इस दौरान सोने की कीमतों में करीब 70% की बढ़ोतरी हुई है। सोने की बढ़ती कीमतों की वजह से बीते माह ग्लोबल गोल्ड मार्केट में औसत दैनिक ट्रेडिंग वॉल्यूम 18 लाख करोड़ रुपए रहा। यह अप्रैल 2024 की तुलना में 13% कम, लेकिन 2023 के औसत 13.6 लाख करोड़ रुपए रोजाना से 32.51% ज्यादा है।

## मुथूट फिनकॉर्प ने 'बुक माई गोल्ड लोन' कैंपेन शुरू किया

**नई दिल्ली।** देश में 137 साल पुराने मुथूट पप्पाचन ग्रुप की प्रमुख कंपनी मुथूट फिनकॉर्प लिमिटेड (एमएफएल) ने शुक्रवार को बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ अपना 'बुक माई गोल्ड लोन' अभियान (कैंपेन) शुरू किया। मुथूट पप्पाचन ग्रुप को मुथूट ब्लू के नाम से भी जाना जाता है। यह कैंपेन भारत में अपनी तरह की पहली सर्विस पेश करता है। 'किसी भी समय, कहीं से भी तुरंत गोल्ड लोन बुक करें'।

## एक नजर

### गुमला जिले में लातेहार की युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**लातेहार।** सदर प्रखंड के परसही पंचायत के ग्राम तुलबुल खेरही टोला निवासी राजेश सिंह उम्र 33 वर्ष की मौत गुमला जिले के बनारी प्रखंड में बीते रात्रि 10 बजे सड़क दुर्घटना में हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक ट्रैक्टर में सामान लोड कर बनारी जा रहा था, इसी दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर बनारी मेन रोड में एक पेड़ से टकरा गई। जहां राजेश की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक अपने पीछे पूरा भरा परिवार को छोड़ दुनिया से चल बसा। मृतक के दो लड़का व एक लड़की है। वहीं परिजनों के रो रो कर बुरा हाल है। मृतक का पोस्टमार्टम गुमला में किया गया। गरीब परिवार के लिए मुआवजा की मांग स्थानीय मुखिया अनीता देवी ने प्रशासन से मांग की हैं।

### कार्रवाई : नामजत अभियुक्त गिरफ्तार भेजा जेल



**हरिहरगंज।** स्थानीय थाना कांड संख्या 126/23 के प्राथमिकी अभियुक्त महेंद्र भुईयां पिता रघुनाथ भुईयां रजवार गांव निवासी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि उसके विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज था। परंतु बीते कई माह से वह फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक टीम का गठन कर प्राथमिकी अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की गयी। जिसे टीम के द्वारा गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया।

### लापता : कोयल नदी में नहाने के दौरान एक युवक डूबा



**मोहम्मदगंज।** थानान्तर्गत भीमचुल्हा शिव मंदिर के पास कोयल नदी में नहाने के दौरान एक युवक डूबने से लापता है। युवक बिहार राज्य के नबीनगर थानान्तर्गत टन्डवा का सोनू तिवारी बताया जाता है। जो कपड़ा फेरी का काम करता था। नदी में नहाने गया था, जब काफी देर तक बाहर नही निकला तो साथ मे आए तीन अन्य युवकों ने हल्ला मचाया तो मंदिर के पुजारी ने इसकी सूचना मोहम्मदगंज थाना की दिया। सुचना मिलते ही थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी ने एसआई सुबीर किस्कू सदल बल घटनास्थल पहुँचे और स्थानीय गोताखोरों को बुलाकर खोजबीन करवा रहे है। समाचार लिखे जाने तक युवक की खोजबीन जारी है। घटनास्थल पर लोगो की भीड़ जमा हो गई है।

### प्रधानाध्यापक का विद्यालय में फंदे से लटका मिला शव

**पलामू।** जिले के छत्तरपुर प्रखंड क्षेत्र के न्यू प्राथमिक विद्यालय चुरवाही के प्रभारी प्रधानाध्यापक जीतन सिंह का शव स्कूल के बरामदे में फंदे से लटका शनिवार सुबह बरामद किया गया। संदिग्ध स्थिति में शव विद्यालय से बरामद होने पर पूरे गांव में सनसनी फैल गयी है। प्रधानाध्यापक जीतन सिंह का घर विद्यालय से कुछ ही दूरी पर स्थित है। घटना की जानकारी मिलने के बाद छत्तरपुर के थाना प्रभारी राजेश रंजन मौके पर पहुंचे एवं पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। बताते चलें कि छत्तरपुर थाना क्षेत्र के रुदवा पंचायत के अक्काबसा टोला के चुरवाही नव प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक जीतन सिंह हर दिन की अपनी पत्नी इंद्री देवी एवं छोटे पुत्र के साथ स्कूल में ही सोते थे। उनका घर विद्यालय से मात्र तीन सौ मीटर की दूरी पर है।

# हुसैनाबाद में वी बाजार के कारण लोगों को हो रही परेशानी




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला मुख्य बाजार के झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के सामने वी बाजार के शुभारंभ होने से जहां सैकड़ों की तादाद में ग्राहक खरीदारी करने वी बाजार में जुट रहे हैं, वहीं दूसरी ओर, पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से ग्राहकों के वाहनों के सड़कों पर खड़ा करने से आम राहगीरों एवं अगल-बगल के दुकानदारों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर जाम में फंसे लोगों ने बताया कि वी बाजार के शुभारंभ होने के कारण प्रतिदिन सड़कों पर 40-50 की संख्या में मोटरसाइकिल एवं अन्य गाड़ियां खड़ी रहती हैं। जिस कारण यहां हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है, वहीं फुटपाथ विक्रेताओं का कहना है कि आए दिन नगर पंचायत की तरफ से अतिक्रमण हटाने को लेकर हम लोगों को परेशान किया जाता है। वहीं इतने बड़े वी बाजार के शुभारंभ होने पर घंटों-मुख्य बाजार में जाम की स्थिति बनी रहती है, पर इस तरफ किसी भी नगर पंचायत कर्मी एवं पदाधिकारी का ध्यान तक नहीं है। यहां तक की एसडीओ पीयूष सिन्हा भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी नियम का डंडा केवल गरीब-गुरबों पर ही चलता है, बड़े लोगों के पास इनका कोई नियम-कानून नहीं चल पाता। अब ऐसे में देखना यह दिलचस्प होगा कि आए दिन जाम की समस्या को देखते हुए नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी एवं हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा की क्या भूमिका रहती है...। वैसे बड़े वाहनों के प्रवेश होने से भी जाम की स्थिति बन जा रही है। जबकि पूर्व मे एसडीएम व एसडीपीओ के संयुक्त आदेश पर सुबह आठ बजे के बाद व रात आठ बजे के बाद ही वाहनों की प्रवेश करने के लिए समय निर्धारित किया गया था, लेकिन ओवरब्रिज बनने के बाद बोर्ड हटने के बाद आदेश भी गायब हो गया।

# गाइडलाइन : 60 दिनों तक स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के निर्देशानुसार अनुमण्डल दण्डाधिकारी, सदर, मेदिनीनगर अनुराग कुमार तिवारी द्वारा युवाओं को नशे की लत से बचाने और जिले के स्कूलों समेत सभी शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू किया जाता हैं। यह निषेधाज्ञा सात जून के पूर्वाह्न 06 बजे से अगले 60 दिनों तक के लिए प्रभावी रहेगा।



राज्य सरकार से मिली गाइडलाइन के आलोक में यह निर्देश दिया गया। साथ ही जिले के सभी सरकारी, गैर सरकारी स्कूल-कॉलेजों में मादक पदार्थों के इस्तेमाल पर रोक के लिए जागरुकता अभियान चलाने का भी निर्देश दिया गया है।

इसकी रोकथाम के लिए जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज की परिधि में धारा 144 लगाने के आदेश पर अनुमंडल दण्डाधिकारी सदर ने कोटप्पा एक्ट की कंडिका-06 में वर्णित निषेधाज्ञा के तहत यह आदेश जारी करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पाद नहीं बेचेगा या बिक्री के लिए पेश नहीं करेगा तथा बिक्री करने की अनुमति नहीं देगा।

## युवक की गोली मारकर हत्या


**पलामू।** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर के रहने वाले लकी कुमार (18)। की बंदुवा खोहरी में गोली मारकर हत्या कर दी गयी। युवक का सिर का हिस्सा प्लास्टिक में बंद पाया गया। मौके से रस्सी भी मिली है। युवक का सिर का हिस्सा चोटिल था और काफी रक्त भी बहा हुआ नजर आया। आंख के उपर पिस्टल से गोली मारने के निशान मिले हैं। पहले तेज धारदार नुकीले हथियार से गोदने की चर्चा थी, लेकिन पोस्टमार्टम के बाद गोली लगने की पुष्टि हुई। युवक बंदुवा के खोहरी में कैसे पहुंचा, इसके लिए छानबीन तेज की गई है। परिजनों का बयान लिया गया है। बंदुवा के खोहरी में शनिवार की सुबह एक युवक का शव देखे जाने के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुड़ गई। इसी बीच इसकी सूचना पुलिस को भी हुई। चैनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और डेड बॉडी को कब्जे में लिया। जरूरी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के दोस्त राहुल कुमार के अनुसार लकी से शुक्रवार सुबह 10 बजे पहली मुलाकात हुई। दोनों शाहपुर किला के पास साथ में नाश्ता किए। फिर दो तीन घंटे तक घुमा। दोपहर 2 बजे खाना खाने के लिए राहुल और लकी अपने अपने घर चले गए।

## एनडीआरएफ की टीम को नहीं मिला खदान में डूबा किशोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत हेरहंज थाना क्षेत्र के नवादा ग्राम अंतर्गत अमवा टोली निवासी स्वर्गीय सुधीर उरांव की 10 वर्षीय पुत्र प्रेम उरांव का शव 24 घंटे बाद भी बरामद नहीं हो सका है। प्रेम उरांव अपनी दो बहन और अन्य दोस्तों के साथ बंद पड़ी खदान में स्नान करने शुक्रवार को गया था। जिसमें नहाने गए अन्य सभी बाहर निकल गए लेकिन प्रेम उराव बाहर नहीं निकल सका। जिसे स्थानीय लोगों ने पानी भरे खदान से निकालने का पूरा प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। जिसकी सूचना प्रशासन को दी गई और आज शनिवार को पुलिस में प्रशासनिक पदाधिकारी के पहल पर एनडीआरएफ की स्पेशल टीम अमवाटोली खदान पहुंची और देर शाम 7:00 बजे तक टीम में शामिल गोताखोर के द्वारा लापता प्रेम उरांव की शव को निकालने का पूरा प्रयास किया लेकिन नहीं निकल पाया। वही इस घटना की सूचना पाकर स्थानीय विधायक बैजनाथ राम बालूमाथ एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम हेरहंज थाना प्रभारी विक्रम कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रदीप कुमार दास के साथ-साथ प्रखंड के उप प्रमुख विजय भगत आदि घटनास्थल पर डटे रहे। वहीं देर शाम अंधेरा हो जाने के कारण एनडीआरएफ की टीम प्रखंड मुख्यालय लौट गई है जो रविवार की सुबह से शव को खोजने के लिए खदान में कोशिश करेगी। वहीं शनिवार दिनों भर इस दौरान खदान के आसपास सैकड़ो लोगों का जमावड़ा लगा रहा। वही इस घटना से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक प्रेम उरांव स्वर्गीय सुधीर उरांव का एकलौता पुत्र था। इस घटना को लेकर अमवा टोली के आसपास प्रखंड के समाजसेवी ग्रामीण भी घटना पर पहुंचे शोक जाहिर की। जिनमे आरजेडी नेता सुरेश राम प्रीतलाल यादव विश्वनाथ उरांव आशीष यादव जितेंद्र यादव सहित सैकड़ो महिला पुरुष ग्रामीण का नाम शामिल है।

## एंडोस्कोपी से बच्ची के गले से डा. मिंज ने निकाली चाबी




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के पांकी रोड मईया बाबू हॉस्पिटल में फिर से एक डेढ़ वर्ष की बच्ची को डॉ अभिनव मिंज ने जीवनदान देने का काम किया है। जानकारी के अनुशार पांकी थाना क्षेत्र के तेतराइ गांव निवाशी अखिलेश भुइयां की डेढ़ वर्षीय पुत्री 5 जून की सुबह खेलने के क्रम में चाभी निगल गई थी। चाभी निगलने के बाद उसे खाने पीने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जिसके वजह से घर के लोग काफी परेशान व चिंतित थे। इसके बाद बच्ची को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सको ने बच्ची की गंभीर स्थिति को देखते हुवे उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। परिजन बच्ची को रांची जाने में सक्षम नहीं थे। इसके बाद परिजन बच्ची को लेकर पांकी रोड स्थित मईया बाबू हॉस्पिटल में पहुंचे। मईया बाबू हॉस्पिटल में कम खर्च में डॉ अभिनव मिंज के द्वारा एंडोस्कोपी कर बच्ची के गले में फसे चाभी को सफलता पूर्वक निकाला गया। सफलता पूर्वक बच्ची के गले से चाबी निकल जाने के बाद बच्ची के परिजनों ने डॉक्टर और अस्पताल प्रबंधक को धन्यवाद दिया है।

### एमएसीटी केस को लेकर विशेष लोक अदालत

## एक करोड़ 49 लाख 82 हजार 600 रुपये का मामला सेटल

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** एमएसीटी केस के निस्तारण को लेकर व्यवहार न्यायालय में शनिवार को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। मामले निस्तारण को लेकर एक पीठों का गठन किया गया था। मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चतुर्थ अभिमन्यु कुमार व अधिवक्ता कुमार शिवाजी सिंह कर रहे थे। इसमे सुलह समझौता के आधार पर कुल 21 मामले का निस्तारण किया गया व एक करोड़ 49 लाख 82 हजार 600 रुपए के मामले का सेटल हुआ।

जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम विनोद कुमार सिंह के कोर्ट में चल रहे एमएसीसी 40/2018 में नीलू देवी को 12 लाख 83 हजार 155 रुपये का चेक व जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय अखिलेश कुमार के अदालत में चल रहे एमएसीसी 23/2017 में मीणा देवी को छह लाख तीन हजार 922 रुपये का चेक पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के द्वारा प्रदान किया गया।



यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रभारी सचिव व सीजेएम आनंद सिंह ने दी।

मौके पर जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चतुर्थ अभिमन्यु कुमार, सीजेएम आनंद सिंह, रजिस्ट्रार कमल प्रकाश, बीमा कम्पनी के अधिवक्ता युधिष्ठिर गिरी, क्लेमेंट के अधिवक्ता सुशील राम, नीरज कुमार सिंह, एलएडीसी के असिस्टेंट पुष्कर राज, व्यवहार न्यायालय कर्मी मनोज कुमार सिंह, संजीव कुमार सिंह, पीएलभी मुनेश्वर राम के अलावे दर्जनों वादकारी उपस्थित थे।

### लाचारी / अतीत के घने कोहरे में समा गए कई जीवनदायिनी तालाबें

# खतरे में है ऐतिहासिक तालाबों का वजूद

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार(पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र के सरौना, कंडा, तुकबेरा आदी गांव की पहचान कभी तालाबों से ही हुआ करता था। जो आज भी बड़े तालाब के भव्य इतिहास के गवाह हैं। लेकिन देखरेख के अभाव में तालाब दिनों दिन उथला होते जा रहा है। उसके मेड़ को गांव के हीं लोगों ने अतिक्रमित कर लिया है। लोग बताते हैं कि एक समय था, जब काफी क्षेत्र में फैला यह तालाब सालों भर पानी से लबालब भरा रहता था। लेकिन अब यह गर्मी के दिनों में पूरी तरह सूख जाता है।

नावाबाजार प्रखंड हीं नहीं पुरे जिले में नदी, तालाबों सहित जलाशय स्थल का अस्तित्व खतरें में है। इसका एक मात्र कारण लोगों की ओर से नदी, नालों व तालाबों पर अवैध कब्जा कर वहां घर बनाने व खेती के लिए उसे भरकर समाप्त करना है। इसके अलावा लोग घरों से निकलने वाला कचरा भी सीधे उन नदी-नालों व तालाबों में ही फेंकते हैं, जिससे कई आहर व तालाब तो भरकर समाप्त हो गए, जो बचे हैं वे भी कुछ ही दिनों के मेहमान से लगते हैं। नावाबाजार प्रखंड क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक चिमनी ईंट भट्टा नदी किनारे हीं अवस्थित है। जो नदी के अस्तित्व को मिटाने के लिए पर्याप्त हैं।

सरकार व प्रशासन के द्वारा इन नदी-नालों सहित आहर, पोखर, तालाब को बचाने के लिए उनकी साफ-सफाई कराने में कोई रुचि नहीं लिया रहा है। जिसके कारण नदी-नालों व तालाब गंदा होने के साथ ही धीरे-धीरे पटते जा रहे हैं। कल तक तालाब गांव के लिए जीवनदायिनी थी। जिसका पानी नहाने व कपड़ों को साफ करने में काम आता था। लेकिन अब ऐसा नहीं है।

प्रखंड के सभी नदी, नाला, आहर, तालाब का पानी सुख गया है। वही इनका अतिक्रमन भी स्थानीय लोगों की ओर कर लिया गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक अगर समय रहते इनके अस्तित्व को बचाने के लिए प्रयास नहीं किया गया तो भविष्य में भीषण जल संकट का सामना करना पड़ सकता है।



### कहां गये प्रत्येक वर्ष मनरेगा से खोदे जा रहे सैकड़ों तालाब व डोभा

प्रखंड में प्रत्येक वर्ष लाखो रुपय खर्च कर अति महत्वकांक्षी योजना मनरेगा से डोभा, तालाब व आहर खोदे जा रहे है। लेकिन वे केवल कागजों पर खोदे जाते है या फिर धरातल पर है या नहीं, इसकी समुचित जानकारी किसी भी अधिकारी को नहीं। जितने तालाब खोदे जाते हैं या खोदे गए हैं वे कारगर होते तो जल संकट की इतनी भयावह स्थिति नहीं होती। हर वर्ष प्लान के तहत लाखों रुपए खर्च कर कई नए तालाब की खुदाई व पुराने की गहरीकरण कराई जाती है। नए व पुराने दोनों को मिलाकर जितने तालाब, डोभा या आहर सरकारी रिकार्ड में कागजों में है, उतनी धरातल पर नहीं दिखाई देती। मनरेगा से खोदे गए डोभा किसी पंचायत में आंकड़े के अनुसार नहीं मिलेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### बिन बयाही मां बनी युवती ने शादी का बनाया दबाव तो प्रेमी ने की गला रेतकर हत्या



**पलामू।** पलामू से सटे गढवा जिले के भंडरिया थाना क्षेत्र के नागनाहा गांव निवासी ज्ञानचंद तुरी की पुत्री सुषमा कुमारी (22) की थाना क्षेत्र के दिलवाही जंगल में उसके कथित प्रेमी बिजका गांव निवासी चमरू सिंह का मनसू सिंह (25) ने धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। सूचना मिलने पर भंडरिया पुलिस ने शनिवार को शव को अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया है। वही घटना की छानबीन में जुट गई है। मृतका के पिता ने ने अपने पुत्री के प्रेमी पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसकी बेटी का प्रेम प्रसंग पिछले दो वर्षों से भंडरिया थाना क्षेत्र के बीजका गांव निवासी चमरू सिंह का पुत्र मनसू सिंह के साथ चल रहा था। इसी बीच मेरी पुत्री गर्भवती हो गई और एक लड़का को जन्म दिया। जन्म के बाद लड़का एक वर्ष का हो गया। पुत्री अपने ही घर मे रहने लगी। प्रेमी मनसू सिंह पर शादी का दबाव बनाने लगी। प्रेमी बार बार शादी से इनकार करने लगा। वही पुत्री के साथ साथ हमलोगों को भी जान से मारने की धमकी देता रहता था। इसी बीच देर शाम करीब 7 बजे गुरुवार को मेरी लड़की घर से बिना किसी को बताए हुए निकली थी, लेकिन सुबह तक वापस घर नहीं आने पर हम लोगों ने उसे बहुत खोजबीन की। वही बेटी के मोबाइल नंबर पर फोन किया तो मोबाइल नंबर भी बंद मिला। वही उसके प्रेमी के मनसू के पास फोन किया तो उसका भी नंबर पर फोन लगने पर उसके द्वारा फोन रिसीव नही किया गया। वही कुछ देर बाद मोबाइल भी बंद कर दिया गया। इस दौरान ग्रामीणों के माध्यम से जंगल में एक शव होने की जानकारी मिली। शव को देखने बाद उक्त शव उसकी पुत्री की थी।

### बोलेरो से तस्करी कर बिहार ले जाने के क्रम में 20 पेटी शराब जब्त

**पलामू।** जिले के हुसैनाबाद थाना के टेंटा गांव के समीप से बुलेरों से बिहार ले जाई जा रही 20 पेटी शराब पुलिस ने बरामद की है। एसआई शशि शेखर पांडे ने शनिवार को बताया कि एसडीपीओ को गुप्त सूचना मिली थी कि टेन्टा गांव के रास्ते झारखंड से शराब की खेप बिहार भेजी जा रही है। एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो के निर्देश पर गठित टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बुलेरो वाहन पर ले जाई जा रही खेप को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। पुलिस को आता देख वाहन पर सवार व चालक भागने में सफल हो गए। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शराब के साथ वाहन को जब्त कर लिया गया है। बुलैरो वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 24 पी 1413 है। बुलेरो पर 20 पेटी टनाका शराब थी। प्रत्येक पेटी में 180 एमएल की 48 बोतल शराब है।

### गरीब रथ एक्सप्रेस की चपेट में आकर एक किशोर की हुई मौत

**विश्रामपुर।** धनबाद रेल मंडल स्थित सीआई सेक्शन के लालगढ़ रेलवे स्टेशन के समीप शनिवार को गरीब रथ एक्सप्रेस से गिरकर एक नाबालिक 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। किशोर का शव पोल संख्या 308/24 के पास पाया गया। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी गढ़वा रोड आरपीएफ सहित नौगढ़ा ओपी को दी। घटनास्थल पर नौगढ़ा ओपी प्रभारी सोनू कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे। जहां ग्रामीणों की मौजूदगी में सरकारी प्रक्रिया पूरा करते हुए शव को अपने कब्जे में लिया। मृत किशोर की पहचान गढ़वा जिला स्थित डंडा थाना के निमिया गांव निवासी किशुन चौधरी के पुत्र चंदन कुमार के रुप में की गई। इधर किशोर की पहचान नहीं होने की स्थिति में घटना की जानकारी व उसके शव की पहचान को लेकर लोगों के द्वारा इंटरनेट साइट का सहारा लिया।

### पिकअप वाहन व एम्बुलेंस के बीच हुई जोरदार टक्कर में एंबुलेंस चालक की मौत, दो जख्मी

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर सिसकरिया के समीप शनिवार को एक पिकअप वैन ने सामने से आ रही एम्बुलेंस को जोरदार टक्कर मार दी जिसमे एम्बुलेंस चालक रिजवान अंसारी पिता स्व. हसमुद्दीन अंसारी बड़गाई नूर मोहल्ला रांची की मौत हो गयी। वंही दुर्घटना में एम्बुलेंस में सवार मरीज सदेश साहू और सुनील कुमार सिंह घायल हो गए। दुर्घटना के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर भागने में सफल रहा। सूचना पाते ही चंदवा पुलिस घटनास्थल पहुंची। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया। जहां डॉ नीलिमा कुमारी ने गंभीर रूप से घायल एंबुलेंस चालक रिजवान अंसारी को जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। घायल सदेश साहू व सुनील सिंह का प्राथमिक उपचार अस्पताल में ही चल रहा था। चिकित्सक ने बताया कि रिजवान के सिर में गहरी चोट लगी थी जिस कारण अत्यधिक रक्तस्त्राव होने की वजह से उसकी मौत हो गई। परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई है। इधर घटना को लेकर पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

## पेज एक का शेष

### दक्षेस के आमंत्रित हस्तियों की सुरक्षा को लेकर राजधानी में हाई अलर्ट

, मालदीव, भूटान, नेपाल, मॉरीशस और सेशेल्स के शीर्ष नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। दिल्ली पुलिस ने महानगर के लीला, ताज, आईटीसी मौर्या, क्लेरिजेस और ओबेरॉय जैसे होटल को पहले ही सुरक्षा घेरे में ले लिया गया है। शपथ ग्रहण समारोह के दिन दिल्ली पुलिस के स्वाट और एनएसजी के कमांडो राष्ट्रपति भवन एवं विभिन्न अहम स्थानों के आसपास तैनात रहेंगे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी का कहना है कि यह आयोजन राष्ट्रपति भवन के अंदर होना है, इसलिए परिसर के अंदर और बाहर त्रिस्तरीय सुरक्षा होगी। बाहरी घेरे पर दिल्ली पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। उसके बाद अर्धसैनिक बल के जवान और भीतरी घेरे में राष्ट्रपति भवन की आंतरिक सुरक्षा के जवान तैनात रहेंगे।

अधिकारियों का कहना है कि रविवार को दिल्ली के मध्य भाग की ओर जाने वाली कई सड़कें बंद की जा सकती हैं या सुबह से ही यातायात में बदलाव किया जा सकता है। इसके अलावा राष्ट्रीय राजधानी की सीमाओं पर शनिवार से ही जांच बढ़ा दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण करेंगे। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने 293 सीट जीतकर बहुमत हासिल किया है।

### राहुल को विपक्ष का नेता बनाए जाने का प्रस्ताव पारित

विपक्ष का नेता पद का दावा करने के लिए किसी भी दल के पास लोकसभा की कुल सदस्य संख्या के 10 प्रतिशत निर्वाचित सदस्य होने जरूरी हैं। पिछले दो लोक सभा चुनावों में कोई भी दल इस आहर्ता को पूरा नहीं कर सका था। कांग्रेस इस बार राहुल गांधी के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव लड़ी है। आज कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक से पहले सभी पार्टी नेताओं का कहना था कि राहुल गांधी को विपक्ष का नेता पद स्वीकार करना चाहिए। शनिवार सायंकाल ही कांग्रेस संसदीय दल की बैठक भी आयोजित की जानी है, जिसमें संसदीय दल का नेता चयनित किया जाएगा।




# पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने दिल्ली पहुंची शेख हसीना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। राष्ट्रपति भवन में रविवार 9 जून की शाम को वह अपने मंत्रिमंडल के साथ शपथ ग्रहण करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शनिवार को नई दिल्ली पहुंची। इसके अलावा शेख हसीना रविवार शाम को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित भोज में भी शामिल होंगी। पीएम मोदी ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री को नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए फोन कर न्योता दिया था। बता दें कि पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में कई देशों के नेताओं को न्योता दिया गया है।

शेख हसीना के अलावा भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड', मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ शामिल होंगे। खबरों के मुताबिक, पीएम मोदी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट पर काम करने वाले श्रमिकों, सफाई कर्मियों और ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों को भी विशेष अतिथि के रूप में न्योता भेजा गया है। इसके अलावा विकसित भारत के



एंबेसडर के रूप में वंदे भारत और मेट्रो ट्रेनों पर काम करने वाले रेलवे कर्मचारियों और केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को निमंत्रण भेजा गया है। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन के खाते में 292 सीटें आई हैं। जबकि इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने 234 सीटों पर जीत दर्ज की। वहीं, अन्य के खाते में 17 सीटें आई। भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। भाजपा ने 240 सीटों पर जीत हासिल की है। हालांकि, 2019 के मुकाबले 63 सीटें कम है। तीसरे कार्यकाल में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार बनने जा रही है। इसके साथ ही नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर जवाहर लाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे।

## शपथ ग्रहण समारोह में बुलाएंगे तो सोचेंगे : कांग्रेस

कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि अभी तक नई सरकार के मंत्रीमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में बुलाने के लिए निमंत्रण नहीं आया है। अगर शपथग्रहण समारोह में बुलाया जाता है और निमंत्रण पत्र भेजा जाता है तो उस पर विचार किया जाएगा। कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के ठीक बाद एक पत्रकार वार्ता के दौरान एक सवाल के जवाब में जयराम रमेश ने यह कहा।

देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनने जा रही है। रविवार, 9 जून शाम सवा 7 बजे राष्ट्रपति भवन में नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। देश-विदेश के नेताओं को शपथ ग्रहण समारोह का न्योता भी भेजा जा रहा है। इस बीच कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा है कि आईएनडीआईए के नेताओं को शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण नहीं आया है। अगर निमंत्रण आता है तो हमारे नेता इस पर विचार करेंगे। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश और केसी वेणुगोपाल ने संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि 2024 लोकसभा का चुनाव लोकतंत्र और आम जनता की जीत है। कांग्रेस ने संविधान बचाने और समाजिक व आर्थिक समानता को मुद्दा बनाकर चुनाव मैदान में उतरी थी जिसका देश ने समर्थन दिया। इसके लिए कांग्रेस कार्यसमिति ने देशवासियों का आभार जताया है।



### नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं होगी तृणमूल कांग्रेस



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं होगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के सांसद नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) निरस्त करने की मांग करेंगे।

### मुइज्जू के दौरे से भारत-मालदीव संबंधों में सुधार की उम्मीद

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह को ऐतिहासिक घटना बताते हुए शनिवार को कहा कि इसमें शामिल होना उनके लिए 'सम्मान की बात' होगी। मालदीव में भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर ने आज राष्ट्रपति कार्यालय में एक सद्भावना मुलाकात के दौरान मुइज्जू को निमंत्रण पत्र सौंपा। मालदीव के राष्ट्रपति ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण के इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल होना उनके लिए सम्मान की बात होगी। मुइज्जू के कार्यालय ने कहा, उन्होंने यह भी कहा कि वह प्रधानमंत्री मोदी से साथ मिलकर भारत से नजदीकी संबंध और मजबूत करने की दिशा में काम करने के लिए उत्साहित हैं।



## भारत-बांग्लादेश सीमा पर 4 किलो से ज्यादा सोना जब्त

एजेंसी

**कोलकाता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के जवानों ने पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर 4.433 किलो सोने के बिस्कुट और छड़ें जब्त की। सोने की कीमत लगभग 3.24 करोड़ रुपये है।

सोना बांग्लादेश से तस्करी कर भारत लाया जा रहा था। इसे सीमा शुल्क विभाग को सौंप दिया गया है। खाजीबागान सीमा चौकी पर तैनात बीएसएफ की 32 बटालियन के जवानों को शुक्रवार को पीर बाबा इलाके में सीमा पार से सोने की तस्करी के प्रयास के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी।

जवानों ने अंधेरा होने के बाद भारतीय सीमा में 7 से 8 लोगों की हरकत देखी। उनमें से दो लोग बांग्लादेश में अपने साथियों की ओर से फेंके गए कुछ पैकेट लेने के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) की बाड़ के पास पहुंचे। तभी बीएसएफ के जवानों ने उन्हें ललकारा। दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के बीएसएफ के डीआईजी और प्रवक्ता एके आर्य ने कहा, पूरा ग्रुप अंधेरे और घने जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गया। तलाशी के दौरान बीएसएफ ने दो पैकेट बरामद किए, जिनमें 20 सोने के बिस्कुट और दो सोने की छड़ें थीं। बीएसएफ को हाल के महीनों में भारत-बांग्लादेश सीमा पर सोने की तस्करी पर अंकुश लगाने में बड़ी सफलता मिली है। अप्रैल में 9.4 किलो सोना जब्त किया गया था।



*जवानों ने अंधेरा होने के बाद भारतीय सीमा में 7 से 8 लोगों की हरकत देखी।*

## स्मृति और स्वाति सहित 13 लोगों ने उपराष्ट्रपति से की मुलाकात

एजेंसी

**नई दिल्ली।** निवर्तमान केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल सहित 13 लोगों ने शनिवार को अलग-अलग उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट की।

उपराष्ट्रपति सचिवालय ने एक्स पर मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, ह्लस्मृति ईरानी ने आज उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। उपराष्ट्रपति से मुलाकात करने वालों में जयपुर से लोकसभा सांसद मंजू शर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, निसिथ प्रमाणिक, अश्विनी कुमार चौबे और डॉ. सत्यपाल सिंह शामिल थे। इसके अलावा राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल, केसरी देव सिंह झाला, सुधा मूर्ति, डॉ. भीम सिंह, डॉ. सरफराज अहमद, बंशीलाल गुर्जर और प्रदीप कुमार वर्मा ने भेंट की। राजस्थान के उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेम चंद बैरवा ने भी उपराष्ट्रपति से भेंट की।

## पीएम मोदी को बिना किसी शर्त के समर्थन : जदयू

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी रविवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। शपथ ग्रहण से पहले एनडीए में शामिल सभी घटक दलों की बैठक हुई, जहां सभी दल के नेताओं ने पीएम मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता चुना। शपथ ग्रहण से पहले जदयू नेता जमा खान और संजय झा की प्रतिक्रिया सामने आई है। जेडीयू नेता और बिहार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान ने कहा कि हम अपने नेता के नेतृत्व में काम करते हैं। हमारे नेता के नेतृत्व में बिहार में जो सफलता प्राप्त हुई है, उसके लिए बिहार वासियों को मैं धन्यवाद देना चाहता हूं। निश्चित तौर पर जहां हम लोग के नेता हैं, वहां हम लोग हैं। हमारे नेता ने पीएम मोदी को समर्थन दिया है।

## हूती ने लाल सागर में दो वाणिज्यिक जहाजों पर हमलों की जिम्मेदारी ली

*स्थानीय निवासियों के अनुसार, हवाई हमलों ने दोनों शहरों में हूती सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया।*

एजेंसी

**सना।** यमन के हूती समूह ने लाल सागर में दो वाणिज्यिक जहाजों पर मिसाइल और ड्रोन हमलों की जिम्मेदारी ली है। हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि हमलों ने उन कंपनियों के दो जहाजों को निशाना बनाया, जिन्होंने इजरायली बंदरगाहों में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के हूती के फरमान का उल्लंघन किया था। उन्होंने जहाजों की पहचान एल्बेला और एएएल जेनोआ के रूप में की। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित बयान में सरिया ने कहा कि हमले में कई ड्रोन, बैलिस्टिक और नौसैनिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया था, और निशाना सटीक था। उन्होंने अपना प्रण दोहराया कि जब तक इजरायल गाजा पर हमले बंद नहीं कर देता, तब तक हूती इस तरह के और हमले करेंगे। इससे पहले अल-मसीरा टीवी ने बताया था कि अमेरिका-ब्रिटेन गठबंधन ने राजधानी सना और बंदरगाह शहर होदेइदाह पर कई हवाई हमले किए। स्थानीय निवासियों के अनुसार, हवाई हमलों ने दोनों शहरों में हूती सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। हूती समूह ने पिछले साल नवंबर से गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए लाल सागर से गुजरने वाले इजरायल से जुड़े जहाजों को निशाना बनाकर एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोनों से हमले किये हैं।

## युद्धविराम चर्चा के लिए प. एशिया आएंगे ब्लिंकेन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन गाजा में युद्धविराम के प्रयास को आगे बढ़ाने के लिए अगले सप्ताह पश्चिम एशिया की यात्रा पर जाने वाले हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि ब्लिंकेन सोमवार से बुधवार तक मिस्र, इजरायल, जॉर्डन और कतर के दौरों पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, मंत्री सहयोगी देशों के साथ एक ऐसे युद्धविराम समझौते पर पहुंचने की आवश्यकता पर चर्चा करेंगे। यह यात्रा इजरायल और फिलिस्तीनी चरमपंथी समूह हमास के बीच गाजा में महीनों से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की एक नई तीन चरणों वाली योजना का हिस्सा है।

## महायुति विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करेगी, एमवीए का झूठा

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में भाजपा के निराशाजनक प्रदर्शन किया। इससे विचलित हुए बिना भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को विधायकों की बैठक में उनसे सितंबर-अक्टूबर में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में अच्छे प्रदर्शन के लिए कमर कसने और कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने विश्वास जताया कि महायुति राज्य विधानसभा चुनावों में भारी जीत हासिल करेगी। दरअसल, महा विकास अघाड़ी की ओर से सेट किए गए झूठे नैरेटिव का समय खत्म हो चुका है। यह विधानसभा चुनावों में काम नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि एकजुटता दिखाकर, पूरी ताकत और शक्ति से चुनाव लड़कर महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बाद सत्ता बरकरार रखना संभव होगा। इससे पहले विधायकों ने फडणवीस के नेतृत्व में आस्था और विश्वास को दोहराया। उन्होंने उनसे पद छोड़ने के बजाय पार्टी का अंदर से नेतृत्व करने का आग्रह किया। देवेंद्र फडणवीस ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद उन्हें डिप्टी सीएम के पद से मुक्त करने का प्रस्ताव वापस ले लिया है, जिन्होंने उन्हें पद पर बने रहने को कहा है। देवेंद्र फडणवीस ने बैठक में कहा कि मैं योद्धा हूं और जब तक महायुति का झंडा राज्य में नहीं फहरा देता, मैं नहीं रुकूंगा। मैं आपसे भी अपील करता हूं कि रूकें नहीं, बल्कि सफलता के लिए कड़ी मेहनत करें। मैंने 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के एक दिन बाद आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत के लिए काम शुरू कर दिया है।



*महा विकास अघाड़ी की ओर से सेट किए गए झूठे नैरेटिव का समय खत्म हो चुका है।*

## भर्ती परीक्षाओं में खेल नहीं कर सकेंगे सॉल्वर गैंग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया तेज करने के लिए शनिवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में विभिन्न चयन आयोगों के अध्यक्षों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उन्होंने यूपी में सॉल्वर गैंग/पेपर लीक कराने जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने को नया कानून तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेपर लीक एवं सॉल्वर गैंग जैसी अराजक गतिविधियों को कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसे अपराध में शामिल हर अपराधी के खिलाफ ऐसी कठोर कार्रवाई की जाए, जो नजीर बने।

**उपलब्धि** / आईआईटी खड़गपुर की सफलता, विश्व रैंकिंग में 222 वां स्थान

## देश के सर्वश्रेष्ठ उच्च शिक्षा संस्थानों में चौथा स्थान

*आईआईटी बॉम्बे और आईआईटी दिल्ली दुनिया के शीर्ष 150 उच्च शिक्षण संस्थानों में शामिल हैं*

एजेंसी

**कोलकाता।** खड़गपुर स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने पिछले साल की तुलना में 49 पायदान की छलांग लगा कर भारत के उच्च शिक्षण संस्थानों में चौथा स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही संस्थान ने वैश्विक स्तर पर 222वां स्थान हासिल किया है। नवीनतम क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 के अनुसार,



आईआईटी खड़गपुर अब आईआईटी में तीसरा सर्वश्रेष्ठ और देश का चौथा सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थान है। आईआईटी बॉम्बे और आईआईटी दिल्ली दुनिया के शीर्ष 150 उच्च शिक्षण संस्थानों में शामिल हैं, जबकि मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) ने 13वीं बार वैश्विक स्तर पर शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। आईआईटी बॉम्बे पिछले साल के 149वें स्थान से 31 पायदान ऊपर चढ़ कर 118वें स्थान पर पहुंच गया, जबकि आईआईटी दिल्ली ने 47 अंकों का सुधार करते हुए वैश्विक स्तर पर 150वां स्थान हासिल किया। क्वाक्वेरेली साइमंड्स द्वारा वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 में दुनिया भर के 1,503 विश्वविद्यालयों को शामिल किया गया और कुल पांच हजार 663 संस्थानों का मूल्यांकन किया गया। रैंकिंग का उद्देश्य अगले शैक्षणिक वर्ष के लिए विश्वविद्यालय के प्रदर्शन को प्रोजेक्ट करना है, इसलिए उन्हें अगले वर्ष के लिए नामित किया गया है।

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 के बयान में कहा गया है कि आईआईटी खड़गपुर ने अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान नेटवर्क, स्थिरता और प्रति संकाय उद्धरण जैसे मापदंडों में अच्छा प्रदर्शन किया है। इस संबंध में आईआईटी खड़गपुर के निदेशक प्रो. वीके तिवारी ने कहा, संस्थान ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, उन्नत विनिर्माण प्रणाली और परिवहन, 5जी नेटवर्क, सुरक्षा इंजीनियरिंग और विश्लेषण, गुणवत्ता और विश्वसनीयता, सस्ती स्वास्थ्य सेवा, सटीक कृषि, खाद्य पोषण और स्मार्ट बुनियादी ढांचे के साथ वैश्वीकरण के मानकों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के राष्ट्र के संकल्प को बरकरार रखा है ताकि आत्मनिर्भर भारत में योगदान दिया जा सके। उन्होंने कहा, हमें डिजिटल अर्थव्यवस्था और बायोमेडिकल इंजीनियरिंग में अवसरों का लाभ उठाना होगा, मानव-मशीन तालमेल बनाकर तकनीकी विस्तार को बढ़ावा देना होगा।

## असम के सीएम सरमा ने 11 सांसदों के साथ किए रामलला के दर्शन

*नेहरू के बाद मोदी तीन बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं, कहीं हार तो कही जीत लगा रहता है : हिमंता*

एजेंसी

**अयोध्या।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंता बिस्वा सरमा ने 11 सांसदों के साथ शनिवार को रामलला के दर्शन किए। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने सभी का मंदिर में स्वागत किया। इसके पहले, महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचने पर डॉ. सरमा और 11 सांसदों का प्रदेश सरकार के मंत्री सतीश शर्मा और अयोध्या के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने उनका स्वागत किया।दर्शन-पूजन के बाद मुख्यमंत्री डॉ. सरमा ने पत्रकारों से कहा कि देश में लोकसभा की 543 सीटे हैं, कहीं हारेंगे कहीं जीतेंगे उसमें कोई इश्यू नहीं है। मोदी जी प्रधानमंत्री तो हो ही गए, मोदी जी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। इससे पहले पंडित नेहरू तीन बार प्रधानमंत्री बने थे और अब मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। मोदी चौथी बार भी प्रधानमंत्री बनेंगे।

